बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-246, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 18

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 2

## एक नजर

### दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था। अब एक बार फिर से समय दो दिनों के लिए परिवर्तित किया गया है।

### पूर्व विधायक के बंगले में चली गोली, एक की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार तड़के सिविल लाइन स्थित पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मौत हो गई। घटना में असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) राम कुमार दोहरे घायल हो गए उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष वर्मा पूर्व विधायक के पुत्र है। वह भी गोली चलने के समय सिविल लाइन बंगले में मौजूद थे। जहां पीड़ित जवान वीआईपी सुरक्षा में तैनात थे।

### उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

**काशीपुर।** उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग ने माह के एक दिन बच्चों को बस्ते से मुक्त रखने की योजना बनाई है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम से हटकर व्यावसायिक गतिविधियां, बैंकिंग और हस्तशिल्प हुनर का ज्ञान ले सकें।




बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- खुली जीप में पहली बार किसी पीएम और सीएम ने किया बरेली में रोड शो

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ रोड शो के दौरान लोगों से दिल से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। भगवा पोशाक में पहने प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए निकले, बगल में मौजूद सीएम विजयी मुद्रा में मुस्कुराहट के साथ लोगों की तरफ इशारा कर रहे थे।

शुक्रवार की शाम बरेली के लोगों के लिए यादगार बन गया। पहली बार ऐसा मौका रहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ रोड शो में शामिल हुए हो, भीड़ इतनी जुटी की रथ पर सवार पीएम और सीएम गदगद दिखे। लोग भी अपने बीच दोनों हस्तियों को पाकर बेहद खुश नजर आएं। हर कोई एक झलक पाने को बेताब था। बुर्जुग, युवा, महिला और बालकों में पीएम को देखने में होड़ लगी रही। खुली जीप कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पहले पहुंची गई। प्रधानमंत्री जब भगवा रथ पर सवार हुए तो उनके बगल में एक तरफ सीएम योगी आदित्य नाथ तो दूसरी तरफ बरेली लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी छत्रपाल मौजूद रहे। इनके पिछे सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह थे। करीब 12 सौ मीटर की दूरी के दौरान पीएम ने अपने आप को मौजूद भीड़ से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। टार्च नुमा कमल का निशान हाथ में लेकर रथ पर चल रहे थे।छत पर खड़े लोगों का अभिवादन और भीड़ के सामने करीब तीन झुक प्रणाम भी किया। बांके बिहारी मंदिर के गेट के सामने जब मोदी की नजर मंदिर की तरफ तो भगवान की मूर्ति देखते सामने हाथ जोड़कर सिर झुकाया तो भीड़ ने पूरी ताकत के साथ जयघोष किया। सीएम मौजूद के भीड़ को हाथ से विजयी मुद्र में इशारें कर रहे थे।

### संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोटे देने का अनुरोध किया। रोड शो के दौरान एक बार संतोष से मोदी की कानाफूसी भी हुई।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान

# उप्र में सबसे कम मतदान

**64.02%** अमरोहा **49.29%** मथुरा **58.70%** मेरठ **55.79%** बुलंदशहर **49.65%** गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। छिटपट घटनाओं को छोड़ दे तो कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।



बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी



बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

### अमरोहा में सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत हुई वोटिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

# वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज
## मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

### चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

# साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेंगे बोर्ड और शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी। हालांकि, इसे एक साल आगे बढ़ा दिया गया है।

# रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर बोलेरो पलटी, 4 की मौत

अमावां, रायबरेली

- मिल एरिया थाना क्षेत्र में हादसा, 3 घायल अस्पताल में उपचाराधीन

**अमृत विचार :** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार तड़के बरात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लालगंज थाना क्षेत्र के कटहरियन का पुरवा गांव से सर्वेश की बरात गुरुवार की शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हो गई। रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास तड़के साढ़े तीन बजे बोलेरो नैया नाला के पुल के पास पलट गई। बोलेरो में सवार 7 लोग घायल हो गए। हादसे में कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र बभन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस के मंसूबों पर वोट के माध्यम से पानी फेरना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से साझा बयान में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे।

योगी के मुताबिक, कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा, विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था।

# मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भाजपा उम्मीदवार पर रिश्वतखोरी का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा उम्मीदवार डॉ. के सुधाकर के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया गया है। चिक्काबल्लापुरा की फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) द्वारा कार्रवाई की ओर से यह कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि भाजपा उम्मीदवार के सुधारकर के खिलाफ रिश्वतखोरी और मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालने के साथ-साथ 4.8 करोड़ रुपये नकद जब्त करने का मामला दर्ज किया है। चिक्काबल्लापुरा के एफएसटी ने उनके पास नकद राशि को जब्त की है। निर्वाचन क्षेत्र की राज्य निगरानी टीम द्वारा मदनायकनहल्ली थाना में सुधाकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

**विज्ञान** इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था, वैज्ञानिकों को मिली सफलता

# चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था।

दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है। यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है।

नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया।

इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है।

16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।



चंद्रमा पर बना गड्ढा।

### नमूने जुटाएगा तियानवेन -2 मिशन कमोओलेवा

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एनइओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

# कार में आग से दो माह का बच्चा और मां की जलकर मौत

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

# शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी राजेश का नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



राजेश कश्यप



ज्योत्सना गौड़

- अब हरदोई की ज्योत्सना गौंड होंगी सपा प्रत्याशी

**अमृत विचारः** सपा (गठबंधन) के घोषित उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया और हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड सपा की अधिकृत उम्मीदवार हो गईं। सपा आलाकमान के आदेश पर ही ज्योत्सना का नामांकन कराया था।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौड़ का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

समाजवादी पार्टी ने ज्योत्सना गौंड के पक्ष में पत्र जारी कर दिया था कि वह सपा की अधिकृत प्रत्याशी हैं। जिसके बाद राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया। - **प्रवेंद्र कुमार**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/ सिटी मजिस्ट्रेट



# आईपीएल

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

www.amritvichar.com






## आज का मुकाबला

| | |
|---|---|
| दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस | राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स |
| दोपहर 3:30 बजे | शाम 7:30 बजे |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

# पंजाब को दिया 262 रनों का विशालकाय लक्ष्य

## कोलकाता नाइटराइडर्स के नारायण और साल्ट ने लगाए अर्धशतक, पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी






फिल साल्ट का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते सैम करन। ● अमृत विचार

**कोलकाता एजेंसी**

फिल सॉल्ट (75) और सुनील नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए रनों 262 का लक्ष्य दिया है।

आज यहां ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी चौके और छक्कों की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में राहुल चाहर ने सुनील नारायण को जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। सुनील ने 32 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 71 रन बनाये। 13वें ओवर में सैम करन ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट ने 37 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 12 गेंदों में (24), कप्तान श्रेयस अय्यर 10 गेंदों में (28) और रिंकू सिंह (5) रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर 23 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। वह आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। रमनदीप सिंह छह रन नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिये। सैम करन,राहुल चाहर और हर्ष पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

"खुशी है कि टीम का हर सदस्य अपनी भूमिका निभा रहा है। कोलकाता की टीम में स्टार्क की जगह चमीरा को शामिल किया गया है। स्टार्क को पिछले मैच में उंगली में चोट लग गई थी। टीम की कोशिश यही होगी कि जीत का यह मोमेंटम जारी रहे।
-श्रेयस अय्यर, कप्तान केकेआर

### कोलकाता 261/ 6 (20 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6/6 |
| सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9/4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3/2 |
| आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2/2 |
| श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1/3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 5 | 4 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 6 | 3 | 0/1 |

गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## खेल डायरी

### सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11–4, 11–6, 11–7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11–8, 11–2, 11–9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।



### सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

**नई दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465 .1 का स्कोर बनाया।

### नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।



### ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की



**ब्राजिलिया।** ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

### शुभंकर शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

# विश्व कप : दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

**शंघाई, एजेंसी**



- भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में
- प्रियांश पहुंचे सेमीफाइनल में पदक की दौड़ में शामिल

मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

# मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल



**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6–1, 6–0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6–2, 7–5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6–4, 6–3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

### गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6–1, 6–4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

# हर वो बल्ला है मेरे पास जिससे शतक जड़ा : पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रिकी बोले- मेरे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं, वो सब यादों से जुड़ा है

दो बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। पोंटिंग ने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही।

क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है।

# चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

# थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

**चेंगडू (चीन), एजेंसी**



भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीराराात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

## बॉलीवुड हलचल


### करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

### दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता–फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह–निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।



**तैयारी जीत की** | आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

# दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।



### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कॉन्वेंट स्कूल की तर्ज पर परिषदीय स्कूलों में होगी अभिभावक हेल्प डेस्क

## हेल्प डेस्क पर अभिभावकों को स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर अब परिषदीय स्कूलों में भी अभिभावक हेल्प डेस्क बनाई जाएगी इसमें अभिभावकों को स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों की शैक्षिक प्रगति भी बताई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसको प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। अप्रैल से जुलाई माह के बीच इसको स्कूलों में व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया है। जिले में 1925 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1.40 लाख के करीब विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

दरअसल सरकारी स्कूलों में योजनाओं के माध्यम से काफी परिवर्तन लाया जा चुका है लेकिन अब भी कुछ गतिविधियां हैं जो कॉन्वेंट से कम हैं। इसके कारण बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए अभिभावक निजी स्कूलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। वजह इनमें हर महीने मासिक टेस्ट होता है। अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों के बारे में बताया जाता है, जबकि परिषदीय विद्यालयों में यह व्यवस्था नहीं है।

अब परिषदीय विद्यालयों में हेल्प डेस्क बनाने की योजना तैयार हुई है। बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि हेल्प डेस्क से अभिभावकों को स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों की शैक्षिक प्रगति भी बताई जाएगी।

इस दौरान अभिभावकों की ओर से यदि कोई शिकायत मिलेगी तो उसका रिकार्ड सुरक्षित रखने के लिए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के बौद्धिक विकास में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए शासन स्तर से यह पहल की गई है। इसके बाद जिले में भी अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरुकता लाने के प्रयास ब्लॉक स्तर पर किए जा रहे हैं। सभी स्कूलों में हेल्प डेस्क बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

### सरकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी



हेल्प डेस्क से सरकारी योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार होगा। समग्र शिक्षा योजना, बेटी बचाओ, कन्या सुमंगला योजना आदि की जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही आउट ऑफ स्कूल बच्चों के बारे में भी अभिभावकों को बताया जाएगा। यही नहीं स्कूल में वापसी का प्रयास भी हेल्प डेस्क के माध्यम से होगा। अभिभावकों को यदि कोई शिकायत रहती है तो वह हेल्प डेस्क पर दर्ज करा सकते हैं, शिकायतों को रिकॉर्ड के रूप में सहेजा जाएगा। अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षिक स्थिति के बारे में भी जान सकेंगे।

## जल्द ही ड्रेस में नजर आएंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ हर साल दिए जाने वाले यूनिफार्म, स्वेटर, स्कूल-बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी के लिए दी जाने वाली डीबीटी की तैयारी भी विभाग ने समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

शिक्षक को हर छात्र-छात्रा की प्रोन्नति को सत्यापित करना होगा। प्रोन्नति के सत्यापन के समय छात्र-छात्राओं के विवरण, उनके अभिभावक के विवरण में कोई संशोधन अपेक्षित हो तो उसे भी संशोधित करके सत्यापित करें। नए प्रवेशित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के विवरण को भी प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत करें। बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने बाताया कि पोर्टल पर अपलोड डाटा को बीईओ सत्यापित करेंगे। अभिभावकों के आधार से जुड़े बैंक खाते और मोबाइल नंबर की भी जांच कर लें। जिन छात्रों के आधार नहीं बने है या उनके अपग्रेडेशन की जरूरत है उसे भी समय से पूरा कराएं।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** फैक्ट्री से काम करके वापस आते समय मैथा स्टेशन के पास भाऊपुर-खुर्जा लाईन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई स्टेशन से भेजे गए मेंमो की सूचना पर पहुचे चैकी इंचार्ज ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



शरद चंद्र।

जिला औरैया के थाना फफूंद के चिरियापुर के रहने वाले शरदचंद्र दुबे(50) शिवली कोतवाली के बेहटा गांव में अपने साढू नवनीत कुमार के यहां रहते थे। बेहटा से पनकी पाट्र्स बनाने वाली कंपनी में काम करने जाते थे। गुरुवार को शरदचंद्र दुबे फफूंद से घर वापस ट्रेन से आ रहे थे। रात तक बेहटा न पहुंचने पर साढू ने उनकी तलाश शुरू की। हालाकि उनका कोई पता नहीं चल पाया। शुक्रवार को डीएफसी की डाउन लाइन पर खंभा न 520/10-11 के बीच उनका शव पड़ा मिला। सूचना पर मैथा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। पत्नी प्रतिमा, पुत्र लखन, पुत्री लक्ष्मी, कीर्ति, बऊवा का रो रोकर बुरा हाल हो गया। चौकी इंचार्ज जितेंद्र तिवारी ने बताया कि शरदचंद्र अपने गांव चिरियापुर फफूंद से ट्रेन से लौट रहे थे। रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



मौके पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### ट्रेन से कटा युवक, नहीं हुई पहचान

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के अक्षयवट आश्रम के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मेमो सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित झींझक रेलवे स्टेशन के पास खंभा नंबर 1081/17- 19 के बीच में ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। मेमो सूचना पर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे चैकी इंचार्ज झींझक अनुज अवस्थी ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए मगर युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# 'संस्कृति को सशक्त बना रहा इग्नू'

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के अपर निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा एवं सहायक कुलसचिव डॉ निशिथ नागर ने शुक्रवार को अध्ययन केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किए गए अहम बदलाव में से एक साथ दो पाठ्यक्रमों को करने की अनुमति प्रदान करना जिससे विद्यार्थियों को एक समय में दो डिग्री में प्रवेश लेने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए विद्यार्थी चाहे तो एक संस्थागत जबकि दूसरी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकते हैं। अथवा दोनों डिग्री दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकते हैं। इग्नू भारतीय संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए तमाम ऐसे कोर्स जैसे ज्योतिष में एमए, वैदिक गणित में एमए, हिंदू स्टडी में एमए, संस्कृत में एमए, पर्यावरण तथा पत्रकारिता से संबंधित अनेक कोर्स संचालित हैं। इसी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र सेवा देने एवम रोजगार के अवसर के लिए नर्सिंग में स्नातक के अलावा अनेक डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कोर्स संचालित है इसी तरह स्नातक स्तर पर बहु विषयक स्नातक डिग्री प्रोग्राम, 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, स्नातक ऑनर्स डिग्री प्रोग्राम, बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ,बैचलर ऑफ कंप्यूटर साइंस, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, बैचलर ऑफ बायोकेमेस्ट्री, बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड डिजिटल मीडिया ,बैचलर ऑफ टूरिज्म, बैचलर ऑफ सोशल वर्क सहित अनेक ऐसे कोर्स हैं। जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध उपलब्ध कराता है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक श्री प्रकाश द्विवेदी, प्राचार्य प्रोआर पी चतुर्वेदी, पूर्व प्राचार्य प्रो मुकेश चंद्र द्विवेदी ,प्रोफेसर सविता गुप्ता, इग्नू समन्वयक डॉ पर्वत सिंह ,डॉ हरीश कुमार सिंह, डॉ के के सिंह, डॉ रमणीक श्रीवास्तव, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अंशुमन उपाध्याय, डॉ इदरीस खान, डॉ शिव नारायण यादव, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



जानकारी देते निदेशक। अमृत विचार

## परिषदीय स्कूलों के समय में एक दिन के लिए हुआ बदलाव

**कानपुर देहात।** सरकार ने परिषदीय स्कूलों के समय में एक बार फिर बदलाव किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक सिर्फ दो दिन (27 व 28 अप्रैल) के लिए छुट्टी का समय 11:30 बजे किया गया है। वैसे 27 अप्रैल को शनिवार है। और 28 अप्रैल को रविवार की छुट्टी पड़ रही है। सिर्फ एक दिन के लिए बदलाव किया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सोमवार 29 अप्रैल से परिषदीय स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। हाल ही में शासन ने परिषदीय स्कूलों के समय में सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 का बदलाव किया था। उसके बाद 27 और 28 अप्रैल को सिर्फ दो दिनों के लिए स्कूलों में 11:30 बजे छुट्टी करने का आदेश जारी किया गया है। शनिवार 27 अप्रैल को एक दिन के लिए समय में आंशिक बदलाव किया गया है।

# बेटी की शादी के पहले पिता ने लगाई फांसी

संवाददाता मंगलपुर

### बेटी के हाथ पीले न कर सका पिता

- जान देने वाले अखिलेश की बेटी की शादी 30 अप्रैल को थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। अचानक हुई इस घटना से मातम छा गया। पत्नी सुमन यह कह कर रोती रही अब बेटी के हाथ पीले कौन करेगा।

**अमृत विचार।** बेटी की शादी के चार दिन पहले पिता ने संदिग्ध हालात में गांव के बाहर नीम के पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि आत्महत्या करने का कोई ठोस कारण पता नहीं चल सका है।



अखिलेश कुमार।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के गौरी मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव निवासी अखिलेश कुमार संखवार (40) मजदूरी करके जीवनयापन करता था। उसकी उसकी बेटी की शादी 30 अप्रैल को होने वाली थी। घर में बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थी। गुरूवार देर रात गांव के बाहर पुष्पेन्द्र सिंह के खेत में खड़े नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे से अखिलेश का शव लटकता हुआ मिला। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने अखिलेश का शव लटकता हुआ देखा तो उन्होने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनो में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेसिक टीम को बुला कर साक्ष्य संकलन करवाया। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मौत का करण स्पष्ट नहीं हो सका पीएम रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**कानपुर दोहत।** रसूलाबाद क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हुए , दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने हैलट रेफर कर दिया । कस्बा के रहीम नगर निवासी उमेश के बेटा हिमांशु 14 को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया । इसी प्रकार शास्त्री नगर निवासी राजू 32 भी सड़क हादसे मे गंभीर रूप से घायल हो गया । परिजन सीएचसी ले गये वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया ।

### सर्पदंश से दो किसानों की हालत बिगड़ी

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र के अलग-अलग गांव में सर्प के डसने से दो किसानों की हालत बिगड़ गई ,परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया। भैसायां गांव निवासी हरदेव सिंह (30) खेत में काम कर रहा था इसी दौरान जहरीले सर्प ने डस लिया हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया । वहीं अंकित कुमार 22 को भी जहरीले सर्प ने डस लिया हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डा. बृजेश कुमार ने भर्ती कर इलाज किया ।

### मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध समेत तीन लोग घायल

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद क्षेत्र अलग-अलग गांव में मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसमें वृद्ध की हालत चिंताजनक देखते हुए सीएचसी से हैलट रेफर कर दिया गया। कछवाहेन निवादा निवासी रामस्वरूप खेत में गेहूं की कटाई करा रहे थे इसी दौरान मंदिर के पास पीपल के पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ता से किसी ने छेड़छाड़ कर दी । जिससे मधुमक्खियां ने हमला कर राम सुमन को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया । जबकि गांव के ही विनोद कुमार के बेटे गगन पाल 19 को भी घर जाते समय मधुमक्खियों ने हमला कर जख्मी कर दिया । दोनों को परिजन सीएचसी ले गए वह ईएमओ डा. बृजेश कुमार ने इलाज के बाद रामसुमन की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया । जबकि मेघजाल गांव निवासी सौरभ 20 पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया । परिजन सीएचसी ले गये वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया ।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, सात घायल

**कानुपर देहात।** रसूलाबाद के धर्मूपुर गांव में नींव खोदने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें 7 लोग घायल हो गए। इनमें तीन के ज्यादा चोटें आई हैं। जिनका सीएचसी में उपचार किया गया है दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। धर्मूपुर निवासी नितिन ने बताया कि पड़ोसी रामविलास और उनके पुत्र संदीप जबरन उनकी भूमि पर नींव खोदने लगे। इसका उसने विरोध किया तो वह लोग मारपीट करने लगे। जिससे वह और पिता राजेंद्र घायल हो गये। प्रतिपक्षी रामविलास ने पुलिस को बताया कि नितिन उनकी जमीन में अपना कब्जा बता रहा था। इसको लेकर हुए विवाद में उन लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। इस मामले में नितिन ने रामविलास व उनके पुत्र संदीप के विरुद्ध और रामविलास में राजेंद्र ,उनके पुत्र नितिन व उनकी पत्नी रामसखी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया के मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर जली पड़ी फसल। अमृत विचार

### भूसा भरने वाली मशीन से लगी आग, तीन बीघा फसल राख

संवाददाता रूरा,अमृत विचार। क्षेत्र के दौलतपुर गांव में भूसा भरने की मशीन से निकली चिंगारी से लगभग तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। गांव वालों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बढ़ने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। रूरा थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सुरेश गांव में तीन बीघा खेत है। जिसमें गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। शुक्रवार की दोपहर में पास के ही खेत में रेफर मशीन से भूसा भरा जा रहा था। इतने में मशीन के अंदर शार्टशर्किट होने के कारण निकली चिंगारी से आग लग गई। आग लगते ही मशीन का ड्राइवर खेत से मशीन लेकर किसी तरह निकला। हवा तेज होने से आग तेजी से बढ़ने लगी। जिससे सुरेश के करीब तीन बीघे के गेहूं व भूसा आग में राख हो गए। इधर आग लगने के बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाया। तहसीलदार मैथा प्रिया सिंह ने बताया की लेखपाल को मौके पर भेजा गया है और हुए नुकसान की रिपोर्ट मांगी गयी है।

# बलवंत हत्याकांड में अब नौ मई को सुनवाई

- सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही

**कानपुर देहात।** बलवंत हत्याकांड मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 9 मई की तिथि नियत की है।

शिवली के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज उनके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को अदालत की पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हुई है। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 9 मई की तिथि नियत की है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में मिली सफलता

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा में संविलियन विद्यालय बिगाही के दो छात्रों ने सफलता प्राप्त की। इसपर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया।

जनपद में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित आयोजित की गई जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा में संविलियन विद्यालय बिगाही के कक्षा आठ के छात्र सिद्धांत सिंह ने सफलता प्राप्त कर जिला में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्रा तुलसा देवी ने 25 वां स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर शुक्रवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने दोनों छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । शिक्षिका पुनीता पालीवाल ने बताया कि छात्रा तुलसा देवी ने इसके पहले नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस मौके पर शिक्षक, ज्योति, सतीश चन्द्र,मोनिका, सुमन, अनुराधा, विजय उपस्थित रहे।



छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित करतीं अध्यापिका। अमृत विचार

## पीठासीन अधिकारी अवकाश पर, नहीं हो सकी सुनवाई

**कानपुर देहात ।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को अदालत के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने से सुनवाई टल गई। अब 7 मई को सुनवाई होगी।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने हमला कर दिया था। घटना में आठ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी है।

**समस्या** सफाई न होने से क्षेत्रीय लोगों में रोष, नगर पंचायत पर लगाया लापरवाही का आरोप

# अभियान को चिढ़ा रहा पटेल नगर का नाला

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की अनदेखी के चलते राजपुर कस्बे में सफाई व्यवस्था बदहाल है। नाले-नालियां गंदगी से पटे पड़े हैं। हालत यह है कि नगर पंचायत में नाला सफाई को लेकर की गई लापरवाही का आम लोगों को सामना करना पड़ रहा है। इससे नालों के पानी की निकासी न होने से वे बरसात होते ही उफनाने लगते हैं। गंदगी के कारण मच्छरों की भी गंभीर समस्या बनी हुई है। इससे लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

वहीं शासन द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोग अभियान में साफ सफाई कराने की शख्स हिदायत दी जा रही है। इसके बावजूद सफाई कर्मी अनदेखा कर रहे हैं। जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ रहा। राजपुर कस्बे के वार्ड नंबर एक पटेल नगर में एक महीने से सड़क किनारे नाले की सफाई नही की गई है ऐसे में कूड़े से नाला पट गया है कूड़े की सडांध से मोहल्ले के लोग परेशान है स नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।

महीनों से नाले की साफ-सफाई नहीं होने से मच्छर भी बढ़ गए हैं। बदबू और गंदगी से लोग परेशान हैं। मोहल्ले के निवासी राजन सिंह, मुन्ना, कल्लू, देवेन्द्र सिंह, लल्लन, सोनू ने बताया कि नाले की सफाई न होने से घरों का पानी सड़क पर वह रहा है तथा कूड़ादान भरने के बावजूद सफाई नहीं की जा रही है जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।

नागरिकों ने बताया कि 3 वर्ष पहले नाला निर्माण कराया गया था नाले में पटिया न डालने से छोटे बच्चों और पशु आये दिन नाले में गिरकर चोटिल हो रहे हैं इससे बच्चों को स्कूल भेजने में काफी परेशानी हो रही है। कई बार नगर पंचायत में नाला सफाई की लिए शिकायती पत्र दिया गया उसके वावजूद सफाई नही कराई गई है जिससे मोहल्ले के लोग परेशान है।




कीचड़ व गंदगी से भरी पड़ी नाली। अमृत विचार

- आरोप लगाया नगर पंचायत ने नाला सफाई करवाने में की लापरवाही

> नाला चोक होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है। जल्द सफाई कर्मचारियों की टीम भेजकर नाला सफाई कराई जायेगी
>
> **नीति त्रिपाठी, ईओ**

# अनियंत्रित होकर खड्ड में पलटा ट्रक, चालक बचा



खाई में पलटा पड़ा ट्रक। अमृत विचार

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के झींझक मंगलपुर मार्ग पर बीती रात राशन लदा एक बेकाबू ट्रक गहरी खंदक में जा गिरा। गनीमत रही कि चालक-परिचालक ने कूदकर जान बचा ली। घायल होने पर पास के अस्पताल में उपचार दिया गया है।

बीती रात रसूलाबाद की तरफ से सरकारी राशन लदा एक ट्रक सिकंदरा की ओर जा रहा था। तभी झींझक मंगलपुर मार्ग पर सुरासी गांव के समीप अचानक ट्रक बेकाबू हो गया और गहरी खंदक में जा कर पलट गया। जिससे ट्रक के क्षतिग्रस्त होने के साथ राशन की बोरियां खंदक में बिखर गई। चालक परिचालक ने कूद कर जान बचा ली। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि राशन लदा ट्रक खंदक में पलट गया था।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी लाखन ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिये पुखरायां में भर्ती कराया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

○ दोनों देशों के वैज्ञानिक विवि की शैक्षणिक गतिविधियां परखेंगे ○ सीएसए विवि और रूस के कृषि संस्थान के बीच हुआ समझौता

# रूस के वैज्ञानिक सीएसए के शोध में करेंगे सहायता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व बोटैनिकल गार्डन परिषद रूस के अध्यक्ष डॉ यूरी प्लूगतर हस्ताक्षर करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रूस के वैज्ञानिक चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर (सीएसए) में आकर शोध और शैक्षणिक कार्य को बेहतर करने पर सहयोग करेंगे। इसके लिए दोनो देशों के वैज्ञानिक और छात्र एक दूसरे के संस्थानों में जाकर शैक्षणिक गतिविधियां परखेंगे। दो चरणों में होने वाले इस शैक्षणिक सहयोग के लिए शुक्रवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

सीएसए कानपुर और रूस के हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा के बीच यह समझौता हुआ है। समझौता सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह व बोटैनिकल गार्डन परिषद रूस के अध्यक्ष डॉ यूरी प्लूगतर के बीच साइन हुआ। सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि सीएसए और हॉर्टिकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट याल्टा के बीच सहयोग का उद्देश्य अकादमिक तथा शोध विषयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को पारंगत करना है। पहले चरण में यहां के शिक्षक रूस स्थित उद्यान संस्थान की शिक्षण व शोध गतिविधियों को सीखेंगे।

इसके बाद रूस के वैज्ञानिक सीएसए आकर शिक्षण एवं शोध गतिविधियों सीखेंगे। दूसरे चरण में एमएससी व पीएचडी के छात्र एवं छात्राएं रूस स्थित इंस्टीट्यूट जाकर वहां शिक्षण,शोध और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभा कर सकेंगे तथा रूस के विद्यार्थी सीएसए आकर विश्वविद्यालय में शिक्षण, शोध तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान रूस के उपनिदेशक वैश्विक सांस्थानिक गतिविधियां उच्च शिक्षा एवं वैश्विक मंत्रालय डॉ सर्गी खोखलोव व कृषि काउंसलर एंबेसी ऑफ रशियन फेडरेशन इन रिपब्लिक ऑफ इंडिया डॉ कांस्टेंटिन ए मालासेन कोव मौजूद रहे।

## अल्कोहल के लिए शर्करा संस्थान में होगा शोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


एमओयू साइन होने पर संस्थान के निदेशक प्रो . डी . स्वाईन व जैव रसायन विभाग प्रमुख प्रो . डॉ सीमा परोहा और एडवांटा सीड्स, हैदराबाद के तकनीकी सलाहकार डॉ विलास टोनापी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अल्कोहल बनाने के लिए स्वीट सोरगम और ग्रेन सोरगम के प्रयोग के लिए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में शोध होगा। इसके लिए हैदराबाद की एक निजी कंपनी एडवांटा सीड्स, के साथ संस्थान का एमओयू हुआ है। एमओयू के तहत एथनॉल की मात्रा को भी बढ़ाए जाने पर सहमति बनी है।

शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. डी. स्वाईन, व जैव रसायन विभाग प्रमुख, प्रो. डॉ सीमा परोहा और एडवांटा सीड्स, हैदराबाद के तकनीकी सलाहकार डॉ विलास टोनापी ने एमओयू में हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत विविध अनाजों से अल्कोहल बनाने के लिए विकल्प के रूप में स्वीट सोरगम 'ज्वार' और ग्रेन सोरगम के प्रयोग पर अध्ययन किया जाएगा। शर्करा संस्थान के फॉर्म में स्वीट सोरगम का उत्पादन होगा। स्वीट सोरगम और ग्रेन सोरगम के रस से जैव एथेनॉल उत्पादन की क्षमता का अध्ययन करना भी शामिल होगा। इस अनुसंधान में ग्रेन सोरगम का बीयर उत्पादन की क्षमता के लिए भी अध्ययन किया जाएगा। यह एमओयू भविष्य के लिए एक स्थायी जैव ईंधन की दिशा में विकल्प के रूप में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। पेट्रोल में एथेनॉल के 20 फीसदी मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

● हैदराबाद की कंपनी के साथ हुआ संस्थान का एमओयू

# आईआईटी ने ई मास्टर बैच की शुरुआत की

नई पहल

▸▸ डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स में उद्योग की जरूरतों को करेगा पूरा

▸▸ 30 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, जुलाई में शुरू होगा डिग्री कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स में ईमास्टर डिग्री प्रोग्राम के बैच की शुरुआत की जा रही है। इसके लिए आवेदन 30 अप्रैल से शुरू होने जा रहे हैं। जुलाई से बैच की शुरुआत होगी। यह डिग्री प्रोग्राम व्यावसायिक क्षेत्र में अनुप्रयोगों के साथ डेटा विज्ञान उपकरणों और तकनीकों पर आधारित एक पाठ्यक्रम है।

आईआईटी कानपुर में डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स में ईमास्टर्स डिग्री प्रोग्राम के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

इस संबंध में प्रोग्राम कोआर्डिनेटर प्रो. विपिन बी ने बताया कि ईमास्टर्स प्रोग्राम डेटा-संचालित व्यावसायिक दुनिया के लिए ज्ञान और कौशल वाले पेशेवरों को तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि प्रबंधन विज्ञान विभाग की ओर से डिज़ाइन किया गया यह डिग्री प्रोग्राम 1 से 3 साल का होगा। उन्होंने बताया कि ईमास्टर्स डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश के लिए गेट स्कोर की जरूरत नहीं होती है। ई-मास्टर्स डिग्री का 60-क्रेडिट, 12-मॉड्यूल पाठ्यक्रम उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

# निजी कंपनी के जीएम की संदिग्ध दशा में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● परिजनों ने जताई जहर की आशंका

● कार चालक कहने पर ले गया था अस्पताल

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक कंपनी के जनरल मैनेजर की हालत बिगड़ गई। कार का ड्राइवर उन्हें प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा से जहां से कार्डियोलॉजी रेफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

गोविंद नगर थानाक्षेत्र के यू ब्लॉक निराला नगर रोहिणा श्रीधाम अपार्टमेंट के निवासी 45 वर्षीय सारंग जैन एस एम शक्ति इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जनरल मैनेजर थे। उनके भाई शालीन ने बताया कि वह रात में ड्राइवर के साथ कहीं गए थे, वहां क्या हुआ उन लोगों को नहीं पता है। ड्राइवर इतना ही बता पाया कि सारंग जैन ने अचानक तबियत बिगड़ने की बात बताते हुए अस्पताल ले चलने को कहा था। उन्हें पहले दो निजी अस्पतालों में ले गए, इसके बाद कार्डियोलॉजी पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी गुंजन और बेटे नक्श का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप था कि उन्हें पॉइजनिंग का मामला लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फांसी पर लटका मिला कारोबारी की पत्नी का शव

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी की पत्नी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव फंदे पर लटकता मिला।

सनिगवां भाभा नगर निवासी स्क्रैप कारोबारी अजय तिवारी के परिवार में पत्नी 35 वर्षीय स्वाती और दो बच्चे हैं। अजय ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटे तो पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। साथ ही दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो देखा कि स्वाती का शव पंखे से लटक रहा था। परिजनों के अनुसार स्वाती को छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाता था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं दाखिल हो सकी लिखित बहस, अब 29 को सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आगजनी मामले में आरोपी हैं सपा विधायक इरफान सोलंकी

● सपा विधायक वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये जुड़े



**अमृत विचार।** आगजनी मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी के अधिवक्ता की ओर शुक्रवार को लिखित बहस दाखिल नहीं हो सकी। बचाव पक्ष अधिवक्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने 29 अप्रैल को सुनवाई की तिथि निर्धारित की।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी करने के मामले आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य आरोपियों की शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष को लिखित बहस दाखिल करने के आदेश दिए थे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कोर्ट में दलील देते हुए बताया कि लिखित बहस तैयार नहीं हो सकी है। मामले के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद नकवी शहर से बाहर हैं। बचाव पक्ष ने अगली तिथि निर्धारित करने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया। वहीं डीजीसी दिलीप अवस्थी ने प्रार्थना पत्र का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अभियोजन लिखित बहस दाखिल करने के लिए तैयार है, लेकिन बचाव पक्ष बार-बार सुनवाई टालने का प्रयास कर रहा है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने बचाव पक्ष को लिखित बहस दाखिल करने के लिए 29 अप्रैल की तिथि निर्धारित की। इरफान सोलंकी व रिजवान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में जुड़े।

## सार-संक्षेप


सपा कार्यालय में बैठक करते शिवकुमार बेरिया। अमृत विचार

### सपा सरकार में बही विकास की गंगा: बेरिया

**कानुपर देहात।** रसूलाबाद सपा मुखिया अखिलेश यादव के कार्यकाल में रसूलाबाद व उसके आसपास का जितना विकास हुआ उतना किसी की सरकार में नहीं हुआ। मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक ने जनता को केवल आश्वासन दिया है कोई विकास कार्य नहीं कराया है। यह बात पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया ने शुक्रवार को यहां कार्यकर्ताओं के साथ अखिलेश यादव के शनिवार रसूलाबाद आगमन की तैयारी के चलते की गई बैठक में कहीं। उन्होंने बताया की पार्टी मुखिया मरहमताबाद हवाई पट्टी पर हेलीकॉप्टर से आएंगे और वहां से निजी प्रचार गाड़ी से बन्नापुर, कहिंजरी, पहाड़ीपुर होते हुए रसूलाबाद आएंगे। यहां से वह उसरी ,बिलहा, सिठउमताना ,बेला होते हुए तिर्वा चले जाएंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश यादव,आलोक रतन यादव, आलोक बाजपेई, अभय यादव सोनू, कुलदीप यादव प्रेमी, उत्पल सौरभ, शिव सिंह, प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष बबलू राजा, नीलम कठेरिया, राजेंद्र बहादुर राजपूत रसूलाबाद विधानसभा अध्यक्ष, धीरज यादव मौजूद रहे।

### बिकरू कांड: रिचा दुबे मामले की सुनवाई अब 24 मई को

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे पर दूसरे की आईडी से लिए गए सिम का प्रयोग करने का मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को रिचा दुबे के कोर्ट उपस्थित न होने पर बचाव पक्ष ने हाजरी माफी दी। अब कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 24 मई की तिथि निर्धारित की है। चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे सहित सात आरोपियों पर दूसरे की आईडी से लिए गए सिमकार्ड का प्रयोग करने का मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई सीजेएम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की अदालत में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सी पी शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को रिचा दुबे के कोर्ट उपस्तिथि न होने पर हाजिरी माफीनामा कोर्ट में दिया गया। अब कोर्ट ने मामले की सुनवाई को 24 मई की तिथि नियत की है।

### रकम वापस मांगने पर महिला को धमकी, रिपोर्ट

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र के सिविल लाइन में रहने वाली सायरा बानो ने पुलिस को बताया कि व्यापार के लिए परेड निवासी राम नारायण को एक लाख पैंसठ हजार रुपये 2022 में उधार दिये थे। जब वह रुपये वापस मांगने उनके घर गई तो आरोपी ने पत्नी अनीता, बहु अदिति, बेटे शनि के साथ मिलकर जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। जान से मारने की धमकी दी। ग्वालटोली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चुनाव बाद शुरू होगी प्रयोगशाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बगदौधी कछार गांव में लैब तैयार हो रही। अमृत विचार

● परगही कछार गांव में किया गया है निर्माण

● प्रदेश के 12 मंडल मुख्यालयों में बन रहीं प्रयोगशालाएं

**अमृत विचार।** खाद्य पदार्थों में तेजी से बढ़ते मिलावट के मामलों को रोकने के लिए 12 मंडल मुख्यालयों पर चुनाव बाद प्रयोगशालाओं में जांच शुरू करने की तैयारी है। कानपुर के कल्याणपुर ब्लाक के परगही कछार- बगदौधी कछार गांव की 41 हेक्टेयर भूमि पर भी लैब का निर्माण पूरा हो गया है। जब सभी मंडल मुख्यालयों पर लैब चालू होंगी तो जांच रिपोर्ट भी जल्दी आएगी। अभी सिर्फ छह मुख्यालयों पर ही लैब हैं और वहां पर पूरे प्रदेश से नमूने जांच को जाते हैं। इससे समय से जांच रिपोर्ट नहीं आ पाती है।

लखनऊ, आगरा, मेरठ, झांसी, वाराणसी और गोरखपुर में लैब बनी हुई हैं। वहां पूरे प्रदेश के नमूनों की जांच होती है। इस वजह से समय से जांच का कार्य समय से पूरा नहीं हो पाता है। यही वजह है कि 2021 में 12 मंडल मुख्यालयों पर लैब बनाने का निर्णय लिया गया और फिर काम भी शुरू कराया गया। परगही कछार व बगदौधी कछार गांव की 41 हेक्टेयर भूमि पर यह लैब बनाई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने लैब के निर्माण की जिम्मेदारी यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन ( यूपी सिडको ) को दी थी। भवन बनने के बाद अब उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। हस्तांतरण से पूर्व भवन की थर्ड पार्टी से जांच होगी।

अगर कानपुर में ही मिलावट की बात करें तो हर साल करीब दो सौ नमूने मानक के विपरीत मिलते हैं जिनमें मिलावट पायी जाती है। इसमें डेढ़ से दो दर्जन नमूने असुरक्षित श्रेणी के होते हैं।

# नौ साल में बांटीं गईं 14 लाख भोजन थालियां

● भोजन सेवा प्रकल्प राम रोटी ने मनाई नौवीं वर्षगांठ

● मरीज और तीमारदार पाते हैं मुफ्त में भोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कैंसर अस्पताल में भोजन थाली बांटते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में समन्वय सेवा समिति द्वारा निशुल्क भोजनालय राम रोटी का संचालन किया जा रहा है। राम रोटी के नौ वर्ष पूरे होने पर समिति ने शुक्रवार को संस्थान में वर्षगांठ मनाई। समिति नौ साल मं् साढ़े 14 लाख भोजन की थालियां निशुल्क वितरित कर चुकी है।

कार्यक्रम का उद्घाटन कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद ने किया। समिति के महामंत्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता' गोल्डी मसाले ने पूज्य स्वामी व स्व.संतोष कुमार अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया। बताया कि वर्ष 2015 में 29 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरिजी महाराज, पूर्व महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरिजी व स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की उपस्थिति में भोजनालय की शुरुआत तत्कालीन समिति संयोजक स्मृतिशेष स्व. संतोष कुमार अग्रवाल ने की थी, जिसके अब नौ साल पूरे हो गए है। वर्तमान संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि यहां मरीजों को भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जी, एक फल व मिठाई दोनों समय परोसी जाती है। निशुल्क मिलने वाले भोजन का सेवन तीमारदार भी करते हैं। सह संयोजक मनोज सेंगर ने बताया कि मरीजों को उनकी आवश्यकतानुसार दूध, दही, दलिया, मट्ठा, सत्तू आदि भी दिया जाता है। इस दौरान सुबोध अग्रवाल, अरविंद मित्तल, नरपत जैन, माधवी सेंगर, समिति में प्रहलाद दास गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, हार किशन चोखानी, सत्यनारायण नेवटिया, मनीष अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

विकास की ओर | निर्माण के लिए चयनित कंपनी को आचार संहिता खत्म होते ही शुरू करना है काम

# स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीटयूट का भवन बनेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


इंस्टीट्यूट का प्रस्तावित मॉडल।

● अभी मैसूर में ही है यह संस्थान, अब सुरार गांव में होनी है स्थापना

**अमृत विचार।** देश के दूसरे ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग की स्थापना के लिए भवन का निर्माण जून में शुरू हो जाएगा। निर्माण के लिए चिह्नित कार्यदायी एजेंसी की टीम ने मौके का मुआयना कर लिया है। अब आचार संहिता खत्म होते ही वहां काम शुरू हो जाएगा। इस संस्थान के बन जाने से मूक- बधिर दिव्यांगों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी।

अभी कर्नाटक के मैसूर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीट्यूट है। जहां शिक्षा के साथ ही दिव्यांगों के इलाज और प्रशिक्षण की व्यवस्था है। दूसरा कानपुर के सुरार गांव में बनना है, जिसकी आधारशिला जनवरी में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने वर्चुअल रखी थी। स्थापना के लिए मंत्रालय ने 180 करोड़ रुपये भी मंजूर किए थे। आचार संहिता लगने के कारण कंपनी वहां काम नहीं शुरू कर सकी। कंपनी के अधिकारी व इंजीनियर्स ने पिछले दिनों सुरार गांव पहुंचकर मौके का मुआयना किया। निर्माण को लेकर रूपरेखा तैयार की। संस्थान बनने से दिव्यांगों को काफी राहत मिलेगी। यहां छात्रों का इलाज भी हो सकेगा।

### संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स व होगी पीएचडी

- संस्थान में कई डिग्री, डिप्लोमा कोर्स के साथ ही पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। यहां ऑडियोलॉजी, स्पीच–लैंग्वेज पैथोलॉजी में पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। फॉरेंसिक स्पीच साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में पीजी डिप्लोमा, न्यूरो ऑडियोलॉजी में पीजी डिप्लोमा, क्लीनिकल भाषा विज्ञान में पीजी डिप्लोमा , बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी , डिप्लोमा इन हियरिंग, लैंग्वेज एंड स्पीच, डिप्लोमा इन हियरिंग एंड एंड ईयर मोल्ड टेक्नोलॉजी, ऑगमेंटेटिव एंड अल्टरनेटिव कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा इन हियरिंग ऐड एंड ईयर मोल्ड टेक्नोलॉजी, एमएससी ( ऑडियोलॉजी), एमएससी ( भाषण – भाषा विकृति विज्ञान) की पढ़ाई होगी।

# बच्चे से कुकर्म का प्रयास विरोध पर पिता को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कल्याणपुर थानाक्षेत्र की घटना, सात पर छेड़छाड़ व पॉक्सो में रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में गेंद उठाने गए बच्चे से मजदूर ने कुकर्म का प्रयास किया। शिकायत करने पर मजदूर और मकान मालिक ने मां से अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। पुलिस ने पड़ोसियों का विवाद बताकर चलता कर दिया। गुरुवार को मकान मालिक ने मजदूरों के साथ मिलकर बच्चे के पिता को पीटा, साथ ही मां से मारपीट कर छेड़छाड़ की। इस घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

कल्याणपुर निवासी महिला ने बताया कि 21 अप्रैल की शाम उनका नौ वर्षीय बेटा पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान से गेंद उठाने गया था। वहां मजदूर बजरंगी ने बेटे से कुकर्म का प्रयास किया। बेटे ने घर आकर बताया तो मां शिकायत करने मकान मालिक जगपाल सिंह के घर पहुंची। मकान मालिक ने अभद्रता की। कल्याणपुर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इसके बाद बजरंगी ने मकान मालिक जगपाल सिंह, विजय कुमार उनकी पत्नी, आनन्द कुमार और दो अन्य लोगों ने दंपति और बच्चे को पीट दिया। मां के कपड़े फाड़ दिए। थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह का कहना है कि कुकर्म के प्रयास की घटना होने के चलते मेडिकल नहीं कराया गया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# भाजपा का दो बार बसपा से हुआ मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- 2014 में अफजल तो 2019 में सुखदेव वर्मा रनर रहे
- बसपा का मत प्रतिशत बढ़ा पर जीत भाजपा को मिली

**अमृत विचार।** इसे महज़ इत्तेफाक कहें या फिर संयोग कि भाजपा नेत्री एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का हर चुनाव में बसपा से ही मुकाबला हुआ है। फिर चाहे वह हमीरपुर सीट से विधानसभा का परिणाम रहा हो या फिर पिछले दो बार से फतेहपुर संसदीय सीट के नतीजे ही क्यों न रहे हों।

बीते लोकसभा चुनाव 2019 में जब भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुर से मैदान में रही हैं तो सपा-बसपा के बीच हुए गठबंधन में ये सीट बसपा (बहुजन समाज पार्टी) के खाते में गई थी और बसपा के चुनाव चिह्न पर दिवंगत बसपा नेता सुखदेव प्रसाद वर्मा ने रनर का मुकाम हासिल किया था। परिणाम के आधार पर बात करें तो भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने सर्वाधिक 566040 (54.2 प्रतिशत) वोट पाकर जीत हासिल की थी जबकि रनर के रूप में बसपा प्रत्याशी सुखदेव प्रसाद वर्मा को 367835 (35.2 प्रतिशत) वोट पर ही संतोष करना पड़ा था। वहीं यदि लोकसभा चुनाव 2014 की बात करें, तो भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को सर्वाधिक 485994 (46 प्रतिशत) वोट मिले थे और जिले से सांसद बनकर संसद भवन का रुख किया था। इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी अफजल सिद्दीकी को 298788 (28.3 प्रतिशत) पर संतोष करना पड़ा था।

आंकड़ों से साफ़ है कि किस तरह से भाजपा नेत्री साध्वी निरंजन ज्योति का चुनावी मुकाबला हमेशा ही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों से होता रहा है। चाहे वो हमीरपुर में विधानसभा के चुनावों में दिखाई दिया हो या फिर फतेहपुर में बीते संसदीय चुनाव में रहा हो। अब देखना यह होगा कि इस लोकसभा चुनाव में किसके बीच मुकाबला होगा।

**पिछले लोकसभा चुनावों का हाल**

### हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भी रहा यही संयोग

- विधानसभा चुनाव 2002 में हमीरपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को बसपा उम्मीदवार शिवचरण ने शिकस्त दी थी। परिणाम के अनुसार बसपा उम्मीदवार शिवचरण को सर्वाधिक 41636 (36.6 प्रतिशत) वोट देकर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों ने विधायक बनाया था जबकि भाजपा उम्मीदवार रहीं साध्वी निरंजन ज्योति को 32674 (28.8 प्रतिशत) मत पाकर रनर बनना पड़ा था। इसके बाद 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में हमीरपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अशोक सिंह चंदेल ने सर्वाधिक 43672 (36 प्रतिशत) वोट पाकर विधायक बने थे, जबकि बसपा उम्मीदवार शिवचरण प्रजापति ने 36576 (30.2 प्रतिशत) वोट पाकर दूसरा स्थान तो भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को 25164 (20.8 प्रतिशत) वोट पाकर तीसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा था। अर्थात बसपा का साथ यहां भी भाजपा प्रत्याशी के इर्द-गिर्द दिखाई दिया है। इसी क्रम में 2012 के विधानसभा चुनाव में इसी हमीरपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने सर्वाधिक 63762 (27.6 प्रतिशत) वोट पाकर जीत हासिल की जबकि रनर के रूप में बसपा प्रत्याशी फ़तेह मोहम्मद खान को 55938 (24.2 प्रतिशत) वोट पाकर संतोष करना पड़ा, यहां भी देखा जाए तो बसपा ही निकटतम प्रतिद्वंदी पार्टी रही है।

## बाइक की टक्कर से गिरे युवक को रौंद गए वाहन

**औंग।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर औग थाना क्षेत्र में हाजीपुर मोड़ के पास पैदल सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। युवक हाईवे पर गिर पड़ा तो पीछे से कई वाहन युवक को रौंदते निकल गए। कानपुर नगर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल निवासी फिरोज खान आतिशबाजी का काम करता था। गुरुवार शाम घर से गांव के ही अर्जुन सिंह परिहार के साथ क्षेत्र में एक शादी में आतिशबाजी छुड़ाने गया था। शादी के बाद फिरोज औंग क्षेत्र आ गया। सुबह पांच बजे हाजीपुर मोड़ के पास पैदल हाइवे पार कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आई बाइक की टक्कर से फिरोज गिर पड़ा। पीछे से वाहनों ने फिरोज को कुचल दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।



फाइल फोटो

# अब अन्ना मवेशियों से नहीं बच पा रहे खेतों में रखे गेहूं के बोझ

संवाददाता हथगाम

- अब तक हरी फसल को रातों-रात चट कर रहे थे मवेशी
- हथगाम क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के लोग परेशान



खेत में पड़े गेहूं के बोझ को खाते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अन्ना मवेशियों के चक्कर में किसान लगातार परेशान चल रहे है। खेतों में फसल उगते ही मवेशी हरी फसल पर हमला बोलना शुरू कर देते हैं। अब जब फसल पक गई और किसानों ने उन्हें काटकर बोझ बनाकर खेत में रख दिया है। तब भी अन्ना मवेशियों के हमले से फसल नहीं बच पा रही है। ऐसे में किसान लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हथगाम क्षेत्र में अन्ना मवेशियों का किसानों के खेतों में बंधे गेहूं के बोझ पर अन्ना मवेशियों का आतंक जारी हो चुका है। छिवलहा, सरांय, कोतला, सुरजीपुर, चंदईपुर, अहिन्दा समेत तमाम गांवों में अन्ना मवेशी खेत से सड़कों तक धमाचौकड़ी मचा रखे हैं। अन्ना मवेशियों का आतंक इस कदर है कि खेतों में पड़ी कटी फसल पर उन्होंने हमला करना शुरू कर दिया है। अन्ना मवेशियों को पकड़ने के लिए जिम्मदार सुधि नहीं ले रहे हैं। जिले में पूर्व में चलाए गए अभियान में अन्ना मवेशियों को पकड़ गौशालाओं में छोड़ने के लिए जिम्मदारों ने कोरम पूरा कर दिया। लेकिन देखने में कुछ और कहने मे कुछ और नजर आता है। किसान रात-दिन खेतों में रहकर फसलों की रखवाली करते रहे लेकिन किसानों की पलक झपकते खेतों में बोई फसलों अन्ना मवेशी चट कर रहे हैं।

# महिला की हत्या कर बोरे में शव रख गंगा किनारे फेंका

## दो दिन से लापता थी, पति समेत सात पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर



संध्या देवी।

- खागा कोतवाली क्षेत्र का मामला, ननद व जेठानी हिरासत में पति फरार

**अमृत विचार।** दो दिन से लापता विवाहिता की हत्या कर शव भूसे के झाल में भरकर गंगा किनारे फेंक दिया गया। मृतका के ताऊ राजेंद्र ने पति व अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जेठानी व ननद को हिरासत में लिया है। पति की तलाश में दबिश दी जा रही है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा भगवानपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री संध्या देवी (24) की शादी पांच साल पहले खागा कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव के मजरे कल्लनपुर निवासी मनोज के पुत्र सारजन के साथ हुई थी। सारजन बिहार में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। घर में उसके पिता, मां, ननद व बड़े भाई और पत्नी समेत अन्य परिजन रहते हैं। कुछ दिन पहले सारजन गांव आया था। संध्या के ताऊ राजेंद्र ने बताया कि सारजन ने फोन पर मंगलवार से बेटी के लापता होने की सूचना दी। मायके पक्ष के लोग रात को ही कल्लनपुर पहुंचे। घर में ताला लगा था। आशंका पर पुलिस को खबर दी। ताला तोड़कार पुलिस घर के अंदर पहुंची। जमीन पर टूटी चूड़ियां, और खून के धब्बे मिलने पर पुलिस को संध्या की हत्या की आशंका हुई। पुलिस ने रात को ही असोथर थाना क्षेत्र में दबिश देकर संध्या की जेठानी व ननद को हिरासत में ले लिया। जेठानी के पास से संध्या का पुत्र भी मिला। पूछताछ में दोनों ने संध्या के फंदे से लटकने की वजह से मौत होना बताया। इसके बाद शव गंगा किनारे फेंकने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने भूसे भरी झाल से संध्या का शव बरामद किया। चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर, जेठानी, ननद समेत सात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन लाख रुपये व बाइक की मांग पूरी न करने पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

## शार्ट सर्किट से डंपर में लगी आग, चालक हो गया फरार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़क किनारे खड़े डंपर को स्टार्ट करते समय शार्ट सर्किट होने से आग लगा गई। आग लगते ही चालक ने कूदकर जान बचाई। जब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तो चालक मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम को जानकारी दी। सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया।

खखरेरू थाना क्षेत्र के पौली गांव पनिहा बाबा मोड़ के ढेर रात करीब एक बजे के आसपास एक डंपर को चालक स्टार्ट कर रहा था कि उसी समय शार्ट सर्किट होने से इंजन में आग लग गई। आग लगने से ट्रक धू-धू कर जलने लगा। चालक ने आग लगने पर डंपर से कूदकर जान बचाई और जलता डंपर छोड़कर मौके से भाग गया। रास्ते से निकल रहे लोग ने ट्रक में भीषण आग देखकर पुलिस को सूचना दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी सूचना पर पहची खागा से फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में लगी भीषण आग के कारण सड़क के दोनों और आवागमन बन्द हो गया था। बताया जा रहा है कि डम्फर ट्रक के नीचे एक बाइक भी जल गई है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि डंपर ट्रक में आग लगने से ट्रक पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। आग लगने से कुछ देर के लिए ट्रैफिक बंद रहा क्योंकि आग की लपट काफी तेजी से उठ रही थी। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पा लिया था। ट्रक कुल्ली क्षेत्र का बताया जा रहा है।



धू-धू कर जलता डंपर। अमृत विचार

# राहगीरों को शीतल पेयजल के लाले

संवाददाता, जहानाबाद-फतेहपुर

- नगर पंचायत समस्या को लेकर गंभीर नहीं

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की लापरवाही के चलते नगर क्षेत्र के अंदर लगे लगभग दो दर्जन फ्रीजर पूरी तरह से धड़ाम हैं। राहगीरों को पानी पीने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नगर क्षेत्र के अंदर विभिन्न मोहल्ले में जगह-जगह लोगों को ठंडा पानी मुहैया करने के उद्देश्य से जगह-जगह फ्रीजर लगवाए गए थे। जिससे नगर वासियों एवं राहगीरों को गर्मी के दिनों मं ठंडा पानी पीने को मिल जाता था लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के चलते इस साल गर्मी में लगभग सभी वाटर कूलर बंद पड़े हैं। जिनमें कई वाटर कूलरों के उपकरण ही गायब हो गए हैं। खासकर कुछ जगहों पर लगाए गए वाटर कूलर लोगों के लिए अति उपयोगी साबित होते थे। जहानाबाद बस स्टॉप के पास लगा वाटर कूलर, जिससे हजारों आने जाने वाले रागीरों की प्यास बुझती थी। मलकपुर में लगे वाटर कूलर की दोनों टंकियां गायब हो गई हैं। मंडी समिति के पास लगे नलकूप के बगल में वाटर कूलर का कंप्रेसर ही गायब कर दिया गया है। वहीं जहानाबाद के प्रसिद्ध मजार शाहजमालु औलिया के पास लगा वाटर कूलर जो यहां आने वाले श्रद्धालुओं की प्यास बुझाता था वह पूरी तरह निष्क्रिय पड़ा हुआ है। यह वाटर कूलरों के खराब होने के वजह से जहां एक तरफ रहगीरों को पीने की पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है वहीं धार्मिक स्थलों पर लगे वाटर कूलरों के चालू न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती है।



खराब पड़ा वाटर कूलर। अमृत विचार

> लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगे होने से खराब वाटर कूलरों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जल्द ही समस्या का निराकरण कराया जाएगा।
>
> –पंकज सिंह, अधिशासी अधिकारी

### सत्ता बदलते ही बढ़ी समस्या

यह वाटर कूलर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा लगवाए गए थे लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते कहा जा रहा है कि अध्यक्ष का ध्यान इन वॉटर कूलर की तरफ नहीं जा रहा है। लेकिन यहां राजनीतिक प्रतिद्वंदाता से बढ़कर आम जनमानस की प्यास है और जिन वाटर कूलरों के टंकियां व अन्य उपकरण गायब हुए हैं उसकी नगर पंचायत अभियंता द्वारा न तो शिकायत दर्ज कराई गई है और न ही इनके संचान की तरफ द्यान दिया गया। इसी तरह यह वाटर कूलर बंद पड़े रहे तो आने जाने वाले राहगीरों को एवं नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों को इसी तरह मुफ्त ठंडा पानी पीने की समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा और राजगीर बूंद बूंद पानी को खरीदना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा में 217 उत्तीर्ण हुए

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पांच नवंबर को थी परीक्षा, कक्षा छह से आठ के बच्चे होते शामिल
- सफल बच्चों को 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष मिलेगा वजीफा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में दोआबा के 217 छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। 220 सीटों के सापेक्ष इनका चयन किया गया है। सफल छात्र-छात्राओं को इंटर तक की पढ़ाई के लिए प्रति माह एक हजार रुपए यानि 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति के रूप में दी जाएगी। बच्चों के सफल होने से शिक्षकों के साथ अभिभावकों में खुशी है।

जिले में नवंबर माह में परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के लिए 3950 आवेदन बेसिक शिक्षा विभाग को प्राप्त हुए थे। जिले के प्रत्येक ब्लॉक क्षेत्र में बनाए केन्द्रों में 3143 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ के छात्रों को परीक्षा का हिस्सा बनाया गया था। जनपद में कुल 220 सीटों पर छात्रों का चयन किया जाना था। जिसमें गुरुवार को जारी परिणाम में 217 छात्र-छात्राएं सफल हुए है। रिक्त सीटों के सापेक्ष मात्र तीन बच्चे ही पीछे रह गए, शेष ने अपने अपने स्कूलों का नाम रोशन किया है। जिला समन्यवक अशोक त्रिपाठी ने बताया कि जिले में 220 सीटों पर 217 बच्चों ने सफलता अर्जित की है, जो विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**औंग।** थाना क्षेत्र के हाईवे में रात करीब दो बजे अमित तिवारी परिवार सहित लखनऊ से वापस अपने घर बिन्दकी जा रहे थे। अचानक ड्राइवर को झपकी लग गई और हाईवे में खड़ी पिकअप गाड़ी में कार घुस गई जिससे पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

अमित तिवारी की पत्नी ज्योति तिवारी मामूली रूप से घ्घायल हो गई। इसी तरह दुर्गागंज गांव के पास सुरेश यादव पुत्र रामखेलावन निवासी करबिगवां थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर अपनी बाइक से उल्टी दिशा से कानपुर जा रहा था तभी कानपुर की तरफ से आ रहे ट्रक की बाईक से सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पीआरडी जवान को पीटने वाला गिरफ्तार

संवाददाता फतेहपुर

- नशे में बाइकसवार ने ड्यूटी पर तैनात जवान को पीटा था
- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद पकड़ा

**अमृत विचार।** गुरूवार की शाम शहर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक युवक ट्रैफिक पुलिस के साथ ड्यूटी में तैनात पीआरडी जवान की पिटाई करता दिखाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने पीड़ित पीआरडी जवान के तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अटल चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस के साथ पीआरडी का जवान विद्या सागर गुरूवार को ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान एक युवक नशे में बाइक लेकर जाते समय सड़क पर गिर गया। जिसकी बाइक को उठाने जब पीआरडी का जवान गया तो बाइक सवार युवक ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है किसी नशे में धुत युवक किसी तरह से पीआरडी जवान की पिटाई कर रहा है और साथ में मौजूद ट्रैफिक के अन्य जवान बचाने का प्रयास कर रहे। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी असोथर कस्बे का रहने वाला मनीष प्रताप सिंह है। पीआरडी जवान की तहरीर पर सरकारी काम में बाधा डालना, गला दबाकर मारने का प्रयास आदि में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



मारपीट करने का वायरल वीडियो।

## सार-संक्षेप

### किशोरी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगा लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शहर के नउवाबाग निवासी फूलचंद्र की पुत्री कोमल ने घर के अंदर उस वक्त फांसी लगा ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम करने चले गए। वापस लौटने पर परिजनों को जानकारी हुई तो जिंदा होने की आशंका पर परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से छुड़ाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जनरेटर के करंट से पांच झुलसे

**फतेहपुर।** शादी समारोह में काम करते समय जनरेटर के करंट की चपेट में आ जाने से किशोर समेत पांच लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हथगाम थाना क्षेत्र के मढ़इया गांव में एक शादी समारोह में कपिल पुत्र राम विशाल (16), सत्यम पुत्र उमेश (16), अर्जुन पुत्र राजेंद्र (15), मोहित पुत्र कल्लू (18) एवं दीपक पुत्र राजेंद्र (15) सभी लोग शादी समारोह में काम कर रहे थे। इसी दौरान जनरेटर के करंट की चपेट में आ जाने से पांचो बुरी तरह झुलस गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### हादसे में चाचा-भतीजा घायल

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार मिश्रा का 16 वर्षीय पुत्र हर्षित व उसका चाचा दुर्गेश पुत्र चंद्रिका प्रसाद बाइक से शहर किसी काम से आ रहे थे। जब यह लोग आबू नगर जीटी रोड पहुंचे तभी अचानक सड़क पार कर रहे कुत्ते से बाइक की टक्कर हो गई और दोनों घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

**कार्यक्रम** मुख्य अतिथि के रूप में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश की रही मौजूदगी

# भाजपा ने 'मेरा बूथ–सबसे मजबूत' थीम पर किया सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



सम्मेलन में भाग लेते मुख्य अतिथि रामकेश निषाद व अन्य।

**अमृत विचार।** सदर विधान सभा क्षेत्र के शादीपुर में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद शामिल हुए। राज्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को सुदृढ़ता प्रदान करने वाले हमारे बूथ कार्यकर्ता ही हमारा अभिमान हैं।

जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही मोदी सरकार के पक्ष में प्रत्येक बूथ से 50 फीसदी से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। वहीं लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आसन्न लोकसभा चुनाव में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए अपना पक्ष रखने की बात कही।

जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर सुधांशु श्रीवास्तव, मनोज मिश्र, चन्द्र प्रकाश खरे, जयप्रकाश, महेन्द्र नाथ वाजपेयी, प्रमोद द्विवेदी, आशीष मिश्रा, नीरज सिंह, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, ज्ञानेन्द्र सचान, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, शैलेंद्र रघुवंशी, सुशीला मौर्य, कुलदीप भदौरिया, ज्योति प्रवीण, मधुराज विश्वकर्मा, अमित शिवहरे, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, धनंजय द्विवेदी, विजय लक्ष्मी साहू समेत अन्य तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

### महिलाओं के मंगलसूत्र पर कांग्रेस की नजर: साध्वी

कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आए, यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से बीजेपी को जीत दिलाने की बात कही, वहीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के पुश्तैनी चीजों पर टैक्स वाले बयान पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नजर महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। अगले 40 साल तक कांग्रेस सत्ता में नहीं आएगी। वही नामांकन से पहले प्रियंका और राहुल के अयोध्या दर्शन करने जाने की अटकलें पर साध्वी ने कहा कि जो राम को नकारते थे, वो अब मजबूरी में राम मंदिर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश अपनी और अपनी पत्नी की सीट बचा लें बड़ी बात है।

### आज गाजीपुर में बूथ सम्मेलन

जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि चुनाव में पार्टी द्वारा विधान सभा स्तर पर बूथ सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। आज यानि शनिवार 27 अप्रैल को अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर कस्बे में बूथ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहेंगी। वहीं रविवार 28 अप्रैल को बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के बिंदकी नगर में बूथ सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे।

# जेल बंदियों के मुलाकातियों से मतदान करने का आह्वान किया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




कैदियों के परिजनों को मतदान के लिए जागरूक करते जेल अधीक्षक। अमृत विचार

- परिजनों के हाथों पर 20 को मतदान करने की लगाई मुहर

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, थीम के साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला कारागार के बाहर बंदियों से मुलाकत करने पहुंचे उनके परिजनों को 20 मई को मतदान अवश्य करने के लिए उनके हाथों में मुहर लगाई गई।

स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान के नेतृत्व में जिला कारागार के बाहर कैदियों से मिलने आए हुए परिजनों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। क्योंकि बंदियों को मतदान का अधिकार नहीं होता है, अभियान के तहत डॉ अनुराग ने बंदियों से मिलने आए सभी परिजनों को 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। सभी नागरिकों, वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए भी अपील की गई। जेल अधीक्षक ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई। जेल अधीक्षक, जेलर सुरेश चंद्रा, स्वीप आइकॉन व परिवहन प्रबन्धक विपिन कुमार अग्रवाल द्वारा सभी परिजनों की कलाई में मुझे 20 मई को मतदान करना है, की मोहर लगाई गई। इस अवसर पर हेड जेल वार्डर सुनील तिवारी, जेल वार्डर पुरुषोत्तम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पहले दिन 14 नामांकन पत्र खरीदे गए, दाखिल एक नहीं

## कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सघन तलाशी के बाद दिया रहा था प्रवेश, तीन मई तक होंगे पर्चे दाखिल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र लेने और दाखिल करने का काम शुक्रवार से शुरू हो गया है। पहले दिन 14 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। हालांकि पहले दिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। अभी 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। इसके लिए कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य गेट पर भी पुलिस तैनात है। गहन तलाशी के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। जिला प्रशासन में शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि जिले में नामांकन पत्र भरे जाने का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है, जो 03 मई तक चलेगा। 04 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 06 मई तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 20 मई को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ने पर सर्वाधिक जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जिले में 80 प्रतिशत मतदान कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लोकसभा के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इसके लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिला प्रशासन की ओर से कलक्ट्रेट परिसर की ओर जाने वाले रास्ते पर 17 स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। भारी वाहनों को रोकने के लिए वीआईपी रोड, सम्राट अशोक चौराहा और पटेल नगर, नहर कालोनी आदि स्थानों में बैरिकेडिंग की गई है। दो स्थानों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कलक्ट्रेट के सभी गेट पर बैरिकेडिंग के साथ फोर्स की तैनाती की गई है। विकास भवन के पास भी पुलिस ने बैरियर लगाए गए हैं। नामांकन के दौरान प्रत्याशी और उनके चार समर्थकों को ही अंदर जाने की अनुमति होगी। यह प्रक्रिया तीन मई तक चलेगी। साथ ही चार मई को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी की तिथि छह मई को तय की गई है। प्रत्याशी को नाम निर्देशन पत्र, प्रस्तुत किए जाने वाला शपथ पत्र, व्यय करने के लिए अलग बैंक खाता, शपथ एवं प्रतिज्ञान का प्रारूप आदि देना होगा।


डीएम कोर्ट में नामांकन पत्र प्राप्त करते उम्मीदवार।। अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर को बना दिया गया छावनी। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले रास्ते पर 17 स्थानों पर लगाई गई बैरिकेडिंग

### दो दिन रहेगा अवकाश

नामांकन प्रक्रिया में 27 अप्रैल को चौथा शनिवार एवं 28 अप्रैल को रविवार होने के कारण नामांकन नहीं होगा। साथ ही नाम निर्देशन पत्र का फार्म नहीं दिए जाएंगे। 29 अप्रैल से यह प्रक्रिया फिर से शुरू होगी।

### 11 से 03 बजे तक होगा नामांकन

नामांकन प्रक्रिया 11 बजे से तीन बजे तक होनी है। नामांकन प्रक्रिया के लिए कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। कलेक्ट्रेट के अंदर एसडीएम बिंदकी और बाहर एसडीएम न्यायिक बिंदकी की तैनात रहेंगे। अंदर जाने वाले व्यक्ति की गहन तलाशी के बाद भी प्रवेश दिया जाएगा।

### प्रत्याशी के साथ जाएंगे चार प्रस्तावक

नामांकन के लिए एक प्रत्याशी के साथ चार अन्य यानी कुल पांच व्यक्तियों के जाने की अनुमति होगी। लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर-49 के लिए डीएम न्यायालय में नामांकन प्रक्रिया होगी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के निर्देशों से अवगत कराया जा चुका है।

### पर्चे लेने वालों में बहुजन समाज पार्टी भी शामिल

लोकसभा चुनाव में पहले दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। जिसमें विकास इंसाफ पार्टी के उम्मीदवार नीरज सिंह लोधी ने एक सेट, परिवर्तन समाज पार्टी के उम्मीदवार कमलेश कुमार दो सेट, राष्ट्र उदय पार्टी के उम्मीदवार रामकिशोर पाल तीन सेट, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार राजबहादुर दो सेट, भारती शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार रामबिहारी शुक्ला दो सेट और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिंह सचान के लिए 04 सेट में नामांकन पत्र खरीदे गए। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार दुर्गा प्रसाद एक सेट, सबका दल यूनाइटेड के उम्मीदवार राधेश्याम एक सेट, निर्दलीय उम्मीदवार बीरेन्द्र सिंह दो सेट, अखिल भारतीय अशोक सेना के उम्मीदवार रामस्वरूप मौर्या एक सेट, बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार फूल सिंह लोधी एक सेट, राष्ट्र निर्माण पार्टी के उम्मीदवार गुड्डी ने एक सेट, मुस्लिम मजलिस के उम्मीदवार गयास अहमद एक सेट, राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के उम्मीदवार रामबरन सिंह एक सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया।

# मतदान से पांच दिन पूर्व घर घर पर्चियां देंगे बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद
- पर्ची के साथ साथ वोटर गाइड पत्र भी देने की तैयारी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता सूचना पर्चियों का समय से मुद्रण कर लिया गया है तथा उन्हें वितरण के लिए सम्बन्धित बीएलओ को समय पर उपलब्ध करा दी जाएगी। मतदाता सूचना पर्चियों के साथ-साथ वोटर गाइड के वितरण की कार्यवाही भी की जा रही है।

मतदाता सूचना पर्ची, पंजीकृत प्रत्येक मतदाता को तथा वोटर गाइड प्रत्येक घर के मुखिया को वितरित किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाइड किसी को बल्क में नही दी जाएगी। मतदाता सूचना पर्चियों एवं वोटर गाइड के वितरण के बारे में राजनैतिक दलों को वितरण की तिथियों से सम्बन्धित समय सारिणी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाइड के वितरण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा व्यवस्थित ढंग से उसकी प्राप्ति रखी जाए। वितरण की सूचना प्रति दिन बूथवाइज एकत्रित किया जाना है तथा विधान सभावार गूगल शीट पर प्रतिदिन भरा जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदाता सूचना पर्ची पर बीएलओ के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाइड के वितरण की कार्यवाही पूर्ण किए जाने संबंधी इस आशय का प्रमाण-पत्र निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिया जाएगा कि संबंधित मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कर दिया गया है और वितरण रजिस्टर पर मतदाता के हस्ताक्षर ,अंगूठे के निशान ले लिए गए हैं।

इसी प्रकार सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मतदाता सूचना पर्ची एवं पर्ची वितरण रजिस्टर की रैण्डम जांच किए जाने और वितरण के कार्य को ठीक पाये जाने संबंधी प्रमाण-पत्र निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए। सेक्टर आफिसरों द्वारा रैण्डम मतदाता सूचना पर्चियों एवं वोटर गाइड के वितरण की जांच की जाएगी। मतदाता पर्चियों के रजिस्टर से यह भी सत्यापित किया जाएगा कि सभी पर्चियां वितरित कर दी गयी हैं।

# वृंदावन के निधिवन में श्रीकृष्ण ने रचाया था महारास

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मलाव गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक पंडित कमल किशोर शुक्ल महाराज ने उद्धव चरित्र, महारास व रुक्मणि विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की।

कथा वाचक ने कहा कि सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, और उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह प्रेम वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। कथा वाचक ने रूक्मणि विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने सभी को हराकर राजकुमारी रूक्मणि को द्वारका लाए। आयोजक की ओर से आकर्षक वेश भूषा में श्रीकृष्ण विवाह की झांकी प्रस्तुत की।

# डांस को लेकर भिड़े बाराती-जनाती युवक घायल

**बिन्दकी।** मुरकुटा से कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर आई बारात में अगवानी के समय नाच गाने को लेकर बाराती और जनाती में मारपीट हो गई। मारपीट से मुरकुटा निवासी मलखान घायल हो गया। वही मलखान ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया की दशरथ, कामता व वीर ने अगवानी के समय आकर अपशब्द बोलने लगे और विरोध करने पर मारपीट की। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने मेडिकल कराकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# भाकिमो ने सम्मेलन की बनाई रणनीति

संवाददाता धाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के धाता मंडल किसान मोर्चा की बैठक एक मैरिज हाल में संपन्न हुई। 20 मई को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत हुसैनगंज में होने वाले किसान सम्मेलन के लिए रणनीति बनाई गई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री दीपक सिंह ने बताया कि संगठन के द्वारा हुसैनगंज में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें जिले के सभी मंडलों से 10 हजार से अधिक किसान पहुचेंगे। जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार 400 से अधिक सीट जीतने के साथ पुनः लोकसभा चुनाव में फतेहपुर की सीट भी जिताया जाएगा। इस अवसर पर राज बहादुर मौर्य, राजेश कुमार द्विवेदी, दीनबंधु सिंह, महिला मोर्चा की जिला मंत्री रीतू पटेल, मनोज द्विवेदी, उत्कर्ष जायसवाल, चंदन सिंह, इस्ताखारुल हसन, धर्म सिंह, अरुण मिश्रा, खुशाल अहमद आदि मौजूद रहे।


बैठक कर किसान सम्मेलन पर चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बिजली का तार टूटकर गिरने से लगी आग

**बिंदकी।** खेत के ऊपर से गए बिजली के तार अचानक टूट जाने से गेहूं की फसल में आग लग गई। इसी तरह किशुनपुर थाना क्षेत्र में बिजली के गिरे तार से फसल जल गई। कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव के पास खेतों के ऊपर से गया बिजली का तार तेज स्पार्किंग के चलते टूटकर शुक्रवार को गिर गया, जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई, सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को पूरी तरह से बुझाया। सूचना मिलने पर पहुंचे लेखपाल भांगसी के बताया कि बिजली का तार टूटने से आग लगी है। आग लगने से कमलेश देवी पत्नी मुन्ना की एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हुई है। आग लगने की घटना के बाद मामले की जानकारी पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया।किशनपुर संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के शिवकंठ का डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव निवासी कल्लू गौतम के गेहूं की फसल में शुक्रवार को बिजली का तार टूटकर गिरने से आग लग गई। यह देख ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। करीब घंटे भर बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि आग लगने से करीब दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।


गोवंशों को खाने के लिए काटी गई हरी सब्जी। अमृत विचार

### कान्हा गौशाला के गोवंशों को खिलाई हरी सब्जी

**धाता।** नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज एवं अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा कर गुड़, केला, खीरा, तरबूज खिलाया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि गौ माता की सेवा करना चाहिए। गौ सेवा से बहुत पुण्य मिलता है। गौशाला में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गौवंशो को समय समय पानी पिलाते रहे गौशाला मे किसी भी तरह की कमी होने पर सूचित करें। गौशाला में गर्मियों से बचने के लिए जूट के बोरे लगाए गए हैं, जिससे गायों को लू लगने से बचाया जा सके और किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हों। वहीं अधिशासी अधिकारी ने कहा कि गौ सेवा में कोई कमी नहीं होने देंगे। नगर पंचायत की गौशाला में म्यूजिक सिस्टम सहित सभी संसाधन उपलब्ध हैं। इस मौके पर दुर्विजय सिंह सभासद मनीष पासवान, अवधेश कुमार, गब्बर केसरवानी, उत्कर्ष जयसवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वीवीआईपी, वीआईपी की सुरक्षा से सम्बन्धित रिहर्सल कराया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, भोजनालय, वर्दी स्टोर, क्वार्टरगार्द, घरैया लाइन की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश दिए।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** असोथर पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच है। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपी पहचान थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा निवासी हिमांशू सिंह पुत्र लाल सिंह के रूप में बताई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है। इसी तरह राधानगर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे दलीपुर निवासी शिवकुमार उर्फ खेज्जू को गिरफ्तार किया है।

### महिला ने खाया जहर, गंभीर

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के नादौली गांव निवासी विशेश्वर की पत्नी अनिता देवी ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो आनन-फानन में उसे गंभीर हालत में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद डाक्टर ने उसे घर भेज दिया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मवेशी की मौत

**हथगाम।** थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हाईटेंशन लाइन के तार चार साल से जमीन में टूटे पड़े हैं। शुक्रवार को गांव के रहने वाले शिवम घर से भैंस खोलकर चराने जंगल जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचा तभी टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में भैंस आ गई। जिससे वह मौके पर ही मर गई। वहीं शिवम बाल-बाल बच गया।

### डीजे वाहन में घुसी कार

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के कसियापुर गांव में गुरूवार शाम से ख़राब खड़ी डीजे गाड़ी में शुक्रवार भोरपहर एक कार जा घुसी। हादसे में कार में सवार लोगों को मामूली चोटे आई हैं। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। सतेंद्र गुप्ता ने बताया की कानपुर से एक शादी समारोह से वापस अपने घर जाफरगंज लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### चेकिंग में असलहे के साथ पकड़ा

**फतेहपुर।** बिन्दकी पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान मीरखपुर निवासी शैलेन्द्र परिहार पुत्र अवधेश सिंह के रूप में बताई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गर्मी में बढ़ गए पेट दर्द और दस्त के मरीज

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तेज धूप के चलते तापमान बढ़ने से मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रोजाना 100 से 150 मरीज पेट दर्द, उल्टी व बुखार की शिकायत को लेकर ओपीडी में आ रहे हैं। खासकर बाल रोग विशेषज्ञों की ओपीडी में परिजन बच्चों को इलाज के लिए आ रहे हैं। मौजूदा समय में पड़ रही बेतहासा गर्मी के इस मौसम में ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक शुक्रवार को मरीजों की भीड़ रही। सुबह नौ बजे के बाद से अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। डॉक्टर देर से बैठते हैं ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। इस समय हृदय रोग के डॉक्टर के साथ साथ फिजीशियन के पास मौसमी बीमारी के मरीजों की सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। खांसी, जुकाम के मरीज आ रहे हैं। फिजीशियन ने बताया कि मौसम में जो उतार चढ़ाव हो रहा है उससे पेट दर्द, उल्टी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आ रहे हैं।

ऐसे मरीजों को देखकर दवा दी जा रही है और उन्हें बचाव के तरीके भी बताये जा रहे हैं जिससे कि मरीजों की सेहत ठीक रह सके। सीएमएस डा. पीके सिंह ने बताया कि मौसम का जो मिजाज उतार चढ़ाव में चल रहा है उससे मौसमी बीमारी के सबसे जयादा मरीज आ रहे हैं। प्रयास यही है कि कोई भी मरीज बगैर इलाज के वापस न जाये। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हैं।


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### लक्षण दिखें तो विशेषज्ञ से करें संपर्क

कान में दर्द होना, कान में खुजली होना, कम सुनाई देना, कान से पस का आना, नाक से ब्लीडिंग होना, अगर रोजाना स्विमिंग पुल या तालाब-नहर में स्नान कर रहे हैं, तो इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें।

### भीषण गर्मी में बढ़ गए नाक से ब्लीडिंग के मरीज

ईएनटी विभाग की ओपीडी में इन दिनों बच्चों की संख्या अधिक बढ़ी हुई है। इसमें खासकर नाक से ब्लीडिंग के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इसका औसत रोजाना से देखा जाए तो करीब 20 फीसदी है। ईएनटी विभाग की ओर से बताया गया कि रोजाना ओपीडी में ढाई सौ से लेकर 300 के आस-पास मरीजों की संख्या पहुंच रही है। इसमें करीब 20 फीसदी बीमार बच्चे आ रहे हैं। इनके नाक से ब्लीडिंग होने की दिक्कतें पाई जा रही हैं। इसके अलावा कान दर्द व गले से परेशान मरीजों की संख्या पहुंच रही है। प्राइवेट अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ राजीव चौधरी ने बताया कि गर्मियों के समय में बच्चों के नाक से ब्लीडिंग होने की दिक्कतें बढ़ती हैं। इसका इलाज समय पर कराएं।

# निजी स्कूलों में फीस कम न किताबें, अभिभावक पर बोझ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शासन से पब्लिक स्कूलों के लिए जारी दिशा निर्देशों का जिले में हवा में उड़ाया जा रहा है। स्कूलों में न फीस पर लगाम है और न अनावश्यक पुस्तकों का बोझ कम किया जा रहा है। नया शिक्षासत्र शुरू होते ही शहर समेत ग्रामीणांचलों के कई स्कूलों से छात्र-छात्राओं को कापी किताबों का बस्ता दिया जा रहा है। कहीं अधिक कीमत चुकाने को मजबूर अभिभावक जेब ढीली कर रहे हैं।

अभिभावकों को अपने पाल्यों की शिक्षा को लेकर मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। बावजूद इसके पब्लिक स्कूलों में कोई भी अंकुश नहीं लग पाया। कई स्कूल कापी किताबों का बस्ता बेच रहे हैं।

### नामचीन विद्यालयों में खेल

शहर के कई नामी पब्लिक स्कूलों में यह धंधा खूब चल रहा है। बीते वर्षों में स्कूल से ही बस्ता देने की बात को लेकर अभिभावक संघ ने काफी हो हल्ला भी किया था। बावजूद इसके प्रशासनिक मशीनरी गम्भीरता नहीं दिखा रही है। कहीं स्कूल से ही यूनीफार्म समेत अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है तो कहीं निर्धारित दुकानों से कापी किताबों को खरीदने को बाध्य किया जाता है।

### अभिभावकों में गुस्सा

अभिभावक मनीष शुक्ला, देवेन्द्र अवस्थी, सुनील कुमार आदि ने बताया कि स्कूलों में मनमानी फीस वसूली जा रही है। हर कक्षा में प्रोन्नत के बाद प्रवेश शुल्क व अन्य मदों में वसूली हो रही है। एक स्कूल में नर्सरी में प्रवेश पर 7000 रुपये देने पड़ते हैं। इसी तरह से बड़ी कक्षाओं में तो यह धनराशि 12 से 14 हजार रुपये है।

**मौसम का मिजाज** | गर्मी के मौसम में लोग मौसमी बीमारियों से हो रहे परेशान, दिन में चल रही आंधी, दोपहर में धूल बनी मुसीबत

# 40 डिग्री पर पहुंचा पारा, तीन दिन चलेगी हीट वेव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज लोगों के लिए तल्ख बना हुआ है। लोग परेशान होकर सिर्फ बचाव कर पा रहे हैं। सबसे ज्यादा दोपहर का वक्त काटना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। घर व कार्यालय में उमस और खुले आसमान में धूप दोनों ही स्थितियों में लोग मौसम का सितम झेल रहे हैं।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लोगों ने शिद्दत की गर्मी महसूस की। चारों पहर में बदलता मौसम लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर रहा है। बड़ों के साथ स्कूली बच्चें भी गर्मी के सितम से आजिज आ रहे हैं।

दोपहर की धूप और धूल भरी आंधी लोगों का सफर करना मुश्किल कर रही है। लोग सफर के दौरान पेयजल के साथ गमछा, कैप, छाते आदि का प्रयोग करके धूप की किरणों से बचाव कर रहे हैं। मौसम के जानकार ने बताया आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अगले दो दिन में गर्म हवाओं की गति बढ़ने की सम्भावना है। इसलिए सभी लोग जरुरी काम होने पर ही सफर करें। जिससे मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।


गर्मी में गला तर करता हुआ।


सड़को पर कुछ इस तरह निकलते दिखे राहगीर। अमृत विचार

### हीट वेव से सतर्क रहने की दी गई सलाह

गुरुवार से हीट वेव शुरू हो चुकी है, जिसका असर रविवार तक जारी रहेगी। इस बीच 27 अप्रैल को आंधी पानी की स्थिति बन सकती है। इसके बावजूद हीट वेव से राहत नहीं मिल सकेगी। हीट वेव के दौरान लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। चिकित्सकों के अनुसार दिन में घरों से खाली पेट न निकलें। लंबे समय तक धूप में न खड़े हों। पानी पीते रहें।

### चश्मा लगाकर बचने का किया प्रयास

पिछले कई दिनों से दोपहर में चल रही गर्म हवाओं ने आंधी का रूप ले लिया है। जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। मजबूरी में धूल भरी आंधी में सफर करने वाले चश्मा लगाकर निकल रहे हैं जिससे वाहन चलाने में सुविधा रहने के साथ आंखों की हिफाजत हो सके।

### एक डिग्री सेल्सियस बढ़ा तापमान

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। दिन में नमी का प्रतिशत बेहद कम हो जाने से लोगों के गले सूखने लगे। पशु पक्षियों को भी नमी के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा था।

# नाला होने के बाद भी जलभराव

**जाफरगंज-फतेहपुर।** गांव के अंदर सीसी मार्ग निर्माण के बाद बनाया गया नाला बेमकसद साबित हो रहा है। समुचित जलनिकासी न होने के कारण जलभराव की स्थिति रहती है। ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर बना रहता है। ग्रामीणों में अव्यवस्था के कारण रोष है।

ग्राम गहरूखेड़ा में बस्ती के अंदर आरसीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नाला निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई। जिसके चलते जल निकासी की ब्यवस्था नहीं की गयी। नाले में पानी भरा रहता है। जल निकासी ना होने के कारण नाला उफान में आया तो नाले का गन्दा पानी सडक पर फ़ैल रहा है। जल भराव होने के कारण गन्दगी फ़ैल रही है और डेंगू मलेरिया के मच्छर पनप रहे हैं। शिव गोपाल, राम सजीवन, जीतेन्द्र, छेद्दी, सुनील, राहुल गुप्ता, कैलाश आदि ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को तत्काल दूर किया जाना चाहिए।

# निरीक्षण में 62 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक गैरहाजिर मिले, कार्रवाई

## खत्म नहीं हो रही 'गोला' मारने की परंपरा पहली से 25 अप्रैल तक हुई थी परिषदीय स्कूलों की जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों से 'गोला' मारने की परंपरा खत्म नहीं हो रही है। पहली अप्रैल से 25 तारीख तक अधिकारियों के निरीक्षण में 62 शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गैरहाजिर मिले हैं। सभी का वेतन व मानदेय काटा गया है। साथ ही स्पष्टीकरण भी तलब हुआ है। सहायक अध्यापक अनुपस्थित रहने में सबसे आगे हैं।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि जो भी साक्ष्यों समेत जवाब नहीं देगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बीएसए के अलावा प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण डीडीओ, डीआईओएस, बीईओ सीडीपीओ, जिला समन्वयक, मेडिकल ऑफिसर ने किए हैं। 25 सहायक अध्यापक, 22 शिक्षामित्र, आठ अनुदेशक, चार प्रधानाध्यापक व तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्कूलों के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले। हर महीने परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है।

### एडी बेसिक कानपुर को पांच गैरहाजिर मिले

- एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा ने 23 अप्रैल को ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र की ग्राम पंचायत गदनपुर नरहा का निरीक्षण किया। यहां सहायक अध्यापक संदीप कटियार, शिक्षामित्र नीरज बाथम व प्रियंका दुबे नदारद मिलीं। मियांगंज में चतुर्थ श्रेणी कर्मी मिथलेश व गंगागंज में शिक्षामित्र सुरभि तिवारी अनुपस्थित मिलीं। उधर, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने 15 अप्रैल को सदर ब्लॉक क्षेत्र के ही बलारपुर के निरीक्षण में सहायक अध्यापक राहुल कटियार को मौजूद नहीं पाया। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने 24 अप्रैल को तालग्राम ब्लॉक खेत्र के काजीहार में सहायक अध्यापक अमन व अंजली दुबे को अनुपस्थित पाया। तालग्राम के ही गांव महानगर स्कूल में शिक्षामित्र सरिता देवी भी उपस्थित नहीं थीं।

### यह मिले स्कूलों से गायब

- बीएसए के पत्र के मुताबिक गरहिया बौदादपुर के स्कूल में अनुदेशक राजीव कुमार, नगला वीरभान में शिक्षामित्र सरोज कुमार, जोगनीपुर्वा में सहायक अध्यापक आशा, लक्ष्मणपुर गोकुलपुर में सहायक अध्यापक अनुज कुमार व संजय वर्मा, शिक्षामित्र रचना पटेल, रसूलाबाद में अनुदेशक कप्तान सिंह व सौभाग्य पाल, सहायक अध्यापक संतोषी द्विवेदी, कन्या यूपीएस तेराजाकेट में अनुदेशक नीलम यादव, सकरावा में सहायक अध्यापक शिक्षा यादव व सागर कुमार, शिक्षामित्र मिर्जा आकिल बेग, अजायबनगर में सहायक अध्यापक मीना कुमारी, कन्या प्राथमिक स्कूल देवीपुर में शिक्षामित्र गीता कुमारी, गढ़िया कछपुरा में अनुदेशक मोहित कुमार, जगतपुर में शिक्षामित्र संगीता कुमारी, भुरजानी में सहायक अध्यापक मानसी अवस्थी, शिक्षामित्र पूनम यादव व नीतू सिंह, मवई बिलवारी में शिक्षामित्र गोविंद सिंह, बहोसी में सहायक अध्यापक रुचि राजपूत, बाजार कला में चतुर्थ श्रेणी कर्मी सोनम, नेकपुर कायस्थ में सहायक अध्यापक उमा देवी, हमीरपुर में सहायक अध्यापक प्रीती, पलौरा में सहायक अध्यापक आराधना व संघमित्रा, शिक्षामित्र वंदना व योगेंद्र सिंह नदारद मिले।

- सभी का वेतन व मानदेय काटते हुए मांगा गया स्पष्टीकरण

### इन पर भी हुई कारवाई

- दानपुर स्कूल में सहायक अध्यापक अजीत कुमार, हमीरपुर में सहायक शिक्षक नीलिशा गौतम, फकरपुर में प्रधानाध्यापक जीतेंद्र सिंह वैस, उमरपुर में प्रधानाध्यापक देशपाल, अनुदेशक मोहन सिंह पाल, सिमुआपुर में अनुदेशक अजीत सिंह, सहायक अध्यापक रीना कुमारी, छंगेपुर्वा में सहायक अध्यापक विनीता देवी, दौलताबाद में सहायक अध्यापक मोनिका राठौर, खांडेदेवर में शिक्षामित्र प्रभा सिंह, चौखटा में शिक्षामित्र सुनीता देवी व असिया कटियार, बरका गांव में प्रधानाध्यापक राजेश पाल, सरौली में प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, सहायक अध्यापक अरविंद मिश्र व शिक्षामित्र संजय सिंह, नदसिया में शिक्षामित्र प्रतिभा द्विवेदी, महानगर में चतुर्थ श्रेणी कर्मी आशीष दीक्षित, काजीहार में शिक्षामित्र वर्षा देवी, निकारीपुर में शिक्षामित्र नीता यादव, अमोलर में अनुदेशक शिव प्रताप सिंह, पट्टी में सहायक अध्यापक संजीव कुमार व बिबिया जलालपुर में शिक्षामित्र भावना पर भी कार्रवाई की गई है।


गुरुकृपा इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह के दौरान मौजूद छात्राएं व शिक्षक।

# सर्वोच्च अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- गुरु कृपा इंटर कॉलेज में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित गुरु कृपा इंटर कॉलेज में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार पाल ने बताया कि हाई स्कूल में विद्यालय की खुशी प्रजापति ने 92.8 %, हर्षित कुशवाह ने 92.1 %, अनुष्का पाल ने 91 %, इंटरमीडिएट में अंजलि द्विवेदी ने 92.6 %, पायल अग्निहोत्री ने 88.6 %, रेनू वर्मा ने 87.4 %, नव्या गुप्ता ने 86.8 %, पलक ने 82. 2 %अंक लाकर विद्यालय में स्थान प्राप्त किया है। इन सभी को प्रबंधक राजाराम पाल ने फूलमाला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष संजीव चौहान ने कहा कि सफल छात्रों से प्रेरणा लेकर विद्यालय के अन्य छात्र भी तैयारी करें और गुरु व परिजनों का नाम रोशन करें। अतिथि डॉक्टर आरके कटियार ने कहा कि सफल छात्राओं को अपना आदर्श मानकर विद्यालय के अन्य छात्र लगन व मेहनत से प्रतिस्पर्धा की तैयारी करें। इस दौरान अमित श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, सुधीर मिश्रा, शिवम गुप्ता, अर्चना, सर्वेंद्र, मानव गुप्ता, दुर्गेश पाल, प्रिंस पाल, आरके पाल, सेवा रामपाल, अखिलेश, अरुण शर्मा, नासिर सिद्दीकी, संजय यादव, अटल राजपूत, श्याम सुंदर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कार सवारों ने ट्रक चालक को पीटा, लगाया जाम

**छिबरामऊ।** शुक्रवार को मैनपुरी जनपद के नानामऊ निवासी ट्रक चालक मनोज कुमार पुत्र राम सिंह ट्रक लेकर फरीदाबाद से लखनऊ जा रहा था। शाम के समय नगर के पूर्वी बाईपास के पास गलत दिशा से आ रही कार के चालक से साइड को लेकर विवाद हो गया। कार चालक ने साथियों के साथ मिलकर ट्रक चालक को पीट दिया। नाराज ट्रक चालक ने एन एच 34 जीटी रोड पर ट्रक तिरछा खड़ा कर जाम लगा दिया। इससे रहागीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा और वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों वाहनों के चालकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई और जाम खुलवाया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी रघुराज सिंह के 20 वर्षीय पुत्र आकाश ने गृह कलह के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती करा दिया।


प्रधानाध्यापक के साथ मौजूद चयनित छात्र। अमृत विचार

### यूपीएस सभापुर के तीन छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**गुरसहायगंज।** यूपीएस सभापुर में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाध्यापक जयवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 08 के छात्र राजेंद्र सक्सेना, यश कुमार व आकांक्षा सिन्हा ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण कर मान बढ़ाया है। तीनों को चार वर्ष तक, 12000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रति वर्ष प्रदान की जाएगी। इसे छात्र कक्षा 09 से 12 तक कि पढ़ाई के दौरान एक हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से व्यय कर सकेंगे। छात्रों का चयन होने से शिक्षकों व छात्रों में हर्ष है।

### महामाई देवी के मेले में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गुरसहायगंज।** आदिशक्ति महामाई देवी मंदिर में आयोजित दो दिवसीय मेला का समापन कर दिया गया। उद्घाटन ग्राम प्रधान अनिल कुमार सिंह ने किया। भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महामाई का गुणगान कर आरती वंदना की। समिति के अध्यक्ष बबलू तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महामाई के दरबार में मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अंकित मिश्रा, मोनू शर्मा, संतोष दुबे, मोनू यादव, राहुल, रामनिवास मिश्रा, अंकित कुशवाहा, महेंद्र, रवि यादव,, ऋषभ दुबे, शैलेश पाल, मानसिंह बाथम, अवधेश सक्सेना सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।


यूपीएस जसपुरापुर सरैया में सम्मानित की गईं छात्राएं व मौजूद शिक्षक।

### यूपीएस जसपुरापुर सरैया की छात्राओं ने भी बढ़ाया मान

**जसोदा।** विकास खंड जलालाबाद के यूपीएस जसपुरापुर सरैया की तीन छात्राओं ने भी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। जान्हवी ने जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रांजलि और प्रांशी ने 26वा और 27वा स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों राकेश कुमार, राम कुमार,अवनीश कुमार, प्रज्ञा आदि ने छात्राओं को माल्यार्पण कर, उपहार देकर व मिष्ठान ख़िलाकर उत्साहवर्धन किया।

### चोरी के घंटे तथा तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों की धरपकड़ अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को पीतल के 9 घंटे तथा एक तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को ब्रह्मदेव के पेड़ से 8 से 9 पीतल के घंटे चुरा ले जाने के संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया गया था। शुक्रवार को सौरिख रोड पर गश्त कर रहे उपनिरीक्षक राजेश कुमार रावत व कांस्टेबल मनीचंद्र ने बाबा बगिया के पास से सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम नादेमऊ निवासी कुर्बान अली पुत्र समी अहमद अली को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक झोले में चोरी किए गए 9 अदद पीतल के घंटे व पेंट की जेब से तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया गया।

### व्यापारी सम्मेलन आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित श्री सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस में शनिवार की सुबह 10 बजे व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा व्यापारियों से चर्चा कर रणनीति तय करेंगे। यह जानकारी व्यापारी नेता अनुराग गुप्ता ने दी।

### हाथिन में उमाकांत महाराज का सत्संग आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जय गुरुदेव उमाकांत महाराज जी उज्जैन वालों का एक दिवसीय सत्संग व नामदान कार्यक्रम शनिवार सुबह 8 बजे से छिबरामऊ तालग्राम रोड पर हाथिन गांव में आयोजित होगा। यह जानकारी छात्र संगत अध्यक्ष राजवीर उपाध्याय ने दी।

# किशोरियों की मौत पर पिता ने लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** दस दिन पहले तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो बहनों की मौत के मामले में पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम अकबरपुर निवासी मृतक किशोरियों के पिता आनंद पांडेय ने बताया कि 17 अप्रैल को उनकी 13 वर्षीय पुत्री वैष्णवी अपनी 15 वर्षीय बड़ी बहन दिव्या उर्फ देवांशी के साथ एक साइकिल पर तथा दूसरी साइकिल पर सवार मनोज दुबे की पुत्री शिवा कालका देवी मंदिर में रामनवमी की पूजा करने जा रही थीं। तभी एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम सराय सुंदर के पास पूरब की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने दोनों साइकिलों में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में वैष्णवी की तुरंत, जबकि दिव्या की लखनऊ के एएस हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। पुलिस ने कार के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**दुर्घटना में महिला सहित दो लोग घायल :** कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में जिला औरैया के ग्राम बूचपुर बेला निवासी सोनू की 30 वर्षीय पत्नी तथा 55 वर्षीय संतोष पुत्र गंगाराम घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पुलिस ने लुटेरे व सुनार को दबोचा, माल बरामद

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- बाइक सवार महिला से लूट की वारदात को दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** बाइक से रिश्तेदारी में जा रही महिला से लूट के बाद पुलिस ने ऑपरेशन दूरदृष्टि की मदद से 12 घंटे में ही लुटेरे को दबोच लिया। पुलिस ने लूट का माल खरीदने वाले सुनार को भी पकड़ लिया। दोनों से लूट का माल और पल्सर बाइक बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जिला कारागार भेज दिया गया।

शुक्रवार को सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टी पवोरा निवासी मालती देवी राजपूत पत्नी महेंद्र सिंह राजपूत से बुधवार को शाम छह बजे के करीब ठठिया थाना क्षेत्र में ग्राम दौलतपुर के पास एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार लुटेरे ने मंगलसूत्र छीन लिया था। लुटेरा वारदात के बाद तिर्वा की तरफ भाग गया था। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस ने बाइक को ट्रेस किया और शुक्रवार को सुर्सी अंडरपास तिराहे से बाइक समेत लुटेरे विकास जोशी पुत्र आनंद जोशी निवासी ग्राम नसेनिया थाना विठूर जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस हिरासत में लुटेरा व सुनार तथा बरामद की गई बाइक।

लुटेरे ने पुलिस को बताया कि उसकी पुरानी ठठिया में ससुराल है। फरवरी माह में उसने नई पल्सर बाइक खरीदी थी। अक्सर वह ससुराल आता रहता है और रास्ते में सुनसान स्थानों पर महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देता है। लूट का माल वह ठठिया में वैष्णवी ज्वैलर्स के मालिक सोनू यादव पुत्र जयवीर सिंह निवासी कुरियाना को सस्ते दामों में बेच देता है। पुलिस ने सोनू को भी पकड़ लिया और उसके पास से लूटे गए दो सोने के मंगलसूत्र तथा तीन सोने के मोती बरामद किए हैं।

लुटेरे के पास से 10,100 रुपये भी बरामद हुए हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हसीब अहमद, उपनिरीक्षक मनुज चौधरी समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# बावरिया गिरोह के तीन डकैतों को गैंगस्टर में सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाया निर्णय, लगाया पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना

**अमृत विचार।** कुख्यात बावरिया गिरोह के तीन डकैतों को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सजा सुनाई है। इनमें एक डकैत को तीन साल 9 माह तथा दो डकैतों को सात साल दो माह कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है, साथ ही पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गानगर में बावरिया गिरोह के डकैतों ने 2017 में देवेंद्र सिंह व उदय नरायन के घर में वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने बावरिया गिरोह के डकैत जनपद बुलंदशहर के अस्थाई डेरा अहार निवासी जानिसार पुत्र जुगनू उर्फ चुन्ने खां, मुनव्वर उर्फ सलमान उर्फ रूबिया पुत्र राजकुमार व चांद मियां उर्फ अर्जुन पुत्र अकरम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह ने इन डकैतों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत 24 फरवरी 2017 को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों डकैतों के खिलाफ 9 मई 2018 को आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने जानिसार को तीन वर्ष 9 माह का कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा मुनव्वर उर्फ रूबिया व चांद मियां को सात वर्ष दो माह कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सभी सजा एक साथ चलेगीं। इसमें जेल में बिताई गई अवधि को समायोजित किया जाएगा।

### तमंचा रखने के आरोप में तीन साल की कैद

**छिबरामऊ।** अधिवक्ता ललित प्रताप सिंह ने बताया कि छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी पुलिया के पास पुलिस ने आमिर पुत्र रफीकुद्दीन को 315 बोर के तमंचा समेत दो सितंबर 2020 को दिन के 2.30 बजे गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। आरोपी की पैरवी करने वाला कोई नहीं है, जिस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी ने आमिर को दोष सिद्ध करते हुए आर्म्स एक्ट में तीन साल की कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# युवक के सिर पर मारा बल्ला, हालत गंभीर

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के मलिकपुर निवासी रामू पुत्र वकील सिंह (19) मंगलवार को गांव के युवकों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी गांव के ही जितेंद्र, वीर सिंह, धीर सिंह पुत्र रामपाल के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर उनके पिता रामपाल भी मौके पर पहुंच गए और गालीगलौज करते हुए बल्ले से रामू के सिर पर वार कर दिया। इससे वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में रामू को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को परिजन निजी अस्पताल ले गए। वहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज नादेमऊ राजकुमार गौतम ने बताया मुकदमा पंजीकृत करने के बाद दबिश दी जा चुकी है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**हाल बेहाल** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दोपहर में दिखाई दिया लू का असर

# पारा पहुंचा 42 डिग्री, चलीं गर्म हवाएं


कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा चेहरा ढक कर निकले लोग

**अमृत विचार।** हवा की दिशा बदलने के साथ ही मौसम का मिजाज भी तल्ख होता जा रहा है। शुक्रवार को दोपहर के समय चली गर्म हवाओं के कारण लू का असर दिखाई दिया। पारा भी 42 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे लोग गर्मी से परेशान रहे। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिम हवा के कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है, जिसके कारण प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है।

शुक्रवार को पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे दिन में तेज धूप से लोग बिलबिला उठे। वहीं, दिन में गर्म हवाएं चलने से लू के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ और रेडिएशन के कारण तापमान बढ़ रहा है। वातावरण में सुबह से ही गर्मी थी। दोपहर होते ही पारा सातवें आसमान पहुंच गया। दिन में पारा 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर के समय गर्म हवाएं भी 7.3 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं। इससे कई लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए। गर्म हवाएं लोगों का मुंह सुखा रहीं थीं। उत्तर-पश्चिम तरफ से आने वाली हवाएं लोगों को परेशान करतीं रहीं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस समय सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं, जिससे काफी मात्रा में रेडिएशन हो रहा है। वहीं, लगातार हवा की गति और दिशा बदलने से विक्षोभ भी उत्पन्न हो रहा है। यही वजह है कि तापमान बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में भी लू चलने की संभावना है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह अधिक देर तक धूप में कार्य न करें तथा थोड़ी देर के अंतराल में पानी पीते रहें।


दोपहर में तेज धूप में छाता लगाकर जा रही युवती। अमृत विचार



# बार-बार बदल रहे अफसरों के आदेश से शिक्षक परेशान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेसिक शिक्षा विभाग के आधीन विद्यालयों के समय पर एकमत नहीं अधिकारी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित विद्यालयों के समय को लेकर आलाधिकारी एक मत नहीं हैं। कभी बीएसए के आदेश को बदल दिया जाता है तो कभी अपना ही निर्णय पुराने ढर्रे पर आ जाता है। अगर शासन के अफसर कोई फरमान जारी करते हैं तो पालन होने लगता है। एक बार फिर से नया पत्र आया है, जो एक दिन के लिए ही लागू होगा। ऐसा क्यों किया गया है, यह बताने वाला कोई नहीं है। इसको लेकर शिक्षक परेशान हैं।

सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के अलावा मान्यता प्राप्त,शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षाओं का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक का चल रहा था। सूबे के कुछ जिलों के बीएसए ने शिक्षक संगठनों की मांग व गर्मी को लेकर समय सुबह साढ़े सात से एक बजे तक कर दिया। इस पर बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने रोक लगा दी। पत्र जारी कर कहा कि विद्यालयों का समय सुबह आठ से दो बजे तक ही रहेगा। 24 अप्रैल को विशेष सचिव यतींद्र कुमार ने पत्र जारी किया और कहा कि कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों में कक्षाओं का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे तक रहेगा। 26 अप्रैल को निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने फिर पत्र जारी कर कहा है कि 28 अप्रैल तक विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात से साढ़े 11 बजे तक रहेगा। चूंकि 28 को रविवार है तो 27 अप्रैल यानि एक दिन के लिए ही विद्यालयों का समय बदला गया। 29 अप्रैल को फिर से स्कूल सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे तक खुलेगा। आदेश मिलने के बाद बीएसए उपासना रानी वर्मा ने भी स्थानीय स्तर पर बदलाव कर दिया है।

# रिश्तेदारी से लौट रहा युवक नदी में कूदा, मौत

**तिर्वा।** पुल से युवक ने नदी में छलांग लगा दी। जब तक बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की जेब से मिले आई कार्ड के आधार पर परिजनो को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कोतवाली क्षेत्र के फगुआ गाँव के पास से निकली ईशन नदी पुल से एक 38 साल का युवक आत्महत्या के इरादे से नदी में कूद गया। नदी मे नहा रहे लोगों ने देखा और उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जब की तलाशी ली तो आई कार्ड मिला। इस पर महेश कुमार (38) पुत्र छन्नू लाल निवासी सबलपुर छतरसा, झींझक, कानपुर देहात लिखा था। पुलिस ने इसी पते पर सूचना दी। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने उसकी शिनाख्त कर ली। वह अपनी रिश्तेदारी में गूरा गांव आया था जहां से वापस जा रहा था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0- मोहल्ला- देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- AKBAR NAGAR NAWABGANJ, BARABANKI**

**सूचना**
सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व छुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय,निवासी- ग्राम अमिलिया कला, पो0-रामनगर जिला-सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अत: पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **-बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी-ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला- अम्बेडकरनगर**

# छह निर्दलीयों समेत 11 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

## कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच हुई, 28 प्रत्याशियों ने भरे थे पर्चे, दूसरी ईवीएम की संभावना घटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज लोकसभा चुनाव 2024 में 28 प्रत्याशियों में से 11 के नामांकन त्रुटियों के कारण निरस्त कर दिए गए। जांच में दनादन पर्चे निरस्त हुए, जिससे चुनाव में अब दूसरी ईवीएम लगाने की संभावना घट गई है। अब केवल 17 प्रत्याशी ही मैदान में बचे हैं, जिनमें एक का भी पर्चा वापस हो गया तो एक ही ईवीएम से चुनाव कराया जाएगा। अब 29 अप्रैल को नाम वापसी होगी और चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद ही बैलेट पेपर निर्धारित होगा। निरस्त किए गए नामांकन पत्रों में पांच विभिन्न राजनीतिक दलों के हैं, जबकि छह निर्दलीय हैं।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग ऑफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल, प्रेक्षक संदीप कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने दाखिल नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की। कन्नौज संसदीय क्षेत्र से भाजपा व सपा समेत कई राजनीतिक दलों एवं व निर्दलीय 28 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. श्रीकृष्ण मिश्रा के नामांकन पत्र में जमानत धनराशि का चालान नहीं संलग्न था, जिस पर रिटर्निंग ऑफीसर ने उन्हें शुक्रवार सुबह 11 बजे तक जमानत राशि जमा करने के निर्देश दिए थे। निर्धारित समय तक धनराशि जमा नहीं करने पर उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी शिवांक बाजपेयी के शपथ पत्र में संसदीय क्षेत्र का उल्लेख नहीं था, इससे वह भी खारिज कर दिया गया।



नामांकन पत्रों की जांच करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, प्रेक्षक संदीप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा व एडीईओ बिनीत कटियार। अमृत विचार

- कई प्रत्याशी रहे उपस्थित, 29 अप्रैल को होगी नाम वापसी कई में मिली त्रुटियां

निर्दलीय राधारानी ने नामांकन पत्र में अपना नाम लिखा था, जबकि निवास स्थान नहीं लिखा था। इस कारण उनका नामांकन भी निरस्त कर दिया गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र के साथ प्रारूप-26 में शपथ पत्र होता है, कई प्रत्याशियों ने इसमें प्रविष्टियां पूर्ण नहीं कीं और अधूरा ही शपथ पत्र जमा कर दिया गया। इसी तरह राष्ट्रीय जन संचार दल के अंकुर प्रताप सिंह, अनारक्षित समाज पार्टी के रामलखन, संयुक्त जनादेश पार्टी के आनंद कुमार, राष्ट्रीय समाज दल के सुनील कुमार, निर्दलीय जर्रार खां, विजय कुमार शुक्ला, शोभित सिंह, राजेश सिंह चौहान के नामांकन त्रुटियों के कारण निरस्त कर दिए गए। उन्होंने बताया कि अब 29 अप्रैल को नाम वापसी के साथ चुनाव चिन्ह आवंटन होगा और उसी दिन शाम को ईवीएम के लिए बैलेट पेपर निर्धारित हो जाएगा। विदित हो कि ईवीएम के बैलेट यूनिट में नोटा समेत 16 प्रत्याशियों के लिए खाने बने होते हैं। ऐसे में 16 से अधिक प्रत्याशी होने पर एक बूथ पर दो ईवीएम लगाई जातीं हैं। अब 11 नामांकन खारिज होने से दूसरी ईवीएम लगाने की संभावना लगभग खत्म हो गई है।

**इतने नामांकन पाए गए सही**

| राजनीतिक दल | प्रत्याशी |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | सुब्रत पाठक |
| समाजवादी पार्टी | अखिलेश यादव |
| बहुजन समाज पार्टी | इमरान बिन जफर |
| राष्ट्रीय क्रांति पार्टी | ललित कुमारी |
| भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी | शैलेंद्र कुमार |
| भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | डॉ. सुनील अग्निहोत्री |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | आलोक वर्मा |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | प्रो. रामबख्श वर्मा |
| ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक | सुभाष चंद्र |
| भारतीय कृषक दल | प्रमोद कुमार यादव |
| निर्दलीय | यादवेंद्र किशोर |
| निर्दलीय | राज कठेरिया |
| निर्दलीय | इरफान अली |
| निर्दलीय | नेहा पाठक |
| निर्दलीय | सिनोद कुमार |
| निर्दलीय | पुरुषोत्तम तिवारी |
| निर्दलीय | भानु प्रताप सिंह |

## प्रेक्षक ने परखीं स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाएं

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने नवीन कृषि मंडी स्थल पर पहुंचकर मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों को लेकर भी चर्चा की।

शुक्रवार को प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। संबंधित सभी अधिकारियों व कर्मियों को समय रहते सभी कार्य अच्छी तरह से पूरे करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिसर की हर रोज साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और बैरीकेडिंग सही से कराने को कहा।

प्रेक्षक ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। चार जून को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मतगणना कराई जाएगी। चुनाव कराने के बाद ईवीएम बूथों से 13 मई को ही शाम से जमा होने लगेंगी। उन्होंने रूट प्लान तैयार कर वाहन पार्किंग की व्यवस्था, निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल समेत मूलभूत व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कन्नौज अविनाश गौतम व संजीव विसारिया उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक को सीधे रिपोर्ट करेंगे माइक्रो ऑब्जर्वर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले के 1519 में से 1130 बूथों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे
- 280 मतदेय स्थलों के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर व 850 पर होगी वेबकास्टिंग

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीट हैं। इसमें 1519 बूथ हैं। कुल 1130 बूथों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसमें 280 बूथों पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं जो प्रेक्षक (आब्जर्वर) को मतदान को लेकर सीधे रिपोर्ट करेंगे।

माइक्रो आब्जर्वर की जिम्मेदारी एलआईसी व बैंककर्मियों को दी गई है जो बूथों पर पीठासीन अधिकारियों व अन्य मतदानकार्मिकों की मॉनीटरिंग करेंगे। बताया गया है कि भारत सरकार के अधीन कर्मचारियों को ही माइक्रो आब्जर्वर बनाया गया है। 13 मई को चुनाव के दौरान उनको क्या-क्या जिम्मेदारी निभानी है इसके लिए 30 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक 140-140 माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। इनकी तैनाती ऐसे बूथों पर है जो वलनरेबल्स श्रेणी में आते हैं। बताया गया है कि कुल 1130 बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी, इसमें 850 बूथों पर वेबकास्टिंग कराई जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग भी वेबकास्टिंग के जरिए मतदान पर नजर रखेगा।

### सामान्य प्रेक्षक से 10 से 11 बजे तक कर सकते संपर्क

**कन्नौज।** जनपद में मतदान एवं मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार नियुक्त किए गए हैं। उनसे प्रात :10 :00 से 11 :00 तक कोई भी प्रत्याशी/नागरिक संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रेक्षक आ गए हैं तथा निरीक्षण भवन में प्रवास करेंगे। उनसे मोबाइल नंबर 8707477739 पर संपर्क किया जा सकता है।


लोगों को शपथ दिलाते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

# असीम ने दिलाई शपथ, सपा के पक्ष में कतई वोट न दें दलित

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- चिकित्सा महाविद्यालय के गेट पर की समाज के साथ गोष्ठी
- मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने का उछाला मुद्दा

**अमृत विचार।** सदर विधायक व राज्यमंत्री असीम अरुण ने चिकित्सा महाविद्याल के गेट पर गोष्ठी का आयोजन कर दलितों को सपा के पक्ष में वोट न करने की शपथ दिलाई। इसके लिए मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने की बात याद दिलाई।

भाजपा ने दलित वोटरों को अपने पाले में करने के लिए एक बार फिर मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने का मुद्दा उछाल दिया है। प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के गेट पर दलितों को सपा के पक्ष में मतदान न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया था। भाजपा ने उनका और दलित समाज का सम्मान बरकरार रखा। इस मौके पर राजेश दिवाकर, अवनीश दोहरे, रामवीर कठेरिया, कुलदीप दोहरे समेत अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

### सरकार की नीतियां बताएं, प्रत्याशी को जिताएं

**सौरिख,कन्नौज।** भाजपा विधायक ने कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए रणनीति बनाई। शुक्रवार को तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने खड़नी कस्बा में स्थित पार्टी कार्यालय में बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक पहुंचाएं और पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। इस दौरान शैलेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र राजवत, मंडल अध्यक्ष मंजेश पाल मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र शाक्य, संजय प्रताप सिंह, अंशु तोमर, पीयूष द्विवेदी, प्रमोद सिंह बैस, आदि लोग मौजूद रहे।

### मंत्री की घोषणा के पांच साल बाद भी नहीं बना ट्रामा सेंटर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तत्कालीन औद्योगिक विकास मंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी अब तक एक्सप्रेस वे पर ट्रामा सेंटर नहीं बन सका है। पांच साल बाद भी ट्रामा सेंटर के लिए जमीन भी चिन्हित नहीं हो पाई है। इससे हादसे का शिकार लोग मेडिकल कालेज तिर्वा और सैफई मेडिकल कालेज जाते हैं। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के सौरिख कट का उद्घाटन 5 दिसम्बर 18 को तत्कालीन औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने राज्यमंत्री सुरेश राणा और भाजपा के क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत की उपस्थिति में किया था। तब महाना ने एक्सप्रेस वे के पास ट्रामा सेंटर के निर्माण की घोषणा की थी जिससे हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। पांच साल बीत गए और महाना विधानसभा अध्यक्ष हैं लेकिन ट्रामा सेंटर के लिए जमीन तक चिह्नित नहीं हो सकी। हालांकि जमीन चिन्हित करने के लिए राजस्व विभाग को कई बार निर्देशित किया जा चुका है। तिर्वा भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने बताया कि लोकसभा चुनावों के बाद ट्रामा सेंटर के निर्माण के लिए प्रयास किया जाएगा।

# उधर वोट मांगते रहे, इधर पर्चा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राष्ट्रीय जन संचार दल के प्रत्याशी अंकुर प्रताप सिंह कर रहे थे जनसंपर्क
- निर्दलीय विजय कुमार शुक्ला व शिवांक बाजपेयी ने लगाया पक्षपात का आरोप

**अमृत विचार।** उधर, प्रत्याशी वोट मांग रहे थे, इधर नामांकन निरस्त हो गया। शुक्रवार को स्क्रूटनी का दिन था, कुछ प्रत्याशी नामांकन के बाद जनसंपर्क में जुट गए थे। पर्चा खारिज होने की जानकारी पर भारी मन से घर लौट आए।

राष्ट्रीय जन संचार दल के प्रत्याशी अंकुर प्रताप सिंह सेंगर नामांकन के बाद से ही सक्रिय हो गए थे और कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे थे। गांव-गांव सभाएं कर वह लोगों को अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। शुक्रवार को वह रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ खेत-खलिहानों में किसानों से वोट मांग रहे थे। अंकुर प्रताप सिंह लगातार सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं और प्रतिदिन अपने जनसंपर्क अभियान व प्रचार के फोटो भी शेयर कर रहे थे। जब जांच की गई तो उनका नामांकन ही त्रुटियों के कारण निरस्त हो गया। ऐसे में वह मायूसी के साथ घर लौट आए। वहीं, निर्दलीय विजय कुमार शुक्ला ने प्रशासन पर सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी के दबाव में आकर उनका पर्चा खारिज कर दिया गया। इसको लेकर वह चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। शिवांक ने बताया कि नामांकन पत्र में कई जगह उन्होंने संसदीय क्षेत्र का नाम लिखा है, लेकिन एक जगह न लिखा होने के कारण उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया, जो कि गलत है।


रसूलाबाद में किसान से वोट मांगते अंकुर प्रताप सिंह। अमृत विचार

## आज आएंगे अखिलेश यादव, मांगेंगे वोट

**कन्नौज।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अब कन्नौज सीट से प्रत्याशी हैं। वे शनिवार से जनसंपर्क शुरू कर रहे हैं। पार्टी कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह साढ़े 10 बजे अमौसी एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे और 11 बजे कानपुर देहात के शिवली थाना क्षेत्र स्थित हवाई पट्टी मरहमताबाद में उतरेंगे। यहां से रसूलाबाद, फिर औरैया के बेला और इसके बाद कन्नौज उमर्दा थाना तिर्वा क्षेत्र पहुंचकर जनसंपर्क करेंगे।



# अफसर चुनाव में लगे, थम गई विकास की रफ्तार

**कन्नौज।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से हो गई थी। 25 दिन गुजर चुके हैं लेकिन नए कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। करीब दो महीने अभी और इंतजार करना पड़ेगा। कारण, अफसर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इससे पुराने विकास कार्य भी थम गए हैं। साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू है।

इन दिनों सरकारी विभागों में योजनाओं व परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के नाम पर सन्नाटा है। अधिकारी विभागीय योजनाओं का लक्ष्य व बजट आने का इंतजार कर रहे हैं। ज्यादातर अफसर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर कोई न कोई जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कई अधिकारी तो ऐसे हैं, जिनके पास चुनाव की कई कमान दी गईं हैं। बताया जा रहा है कि जो भी कार्य विभागों में हो रहे हैं, उसमें से ज्यादातर निर्वाचन से संबंधित ही हैं। दरअसल, 16 मार्च को भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव का ऐलान किया था। उसी दिन से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई। इस वजह से नए कार्य नहीं शुरू हो सके। ज्यादातर नए कार्यों का प्रस्ताव ही नहीं बन सका।

## सार-संक्षेप

### मदरसा छात्रा सिमरन जिले में प्रथम

**तालग्राम।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना परीक्षा में नगर की छात्रा सिमरन ने प्रथम प्राप्त कर जनपद में गुरुजनों व परिजनों का नाम रोशन किया है। कस्बा तालग्राम के मदरसा फैजुल उलूम जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज खान ने बताया कि सिमरन परवीन कक्षा नौ की छात्रा है। उसने वर्ष 2024 में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित योजना छात्रवृत्ति परीक्षा दी थी। बुधवार को परिणाम घोषित होने पर उसने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रबंध समिति ने छात्रा को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मदरसा के प्रधानाचार्य शाहनवाज खान, जाकिर हुसैन, शिक्षक सलमान खान, सुमन वर्मा, कमरुद्दीन आदि शिक्षक मौजूद रहे।


छात्रा सिमरन को मिष्ठान खिलाते शिक्षक।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा के तहत मिला लाभ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के अंतर्गत शाखा प्रबंधक द्वारा विधवा को दो लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक मदद की गई। शुक्रवार को ग्राम सराय प्रयाग स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि कुमार, शाखा प्रबंधक, बैंक स्टाफ की तरफ से स्वर्गीय अनुज कुमार की पत्नी रीता देवी को योजना के तहत दो लाख की चेक दिया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक अर्पित, शुभम कुमार मिश्रा, बैंक मित्र अरविंद प्रताप सिंह, राहुल कुमार, मोनू रावत, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


गली में जलभराव की जानकारी देते नागरिक। अमृत विचार

### गली में जलभराव की समस्या से नागरिक परेशान

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला आजाद नगर की गली में जलभराव होने से राहगीरों सहित स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों रामचंद्र, धर्मेंद्र, रविंद्र, शिवम् महेंद्र, अजीत, राजू, रामकुमार, रामनिवास आदि कहना है कि घर के सामने जलभराव है। जबकि सभासद परमजीत सहित नगर पालिका प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जलभराव की समस्या का निस्तारण करने की मांग की है।


रसोइयों को इस तरह कपड़े पहनने के निर्देश दिए गए हैं। अमृत विचार

### यूनीफार्म में न दिखीं रसोइया तो प्रधानाध्यापक पर होगी कार्रवाई

**कन्नौज।** छात्र-छात्राओं के लिए मिड-डे मील बनाने को तैनात अधिकतर रसोइयां निर्धारित यूनिफार्म में विद्यालयों में नहीं पहुंचतीं हैं। इसको लेकर नाराजगी जताई गई है। निरीक्षण करने वाले अधिकारियों ने भी यह लापरवाही पकड़ी है। बीएसए ने सभी इंटर कॉलेज व मदरसों के प्रधानाचार्य, परिषदीय स्कूलों, अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को पत्र भेजा है। इसमें यूनिफार्म पहनने पर जोर दिया गया है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि महिला रसोइयों की साड़ी का रंग भूरा (ब्राउन) व पुरुष रसोइयों का पैंट भूरा व शर्ट बादामी रंग की निर्धारित है। इसे प्रतिदिन पहनकर किचन में मिडडे-मील बनाने का नियम है। पत्र में हवाला दिया गया है कि पीएम पोषण योजना में एमएमई मद में प्रति विद्यालय 700-700 रुपये दी गई है। मध्याह्न भोजन निधि खातों में भेजी गई 700-700 रुपये से रसोइयों के लिए एप्रिन, ग्लब्स, हेडकवर, हाथ धोने के लिए साबुन, लेखन सामग्री, एमडीएम पंजिका व फार्म खरीदने के लिए भेजे गए थे। बीएसए ने पत्र में कहा है कि निरीक्षण में रसोइयां यूनिफार्म में नहीं मिलतीं हैं। न ही इसको लेकर प्रधानाध्यापक व स्कूल के जिम्मेदारों की ओर से रसोइयों से कहा जा रहा है। इस लापरवाही को लेकर उच्चाधिकारियों की ओर से नाराजगी जताई गई है। आदेश का पालन न करने पर कार्रवाई होगी।

### कार को बचाने में दूसरी कार पलटी, चालक घायल

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के नादेमऊ में एक कार को बचाने के चक्कर में दूसरी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। कार चालक सुमित सैनी पुत्र सुधाकर सैनी निवासी ग्राम बेला जनपद औरैया अपने घर से सौरिख बारात कार्यक्रम मे जा रहे थे तभी सामने से आ रहे वाहन को बचाते समय कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें चालक सुमित सैनी अपने साथी के साथ गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें हसेरन भेजा जहां सुमित की गंभीर हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

चुनावी चकल्लस | समाजवादी पार्टी अपने पूर्व के कार्यों को गिनाकर जीत के प्रति आश्वस्त है

# स्थानीय नहीं राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मैदान में उतरी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज जिले के सृजन को लेकर अपनी पीठ ठोंक रही है बसपा
- भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के कर रहे दावे

**अमृत विचार।** चुनाव की युद्धभूमि सज चुकी है और सेनापति सेनाओं के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पास वोट मांगने के लिए कोई स्थानीय मुद्दा नहीं है। उनका पूरा चुनाव राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर टिका है, यानी राम मंदिर, अखिलेश के मुख्तार के यहां जाने और मंदिर न जाने पर सवाल और केंद्र-प्रदेश सरकार के कराए काम। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी अपने पूर्व के कार्यों को गिनाकर जीत के प्रति आश्वस्त है।

इस चुनाव में कन्नौज एक बार फिर से राष्ट्रीय परिदृश्य में आ गया है। वजह है यहां से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा चौथी बार चुनाव मैदान में कूदना। काफी पहले इस बात की चर्चा तेज थी कि वे ही सपा से ताल ठोंकेंगे लेकिन बीच-बीच में असमंजस की स्थितियां आती रहीं। अब नामांकन हो चुका है और इसके साथ ही इस महासंग्राम के योद्धा भी लगभग तय हो चुके हैं। इसमें प्रमुख भाजपा के सुब्रत पाठक, सपा के अखिलेश यादव और बसपा के इमरान बिन जफर हैं। सत्ता पक्ष की बात करें तो मौजूदा जनप्रतिनिधि के पास गिनाने के लिए स्थानीय स्तर पर कोई मुद्दा नहीं हैं। जनता की शिकायत भी यही है कि पांच साल में उन्हें 'विकास' कहीं देखने को नहीं मिला। बात करने पर सवाल भी उठाती है कि ज्यादा नहीं केवल पांच काम ही गिना दिए जाएं जो पांच साल में क्षेत्र के लिए किए गए। वहीं, प्रत्याशी के पास चुनाव लड़ने के लिए केवल राष्ट्रीय मुद्दे और अबकी बार 400 पार का नारा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल देने के लिए खुद को वोट की अपील कर रहे हैं। वहीं उनके एक शुभचिंतक पूछने पर बताते हैं कि 'विकास तो सरकार कराती है, सांसद नहीं।' अब बात करें समाजवादी पार्टी की तो मुखिया मैदान में हैं और जब भी आते रहे अपने पूर्व के काम गिनाते रहे। नामांकन के दिन भी अपने समय मे कन्नौज में हुए कार्य जैसे मेडिकल कॉलेज, कैंसर अस्पताल, कार्डियोलॉजी, काऊ मिल्क प्लांट, सौर ऊर्जा प्लांट आदि तमाम सूची गिनाना नहीं भूले। जनता को भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि भाजपा के समय रुका विकास वे सांसद बनेंगे तो कराएंगे। उद्यमियों का कारोबार आगे ले जाने के साथ कन्नौज का ऐतिहासिक विकास कराएंगे। यह बात अलग है कि प्रेस के सवालों से घिरे तो भाजपा सांसद की टिप्पणी पर पलटवार करने से नहीं चूके। बार-बार बस ऐतिहासिक जीत का भरोसा जताते रहे। बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर मैदान में उतरे हैं। उन्हें अपनी जीत का भरोसा है कि जब मायावती सरकार थी तब इस जिले का सृजन हुआ था। हालांकि गिनाने के लिए कुछ खास उनके पास नहीं है। कुल मिलाकर स्थानीय चुनाव राष्ट्रीय मुद्दा बनाम विकास होने के आसार हैं।

### सभी को जातीय वोटों का सहारा

**कन्नौज।** चुनाव कोई भी हो राजनीति में धर्म-जाति का समावेश होता ही है। इस चुनाव का भी कुछ ऐसा ही हाल है। क्षेत्र में कुल 1808886 मतदाता हैं जिसमें से करीब 289,422 मुस्लिम तो इतने ही यादव वर्ग से हैं। लगभग 271,333 ब्राह्मण और लोधी राजपूत 180,889 हैं। शेष 707,466 में अन्य वर्ग व जातियां शामिल हैं। सपा का निशाना अहीर व अल्पसंख्यक वोटों पर है जो उनका ही वोटबैंक माना जाता है। अल्पसंख्यक कांग्रेस का भी वोट रहा है लेकिन इस बार कांग्रेस और सपा में गठबंधन है। ब्राह्मण वोट यूं तो भाजपा का माना जाता है लेकिन इसमें बंटवारा होता रहा है। लोधी राजपूत का भी यही हाल है। यह भाजपा का माना जाता है लेकिन खबर है कि भाजपा से नाराजगी के चलते इस बार इस में भी सेंध लग सकती है। शेष में दलित व अन्य जातियां शामिल हैं। जो भी दल अपना कोर वोट बंटने से ज्यादा रोक लेगा विजयश्री उसके ही सिर होगी। यही कारण है कि सभी प्रत्याशी जाति-वर्ग-धर्म विशेष को हर तरह से समझाने के प्रयास में हैं कि वे ही उनके बड़े शुभचिंतक हैं।

# गर्मी बढ़ी, डायरिया की चपेट में आ रहे बच्चे

## 10 में से 5 बच्चे हो रहे बीमारी का शिकार, विशेषज्ञ बोले- बच्चों को धूप से बचाएं, पिलाते रहें पानी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



रोगियों को देखते बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक सक्सेना। अमृत विचार



अस्पताल में पर्ची लेने के लिए लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आसमान से बरस रही आग और चल रही गर्म हवाओं से डायरिया के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। सबसे ज्यादा गर्मी का दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। हालांकि सभी आयु वर्ग के लोग गर्मी से बेहाल हैं।

डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आने वाले 10 बाल रोगियों में पांच बाल रोगी उल्टी, दस्त से पीड़ित हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक सक्सेना का कहना है कि यह गर्मी का सितम है। इससे बच्चों तथा हर आयु वर्ग के व्यक्ति को बचाना चाहिए। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सक्सेना का कहना है कि गर्मी की वजह से बच्चों तथा हर आयु वर्ग के व्यक्ति को डिहाइड्रेशन हो रहा है। जिसकी वजह से व्यक्ति को पानी की कमी हो जाती है। बच्चे उल्टी, दस्त का शिकार हो रहे हैं। इस समय सभी को धूप से बचाव करना बहुत जरूरी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बताते हैं कि इस समय आने वाले हर दस बच्चों में पांच बच्चे डायरिया से पीड़ित आ रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों को धूप से पूरी तरह से बचना चाहिए और उन्हें रखा हुआ भोजन नहीं देना चाहिए। सड़ी गर्मी पड़ने की वजह से इस समय भोजन 2 घंटे में ही सड़ जाता है और उसके खाने से लोग डायरिया ,हैजा,कालरा ,गैस का शिकार हो रहे हैं। हैजा तथा अन्य बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। मौजूदा समय में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से लोग बुखाए का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगो को चाहिए कि वह धूप में निकलते समय अपना मुंह तथा पूरी बॉडी कपड़ो से पूरी तरह से ढक ले। शीतल पेय पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। सस्ते शीतल पेय पदार्थ जैसे गन्ने का जूस,टिक्की वाली घटिया बर्फ से परहेज करें। डाक्टर का मानना है कि यह घटिया शीतल पेय पदार्थ मीठा जहर है।गली गली में 5 रुपये में बिकने वाली बर्फ को बच्चे चाव से खा जाते हैं। इनके सेवन से वह जानलेवा बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ बताते है कि इस समय बच्चों की सावधानी बरतने का समय है। बच्चे फूल की तरह कोमल होते हैं। एक बार मुरझाने के बाद उन्हें अपनी स्थिति में वापस लाना मुश्किल हो जाता है।

डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में दवा लेने आए राम कुमार बताते है कि उनके बच्चे को उल्टी दस्त होने लगे। जिसे लेकर जब तब वह अस्पताल आये बच्चे की हालत गम्भीर हो गई।नतीजतन उसे भर्ती कराना पड़ा। गांव धनसुआ की रहने वाली प्रज्ञा कटियार बताती है कि उसकी बेटी डायरिया से पीड़ित हो गई है। उल्टी दस्त होने की बजह से पानी की कमी हो गई।उसका इलाज किया जा रहा है।

भीषण गर्मी के चलते डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ओपीडी में रोगियों की संख्या बढ़ गई है डॉक्टर राजकुमार गुप्ता चिकित्सा अधीक्षक की माने तो यहां की ओपीडी इस समय 600 से बढ़कर 800 तक पहुंच गई है। दिन प्रतिदिन रोगियों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। जिसकी खास बजह यह है कि भीषण गर्मी की वजह से लोग लू का शिकार हो रहे हैं। ।लपट लग जाने से लोगों की हालत बिगड़ रही है। उनका कहना है कि हर व्यक्ति को लपट से बचाव करना चाहिए लू का शिकार व्यक्ति को ठीक करना मुश्किल हो जाता है।

## नवाबगंज में दस एमवीए ट्रांसफार्मर से शुरू हुई आपूर्ति

**नवाबगंज, फर्रुखाबाद।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज पर रखे गए दस एमवीए का ट्रांसफार्मर गुरुवार दोपहर बाद चालू कर दिया गया। ट्रांसफार्मर बदलने से करीब 17 घंटे कस्बे की आपूर्ति ठप रही। बुधवार को नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र पर पांच एमवीए की जगह दस एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाना शुरू किया गया था। सुबह आठ से लेकर रात एक बजे तक बिजली गुल रही । बिजली गुल होने से गर्मी में लोगों का बुरा हाल रहा। पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ा था। टीम ने ट्रांसफार्मर का तेल खौलाने के बाद फीडरों को चालू किया। 4 घंटे बिजली चलने के बाद दूसरे फीडर को रोस्टिंग के आधार पर बिजली चालू की गई आज दोपहर 12 बजे के बाद ट्रांसफार्मर पर लोड रख दिया गया। रात्रि लगभग 1 बजे तक एसडीओ मनीष वर्मा अपनी टीम के साथ विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद रहे अधिकारी उनसे मौके का हाल लेते रहे। एसडीओ मनीष वर्मा ने बताया आज दोपहर तक सभी क्षेत्र के फीडर को लगातार बिजली दी जाएगी।

## जनातियों-बारातियों में जमकर हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों को हिरासत में लिया
- कैमरे की बैटरी डाउन होने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में बिटिया की भांवरे पड़ते समय फोटो ग्राफर के कैमरे की बैटरी डाउन हो गई। इससे नाराज जनातियों ने फोटो ग्राफर की पिटाई कर दी। इसके बाद बारातियों और जनातियों में जम कर पथराव हुआ। इसके बाद जनातियों ने कैमरा मैन को बंधक बना लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को हिरासत में ले लिया।

शहर के मोहल्ला निवासी खतराना निवासी बबलू शुक्ला के पुत्र अमन शुक्ला की बारात बढ़पुर एक गेस्ट हाउस में आई थी। विवाह जनपद एटा के अलीगंज ग्राम गाही से हो रहा था। सुबह लगभग चार बजे विवाह चल रह था। कि कैमरामैन गोलू राज पुत्र विनय अग्निहोत्री निवासी कुचिया के कैमरे की बैटरी डाउन हो गई। वधु पक्ष फोटो खींचने का दबाव बना रहा था। गोलू ने बताया कि बैटरी चार्ज होने तक रुकना पड़ेगा। जिस पर वधु पक्ष के लोग अक्रोशित हो गए। उन्होंने कैमरामैन गोलू व उसके सहयोगी दीपांशु पुत्र महेश नगला दीना भोलेपुर के साथ जमकर मारपीट कर दी।

दीपांशु किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग आया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर गोलू के परिजन मौके पर आ गए। आरोप है कि वधु पक्ष ने गोलू के कैमरे छीन लिए कपड़े भी फाड़ दिये। परिजनों के गेस्ट हाउस के बाहर पंहुचने पर दोनों पक्षों मे पथराव हो गया। सूचना मिलने पर थाना कादरीगेट से उपनिरीक्षक जगदीश वर्मा, आईटीआई चौकी प्रभारी सुरजीत सिंह मौके पर पंहुचे और दोनों पक्षों के आठ लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पीड़ित गोलू पक्ष को हवालात में बंद कर वधु पक्ष को कार्यालय में बैठाया है। उप निरीक्षक जगदीश वर्मा ने बताया की जांच की जा रही है।



आग से जली गेहूं की फसल।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से दो बीघा की फसल जली

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बिजली के तार से गिरी चिंगारी से आग लगने से उसके पास खड़ी गेहूं की फसल धू-धू कर जलने लगी।

देखते ही देखते लगभग दो बीघा फसल राख हो गई। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहिला निवासी योगेंद्र यादव पुत्र माखन सिंह यादव का कारगिल पेट्रोल पंप के पीछे 15 बीघा खेत है। जिसमें गेहूं पका खड़ा है। बीती रात अचानक गेहूं में आग लग गयी। आनन-फानन में ग्रामीण एकत्र हुए। उन्होंने डायल 112 को फोन किया। उधर ग्रामीणों ने मिट्टी-पानी आदि से आग पर कड़ी मसक्कत के बाद काबू पाया। तब तक लगभग दो बीघा गेहूं की फसल राख हो गयी।

## पुलिस पर आरोपी को छोड़ने का लगाया आरोप


**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवदिया कानपुर रोड निवासी हंसमुखी ने शुक्रवार को एसपी विकास कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि उसकी परचून की दुकान है। वह तीस मार्च को दुकान के बाहर बैठी थी। दुकान में गाय ब्रिकी के 75 सौ रुपये व गोलक में 25 सौ रुपये रखे थे। उसी दौरान मोहल्ला ग्रानगंज का युवक आया। उसने पूरे दस हजार रुपये निकाले। युवक को जाते समय हंसमुखी ने देख लिया। इस मामले में कोतवाली में युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने युवक को पकड़ा। पूछताछ कर दो घंटे बाद छोड़ दिया। कोतवाली से वापस आने के बाद युवक ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। एसपी ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करवाने का भरोसा दिया।

## चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, चार झोपड़ियां जलीं

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर खरेटा के मजरा दादूपुर में गुरुवार को चूल्हे पर खाना बनाए जाने के दौरान अचानक झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। घर परिवार के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप भी ले लिया। आग ने चार झोपड़ियों को जलाकर खाक कर दिया।

जानकारी के अनुसार रामअवतार की पत्नी सुदामा देवी दोपहर का खाना बना रही थीं। अचानक चूल्हे से चिंगारी निकली जो झोपड़ी पर जा गिरी। देखते ही देखते झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। आगजनी की घटना के बाद घर परिवार में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुन



आग से जला सामान।

आसपास मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तथा हैंडपंप के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया । मगर आग बुझाने की बजाय बढ़ती गई। पड़ोसी राजवीर के घर को भी आगोश में ले लिया। 80 हजार रुपये की कीमत की भैंस जल गई। तथा कुछ समय बाद उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पास में राणा की झोपड़ी भी आगजनी की घटना का शिकार हो गई।

## जागरूक कर दिलाई मतदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ब्लॉक बढ़पुर क्षेत्र के गांव नूरपुर में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

गांव नूरपुर में आयोजित चुनाव पाठशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा कि भारत का विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमें गर्व है कि सरकार चुनने में एक मत हमारा भी होता है। मतदान सबसे बड़ा दान है। इससे देश की उन्नति के लिए 13 मई को बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। परिजन व रिश्तेदारों को मतदान कराने का संकल्प लें। लोगों ने संकल्प पत्र भरकर मतदान शपथ ली। प्रधानाध्यापक नूरपुर गोविंद चौरसिया ने लोगों से नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए मतदान करने




मतदान की शपथ लेते शिक्षक। अमृत विचार

की अपील की। सुमन यादव, प्रीति चौहान, नेहा यादव, राहुल सिंह, अनीता बाजपेई ,रोशनी, मीरा देवी, शिवांशु, ईश्वर देवी, जमुना देवी, गुनगुन आदि मौजूद रहीं। उधर, स्वराज वीर शिक्षा सदन इंटर कॉलेज कमालगंज में गौरव शाक्य ने चुनाव पाठशाला कराई। छात्र-छात्राओं ने मतदान वाले दिन अपने घर-परिवार व पड़ोस के लोगों को मतदान कराने की जिम्मेदारी ली। प्रधानाचार्या ने 13 मई को मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान वोट का महत्व बताकर मतदाता शपथ भी दिलाई गई। प्रधानाचार्य गीता वर्मा, बदन सिंह शाक्य, आनंद कुमार, अनिल कुमार शाक्य, संजीव कुमार, आलोक पालीवाल व सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव: खारिज हुए आठ पर्चे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए किए गए 17 उम्मीदवारों के नामांकन में आठ उम्मीदवारों के नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए गए हैं। दो निर्दलीय सहित सात दलीय उम्मीदवार इस समय चुनाव मैदान में हैं।

मौजूदा समय में बहुजन समाजवादी पार्टी से क्रांति पांडे, समाजवादी पार्टी से डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, भारतीय जनता पार्टी से मुकेश राजपूत, भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश सिंह, भारतीय जवान किसान पार्टी से विद्या प्रकाश भारती ,नागरिक पार्टी से श्यामवीर सिंह, विद्या प्रकाश चुनाव मैदान में है। जबकि निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सौभाग्यवती राजपूत और हरिनंदन सिंह भी चुनाव मैदान



नामांकन पत्रों की जांच करते जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

- अब सात दलीय, दो निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में

में डटे हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह ने बताया कि 8 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए हैं। जिनमे रंजीत सिंह बहुजन क्रांति पार्टी, विक्रांत सिंह राणा स्वतंत्र इंडियन लेबर पार्टी, मानसिंह निर्दलीय, नरेंद्र सोमवंशी निर्दलीय, यदुनाथ सिंह अखिल भारतीय अशोक सेना, संतोष यादव निर्दलीय, इरशाद संयुक्त जनादेश पार्टी, दीपक कुमार निर्दलीय का पर्चा खारिज कर दिया गया है।

## युवक ने लगाई दरोगा की टोपी वीडियो वायरल

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में दरोगा की टोपी लगाए युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी युवक कार में बैठकर दरोगा की टोपी लगाए हुए हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। युवक को पुलिस का कोई खौफ नहीं नजर आया। कायमगंज कोतवाली प्रभारी रामअवतार ने बताया कि एक युवक कार में बैठकर दरोगा की टोपी लगाए हुए हैं उसकी जांच की जा रही है।



दरोगा की टोपी लगाए बैठा युवक।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

- कायमगंज के घसिया चिलौली गांव का मामला
- ससुराल में शादी समारोह से लौटने के बाद बिगड़ी तबीयत

**अमृत विचार।** कायमगंज नगर के पास बसे गांव घसिया चिलौली निवासी गुंजा होटल मालिक के 28 वर्षीय बेटे विकास उर्फ विक्की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

बताया गया कि किसी कारणवश विकास की अचानक तबियत बिगड़ गई। रात के लगभग 9:30 बजे उसका भाई उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचा। यहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिस समय विकास को उसका भाई अस्पताल लाया था। उसकी हालत खराब होने के बारे में पूछे जाने पर उसके भाई तथा साथ आए किसी भी व्यक्ति ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। अस्पताल से मेमो कोतवाली भेज दिया गया है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विकास शराब पीने का आदी था। इसकी ससुराल में शादी समारोह था। जहां वह अपनी पत्नी के साथ गया था। पत्नी मायके में ही रुक गई लेकिन विकास गत शाम ही घर वापस लौटा था। इसके बाद उसकी जीवन लीला ही समाप्त हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बारे में परिवार का कोई भी व्यक्ति कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं हो रहा है।

## सार-संक्षेप



लोहिया असपताल में भर्ती घायल महिला। अमृत विचार

### गोवंश के हमले से महिला घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में घर के बाहर बैठी महिला पर अन्ना गोवंश ने हमला कर दिया। गम्भीर यवस्था में महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टर उसकी हालत चिंता जनक बता रहे है। थाना क्षेयर के गांव कलुआपुर निवासी 45 वर्षीय शीला पत्नी गुड्डू अपने घर के बाहर बैठी हुई थी ।तभी आवारा गौवंश आया और महिला शीला के ऊपर हमला कर दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घर वालों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायल महिला शीला को लाया गया है। हालत गंभीर होने पर उसको भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है ।



घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### सड़क हादसे में दंपति घायल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पुलमंडी पुलिया के पास 11 माह के बच्चे को दिखाने जा रहे बाइक सवार दंपति को लोडर ( छोटा हाथी ) ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सतीश कुमार पुत्र कालीचरन उम्र 29 वर्ष उसकी पत्नी बबली उम्र 26 वर्ष घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया। घायल दंपत्ति को आनन-फानन में डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक सतीश कुमार ने बताया कि वह पत्नी के साथ 11 माह के पुत्र हैप्पी को दिखाने के लिए डॉ. भल्ला के पास आवास विकास जा रहा था ।तभी फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पुलमंडी पुलिया के पास सामने से आ रहे छोटा हाथी ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बाइक में टक्कर मारने वाले छोटा हाथी को पकड़ कर खड़ा करा लिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाल श्याम शरण सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### युवक पर चाकू से हमला, बाल-बाल बचा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुलमंडी निवासी सुधाकर ने मोहल्ला भूसामंडी निवासी शानू के खिलाफ एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि 24 अप्रैल को शानू की चिकन की दुकान पर दोस्त संजू मिल गया। सुधाकर उससे बात करने लगा। तभी शानू ने ग्राहक को भड़काने का आरोप लगाकर जाति सूचक गाली-गलौज किया। उसने चाकू से हमला कर दिया। इसमें बह बाल बाल बच गया। आस पास के दुकानदारों के आने पर शानू ने जान से मारने की धमकी दी।

## बिजली बिल वसूली में तेजी लाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अधिशासी अभियंता ग्रामीण फर्रुखाबाद ने मातहतों के साथ बैठक कर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आईडीएफ भी जल्द से जल्द समाप्त करें। एक्सईएन ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने जेई व एसडीओ के साथ बैठक कर कहा कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष राजस्व वसूली कम है। सभी जेई व एसडीओ अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व वसूली तेज करें। आईडीएफ मीटरों को भी जल्द से जल्द बदलवाएं। जिस किसी ग्रामीण के बिल में अगर गड़बड़ी मिले तो उसे प्राथमिकता के आधार पर सही कराया जाए। जले या खराब मीटरों की सूचना तत्काल उन्हें दें, जिससे वह मीटर विभाग को अवगत कराकर मीटर बदलवा सकें। गर्मी



बैठक करते अधिशासी अभियंता।

में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति करने के लिए सारे प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि कहीं भी खराब ट्रांसफार्मर की सूचना मिले तो उसे तुरंत ठीक कराएं। फुका ट्रांसफार्मर भी जल्द से जल्द बदला जाए। इस अवसर पर एसडीओ रामप्रवेश प्रजापति, रामकुमार वर्मा, विकास कुमार, सुजीत कुमार, जेई दीपक कुमार, संदीप कुमार, जावेद अहमद और अजीत आदि मौजूद रहे।

अव्यवस्था

परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक व दो के बच्चों को हो रही समस्या

## विद्यार्थियों की नहीं आईं किताबें, कैसे करें पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक व दो के बच्चों को बिना किताबों के पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। किताबें आने में अभी दो माह का समय और लग सकता है। ऐसा इसलिए कि नए शैक्षिक सत्र में कक्षा एक व दो की किताबें एनसीईआरटी की खरीदी जानी हैं, लेकिन अभी तक वर्क आर्डर नहीं हो सका है। नौनिहाल स्कूल तो आते हैं, लेकिन किताबें न होने से खेलकूद कर वापस घर लौट जाते। अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों में किताबें पहुंचने में दो माह का समय लग सकता है। किताबें न होने से विभाग का निपुण अभियान कैसे सफल होगा। यह सवाल अबूझ है।

शासन के आदेश हैं कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक व दो के बच्चों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाया जाए। मगर अभी तक किताबों का टेंडर तक नहीं हो सका है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा विभाग कक्षा एक व दो की किताबों के टेंडर की प्रक्रिया कर रहा था, तभी आचार संहिता लग गई। चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद विभाग ने फिर टेंडर डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके चलते जनपदवार किताबों की आपूर्ति में एक से दो माह का समय लग सकता है। किताबें न होने से कक्षा एक व दो के छात्र स्कूल तो आते हैं, लेकिन बिना पढ़े खेलकूद कर चले जाते हैं। बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय लिंजीगंज में कक्षा एक व दो के बच्चे कक्षा कक्ष में बैठकर खेल रहे थे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुशील मिश्रा ने बताया कि कक्षा एक व दो की किताबें नहीं मिली हैं। कक्षा एक में लगभग छह हजार और कक्षा दो में करीब आठ हजार बच्चे पंजीकृत हैं।



किताबों के अभाव में कक्षा में खेलते विद्यार्थी। अमृत विचार

- किताबें आने में अभी लग सकता है दो माह का समय

“कक्षा एक व दो की किताबों का टेंडर परियोजना से हो गया है। परियोजना से निर्देश मिलते ही जनपद से कक्षा एक व दो की पाठ्य पुस्तकों का वर्क आर्डर दे दिया जाएगा। शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि तब तक वह लोग बच्चों को पुरानी किताबों से पढ़ाएं।

-गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकार, फर्रुखाबाद

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः ।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है ।


## संपादकीय

# चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

# जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

## प्रसंगवश

# अद्वैत दर्शन के प्रणेता



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

# जेल में मुलाकात का एक दिन



अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाजें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

## सोशल फोरम

# बेचने की कला



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

-फेसबुक वॉल से

# विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

# मां की सीख



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

# हादसा : पिकअप से गिरकर एक युवक की मौत, दो लोग घायल

## झंडा चढ़ाकर वापस आ रहे थे, चालक के ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** झंडा चढ़ा कर वापस अपने घर लौट रहे तीन युवक पिकअप के ऊपर बैठे हुए थे। तेज रफ्तार पिकअप ने अचानक ब्रेक मार दिए। अचानक ब्रेक मारने से पिकअप के ऊपर बैठे तीन युवक जमीन पर गिर पड़े। जिसमें एक की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया है।



अभिषेक।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के गांव पितांबरपुर के पास झंडा चढ़ाकर वापस अपने घर जा रहे तीन युवक पिकअप में लगे डीजे के ऊपर बैठे हुए थे। जब पिकअप झंडा चढ़कर लौट रही थी तभी चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पिकअप के ऊपर बैठे 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र भरत सिंह निवासी राजमऊ थाना वैदपुरा नीचे गिर पड़ा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ऊपर अभिषेक के दो साथी मित्र भी बैठे थे, जिसमें सुखलाल और राज कपूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर डॉक्टर ने स्थिति को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मृतक के चचेरे भाई किशोर कुमार ने बताया कि गुरुवार को गांव के रहने वाले इंद्रजीत का झंडा चढ़ा कर वापस अपने घर आ रहे थे तभी हादसा हो गया। जानकारी मिलने पर परिवार के सभी लोग जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### वाहन की टक्कर से तहसील कर्मी की गई जान

**बकेवर।** गुरुवार को देर शाम थाना क्षेत्र में निवाड़ीकला महेवा मार्ग पर गांव इंद्राउखी बंबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वाइक सवार तहसील कर्मी की मौत हो गई। जानकारी होने पर उसके घर में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव इन्द्रापुर में रहने वाले गयादीन दोहरे का 41 साल का पुत्र सुशील कुमार भरथना तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के रूप में तैनात था। वह ग़ुरुवार की देर शाम महेवा से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था, उक्त स्थान पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मारकर मार दी और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सुशील की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। थाना बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ था।

### घरेलू कारणों से परेशान युवती ने लगाई फांसी

**इटावा।** चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव डिभौली में घरेलू कारणों से परेशान एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उक्त गांव निवासी मुनेश कुमार की 18 वर्षीय पुत्री शीतल उर्फ सीमा घरेलू कारणों से परेशान थी। इसी परेशानी के कारण उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों को जब इसकी जानकारी तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत, प्रोफेसर घायल

**सैफई।** बैदपुरा थाना के अंतर्गत राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास स्कूटी सवार दो लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तर प्रदेश आयुर्वीज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां पर एक की मौत हो गयी। बताया गया चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा मे तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरगोविंद सिंह 42 वर्षीय पुत्र मानसिंह निवासी भनोथपुर थाना आयाना जिला औरैया शुक्रवार को यहां कॉलेज से ड्यूटी समाप्त कर अपने साथ कोऑपरेटिव प्रशिक्षण केंद्र हैवरा के कर्मचारी माधवकांत यादव के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर जा रहे थे। इस दौरान इटावा मैनपुरी राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास कार ने टक्कर मार दी। लोग दोनो को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने माधव कांत यादव को मृत घोषित कर दिया और डॉ हरगोविंद सिंह का इलाज किया।

## बीमारी से तंग महिला ने फांसी लगा दी जान

**बकेवर, इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव लालपुरा के बृजेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी 28 साल की बहन शिवानी पत्नी धुव्र सिंह दोहरे मानसिक रूप से कई महीनों से बीमार थी जिसका इलाज भी चल रहा था जिसके चलते उसने घर के अंदर छत में लगे कुंडे में साड़ी बांधकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर बहन की ससुराल पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मृतका के पांच व तीन साल के दो बेटे हैं, परिजनों का रो रोककर बुरा हाल है। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि महिला के भाई व ससुरालियों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## आपूर्ति रहेगी बाधित

**इटावा।** 27 अप्रैल को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर के फीडर पक्का बाग पर आरडीएसएस संबंधी कार्य होने के कारण बिजली सप्लाई सात घंटे बंद रहेगी। इससे आनंद नगर, आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित हो पलटा, आठ बच्चे हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बच्चों को स्कूल से वापस घर छोड़ने जा रहा था ऑटो
- घायल बच्चों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** बच्चों को स्कूल से लेकर घर छोड़ने जा रहा तेज रफ्तार ऑटो अचानक जानवर सामने आने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो के पलटने से उसमें सवार आठ बच्चे व एक शिक्षक और एक यात्री घायल हो गए। घायलों का डॉक्टर की देखरेख में इलाज जारी है।

बढ़पुरा थाना क्षेत्र के शिव विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों को छुट्टी होने के बाद उनके घर छोड़ने जा रहा ऑटो के सामने अचानक से जानवर आ गया, जिससे तेज रफ़्तार ऑटो उदी मोड़ पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे छोटे बच्चे और दो युवक घायल हो गए। बताया गया है कि हादसे में 6 वर्षीय मोहन पुत्र धर्मेंद्र निवासी गांव हविलिया, 6 वर्षीय रोहन कुमार पुत्र देवेंद्र बघेल निवासी ग्राम हविलियां, राधे सिंह पुत्र राहुल सिंह गांव हविलियां नैतिक पुत्र लोकेश गांव हविलियां, काव्य, उत्तरी मनीष कुमार निवासी नगला बीरबल प्रिया कुमारी पुत्री अशोक कुमार, आयुष पुत्र कृष्ण अवतार घायल हो गए। इसमें बैठे एक शिक्षक सचिन उर्फ मोंटी पुत्र हरी प्रताप सिंह नगला गौर और एक यात्री विनोद पुत्र बृजेंद्र सिंह निवासी नगला अजीत थाना बढ़पुरा का रहने वाला है। घायल बच्चों ने बताया कि वह ऑटो से अपने घर जा रहे थे तभी ऑटो अचानक से पलट गया स्थानीय लोगों की मदद से इस घटना की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को नजदीकी सीएससी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार करा कर गंभीर बच्चों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिसमें कि मोहन कुमार, रोहन कुमार, काव्य, नैतिक, सचिन और विनोद हैं। इनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।



उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए बच्चे। अमृत विचार

## थ्रेसर में साड़ी फंसने से वृद्धा की मौत

**बकेवर।** गांव सैदपुर में रहने वाले महेश चंद्र यादव के बेटे जीतू ने बताया कि गुरुवार शाम 65 साल की मां शीतला देवी के साथ अपने खेत में रखे गेहूं की फसल की थ्रेसिंग कर रहे थे, मां की साड़ी का पल्लू अचानक से थ्रेसर में चला गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। गांव वालों की मदद से घायल मां को जिला अस्पताल ले जा रहा था, रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने महिला का शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था, वह कानूनी कार्रवाई नहीं कराना चाहते थे।

# इटावा : 15 में से सात प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अब आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में आजमाएंगे किस्मत

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे थे। 25 अप्रैल को नामांकन पत्र भरे जाने के अंतिम दिन तक कल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों के अलग अलग सेट दाखिल किए थे। गुरुवार को जिलाधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर अवनीश कुमार राय की अध्यक्षता में इन नामांकन पत्रों की जांच की गई तो इनमें से सात निर्वाचन नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया। सात नामांकन पत्र खारिज हो जाने के बाद अब चुनाव मैदान में सिर्फ आठ प्रत्याशी बचे हैं जिनके बीच में मुकाबला होगा। इनमें भारतीय जनता पार्टी के राम शंकर कठेरिया, समाजवादी पार्टी के जितेंद्र दोहरे तथा बहुजन समाज पार्टी की सारिका सिंह बघेल शामिल हैं।

आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई और किसी भी गैर जरूरी व्यक्ति को उधर जाने नहीं दिया गया। डीएम चौराहा और आंबेडकर चौराहा दोनों चौराहों पर बैरिकेडिंग करके जांच की गई। बिना जांच की किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा।

# मां-बेटे के शव कमरे में पड़े मिले

संवाददाता इकदिल, इटावा

- विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने की आशंका
- बेड के पास कोल्ड ड्रिंक की बोतल पड़ी मिली

**अमृत विचार।** इकदिल क्षेत्र के मोहल्ला सांईं बिहार कालोनी में आर्थिक तंगी से परेशान होकर मां बेटा ने जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया। इस घटना के बाद से पूरे मुहल्ले में हड़कंप मच गया। शवों को देखकर आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों ने बुधवार रात को विषाक्त पदार्थ खाया। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा तो दोनों शव पड़े मिले।

थाना क्षेत्र में सांई कॉलोनी की रहने वाली सुमन देवी (55) पत्नी स्व. हरीश चंद्र उसका बेटा दीपू सोनी (28) साल रहते थे। मृतका के दामाद अभिषेक ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण कोल्ड ड्रिंक में विषाक्त पदार्थ मिलाकर सेवन कर लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। गुरुवार पूरे दिन बेटी मां से बात करने के लिए फोन लगाती रही लेकिन फोन नहीं उठाने पर बेटी ने शाम को पड़ोसी से फोन कर मां से बात कराने को कहा। पड़ोसी उसकी बेटी अंजली की फोन से मां की बात कराने के लिए उसके घर गया तो काफी देर तक दरवाजे खटखटाने के बाद भी कोई बाहर नही आया और नही कोई अवाज आई जिसके बाद पड़ोसी ने खिड़की से झांककर देखा तो बेड पर मां बेटा पड़े हुए थे। घर का मेन दरवाजा अंदर से बंद था और छत के जीने में लगा गेट खुला हुआ था। पड़ोसियों ने बताया कि जीने का दरवाजा हमेशा बंद रहता था। लेकिन उस दिन कैसे खुला रहा। मृतक के दामाद अभिषेक सोनी ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी और सीओ सिटी अमित कुमार भी मौके पर आ गए। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से नमूने उठाये और जांच पड़ताल की। इकदिल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। मृतक जेल के पीछे जमीन पर रखकर कपड़े बेचने का काम करता था। उसके पिता की दस जनवरी को हार्टअटैक पड़ने से मौत को गई थी। मृतक के जीजा अभिषेक ने बताया कि उनके ससुर ने बैंक से दस लाख रुपये लोन लिया था। इसके अलावा उन्होंने और लोगो से कर्ज लिया था उक्त लोग कर्ज की मांग कर रहे थे। इसी से परेशान होकर दोनों ने अपनी जान देदी। प्रभारी निरीक्षक इकिदल ने बताया कि ऐसा लग रहा दोनों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## विद्युतः जेई एवं टीम के साथ की मारपीट

**सैफई।** अवर अभियंता राजेश प्रसाद ने तहरीर में दर्शाया कि गुरुवार अपने साथी प्रदीप कुमार उपखंड अधिकारी एवं टीजी-2 सुरजन सिंह व संविदा कर्मचारियों के साथ ग्राम उझियानी में विद्युत लाइन ठीक करने पहुंचे थे। ट्रांसफार्मर चेक करने पर पाया कि परिवर्तक की एलटी खूंटी से पुष्पेंद्र पुत्र मानसिंह अवैध रूप से केबल डालकर अपने खेतों में ले जा रहे थे। अवैध केबल को परिवर्तन से खोला जाने लगा तभी गांव के पुष्पेंद्र पुत्र पान सिंह, पान सिंह पुत्र प्रभु दयाल ने अवर अभियंता से मारपीट करने लगे। जिससे टीम के लोगों को गंभीर चोट आई है। थाना सैफई पहुंचकर थाना अध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में पान सिंह, पुष्पेंद्र, सोनू, मीना देवी, जितेंद्र के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# इटावा की बेटी हूं, आपका आशीर्वाद मांगने आयी हूं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बसपा प्रत्याशी सारिका सिंह ने कचहरी में मांगे वोट

**अमृत विचार।** बसपा की लोकसभा प्रत्याशी सारिका सिंह बघेल का कहना है कि इटावा में उनका मायका है। वे इटावा की बेटी के रूप में चुनाव लड़ने आई हैं। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहते हुए सर्वसमाज के हित में जो काम किए, समता मूलक समाज की स्थापना की। उन कार्यों को लेकर सर्वसमाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इटावा की जनता अपनी बेटी को आशीर्वाद देकर लोकसभा तक पहुंचाएंगी।

कचहरी परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इटावा से उनका बहुत गहरा नाता है। इटावा की लखना सुरक्षित सीट से विधायक रहे घासीराम जाटव उनके नाना हैं।

बसपा के जिला अध्यक्ष रहे डॉ उदयवीर सिंह एवं वर्तमान जिला अध्यक्ष सुनील जाटव उनके परिवार के हैं। वे इससे पहले हाथरस सुरक्षित सीट से सांसद निर्वाचित हो चुकी हैं। इटावा उनका मायका है। बहिन जी के आदेश पर यहां चुनाव लड़ने आयी हैं। जनता का भरपूर समर्थन उन्हें मिल रहा है।



सारिका सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सपा की गुंडागर्दी को यहां की जनता काफी नजदीक से देख चुकी है। अब जनता बहिन मायावती को देश की प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए बसपा का साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि बसपा के राष्ट्रीय नेता आकाश आंनद एक मई को औरैया जनपद में आकर विशाल रैली करेंगे। उन्होंने आज कचहरी में अधिवक्ताओं और आम लोगों से वोट भी मांगे। इस मौके पर देवेंद्र सिंह बघेल, सुरजन सिंह, टिल्लू जाटव, नरेंद्र जाटव, सूरजभान, राहुल देव, मो इदरीस अंसारी, निजाम, इमरान, संजीव जाटव,राजीव मिश्रा, अनार सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# सुघर सिंह कालेज के छात्र टाप थ्री में

**जसवंतनगर, इटावा।** चौ सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल शानदार रहा। निदेशक रीमा शर्मा ने बताया कि कालेज के बीएससी नर्सिंग के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफल में बच्चों ने जिले की टाप तीन जगहों पर अपना कब्जा किया।

कालेज की छात्रा अनुष्का ने 81.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम, अंशिका कश्यप ने 78.40 प्रतिशत दूसरा और मोनिका ने 77.60 प्रतिशत अंको के साथ तीसरा स्थान बनाया।



नर्सिंग परीक्षा में टाप थ्री में शामिल सुघर सिंह कालेज के छात्राएं। अमृत विचार

प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने बच्चों को माला पहनाकर बधाई दी। यह परीक्षाफल हमारे लिए भी यह प्रोत्साहित करने वाला है। इस मौके पर कालेज से सुरेंद्र शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## इलाज के दौरान महिला की मौत

**इटावा।** गांव अलियापुरा थाना बकेवर की रहने वाली 27 वर्षीय पूनम कि तबीयत खराब हो गई परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जब महिला की हालत ज्यादा खराब होने लगी तो परिवार के लोग ने गुरुवार रात करीब आठ बजे महिला को आशीर्वाद हास्पीटल में भर्ती कराया। शुक्रवार सुबह पूनम की मौत हो गई। परिवारके लोगों ने शव को बाहर लाकर रख दिया और हंगामा करने लगे।

# राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में ताखा से 18 बच्चे चयनित

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विकास खंड ताखा से 18 बच्चों का चयन हुआ। समथर के सुखवीर ने जनपद में चौथी रैंक प्राप्त कर ब्लॉक में पहली रैंक व अघीनी के शिवम ने जिला में पांचवी एवं ब्लॉक में दूसरी रैंक प्राप्त की।

इस परीक्षा में अघीनी से चार अमथरी व कुइंता से तीन तीन ताखा से दो, समथर, मामन, नगला भगे, चमरौआ, नगला पंछी व दीग से एक एक छात्र का चयन हुआ। समथर के सुखवीर ने 121 अंक प्राप्त कर जिला में चौथी रैंक व ब्लॉक में प्रथम रैंक प्राप्त की एवं अघीनी के शिवम ने 120 अंक प्राप्त कर जनपद में पांचवी एवं ब्लॉक में दूसरी रैंक प्राप्त की। अब इन 18 बच्चों को कक्षा नौ में प्रवेश लेने के बाद बारहवीं तक एक हजार रुपए प्रति माह मिलेंगे। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह, ब्लॉक पीटीआई अवधेश सिंह राठौर, एआरपी अनिल दुबे, बीरेंद्र रहे।

# अखिलेश यादव के घर में हुंकार भरेंगे अमित शाह

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 28 को नुमाइश पंडाल में रैली की तैयारियों में जुटे भाजपाई

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के गृहजनपद में केंद्रीय मंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को भाजपाइयों में जोश भरेंगे। अमित शाह इटावा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में इटावा नुमाइश पंडाल में आयोजित रैली को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों में भाजपाई जीन जान से जुट गए हैं। रैली में पूरे लोकसभा क्षेत्र से पांच लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र से एक एक लाख लोगों को रैली में शामिल कराने की तैयारी चल रही है। इटावा के चुनावी प्रचार में भाजपा की यह सबसे बड़ी रैली है।

अमित शाह की रैली को लेकर जिले के भाजपाई काफी उत्साहित हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, विमल भदौरिया,इं हरि किशोर तिवारी समेत कई प्रमुख नेतागण नुमाइश पंडाल की व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए रैली में आने वाले लोगों के लिए छाया, पानी का विशेष प्रबंध किया जा रहा है। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता टोलियां बनाकर शहर कस्बों और गांवों में जनसंपर्क कर रहे हैं। केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इटावा जिले में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा की यह सबसे बड़ी रैली होगी। रैली को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को इटावा विधनसभा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन स्थानों पर जनसभाएं की।ग्राम पछांयगांव, सरायताल, मुरोंग, पुरा मंशाराम, जैतपुरा, पुरा रेबाड़ी, ग्राम अजबपुर, बढ़पुरा, ग्राम रमी का वर, जरहौली में आम जनता से संवाद कर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम आदित्यनाथ योगी के जनहित और समाज हित में किए कार्यों की चर्चा की। जनसभाओं में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, विधायक सरिता भदौरिया, ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, शिवप्रताप राजपूत, विमल भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, सीपू चौधरी, अमित तिवारी मानू, रामशरन गुप्ता, अशोक चौहान समेत कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे।

अभियान

## स्वीप कार्यक्रम के तहत यमुना पथ वे पर किया गोष्ठी का आयोजन, रैली के जरिए मतदाताओं से की वोट देने की अपील

# बच्चों ने मानव शृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



मतदाताओं को जागरूक करते बाल संसद के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** बीईओ ताखा सर्वेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय सोरों में संकुल शिक्षक अमित सिंह के संयोजन में बाल संसद की टोली के पदाधिकारियों ने मतदाताओं को तख्ती स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय कायमपुरा में सोनी राजावत के संयोजन में बाल संसद टोली ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।

प्राथमिक विद्यालय परशुरामपुर में उमराव सिंह के संयोजन में तथा प्राथमिक विद्यालय सोरों द्वितीय में संजीव कुमार के संयोजन में बुलावा टोली द्वारा हस्ताक्षर व जनसंपर्क अभियान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। अभिषेक त्रिपाठी, राजकुमार, विपिन चौहान, जितेंद्र कुमार, मोहित कुमार द्विवेदी ,शिव कुमार , अब्दुल हमीद,अवनीश यादव, अवनीश शर्मा द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये मतदाताओं को किया जागरूक

**जसवंतनगर, इटावा।** मतदाता जारुकता अभियान के तहत बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली के कई कार्यक्रम यूपीएस जैनपुर नागर,नगला छत्ते,नगला तौर, बलैयापुर,वीरमपुर,निलोई,धरवार, बिचपुरी खेड़ा, नगला राम सुंदर,तमेरी सहित सैकड़ों विद्यालयों में यह कार्यक्रम चले। प्राथमिक विद्यालय विजपुरी खेड़ा में बाल संसद के पदाधिकारियों ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ग्राम वासियों से मिलकर मतदान के लिए जागरुक किया। प्रधान अध्यापिका श्वेता चंदेल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।



हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जागरूक करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार



कंपोजिट विद्यालय बौराइन में रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने समझाया पहले मतदान फिर करें जलपान

**इटावा।** कंपोजिट विद्यालय बौराइन सैफई में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एआरपी शिवमोहन सिंह एवं पूनम चौहान ने बच्चों से पहले मतदान फिर जलपान, सुन लो भैया सुन लो बहन वोट दिए बिना तुम ना रहना, आदि नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। स्काउट एवं गाइड की टीम कमलेश कांत के नेतृत्व में पूरे गांव में बैंड के साथ सात मई को वोट डालने के लिए जागरूक किया। सुलेखा सक्सेना,अंजना प्रजापति,नितिन दुबे,सुनील कुमार, आरती ओमरे,अर्पण गुप्ता , होम सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस समेत युवक दबोचा गया

**अयाना, औरैया।** थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि गुरुवार रात को एसआई सुरेंद्र कुमार गंगदासपुर मोड़ पर टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी मिली सूचना पर उन्होंने करके का पुरवा गांव के पास से अनिकेत उर्फ मांडा पुत्र ब्रजेश सिंह उर्फ पिंटू निवासी सिखरना को तमंचा व दो कारतूस के साथ पकड़ लिया।

### मार्ग हादसे में युवक घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के घसारा पुल के पास रोड किनारे पीपल के पेड़ के बने चबूतरे से बाइक सवार टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के सुभानपुर गांव में लगे गिट्टी के प्लांट पर श्याम पुत्र शिवकुमार निवासी आगरा प्लांट पर रसोइया का कार्य करता है। शुक्रवार दोपहर श्याम साम्हो गांव में बन रहे ओवर ब्रिज पर चले रहे काम में लगे मजदूरों को खाना देकर बाइक से सुभानपुर प्लांट पर जा रहा था तभी घसरा पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो जाने से पीपल के पेड़ के चबूतरे से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने व्यक्ति के घायल होने की सूचना प्लांट पर कर्मचारियों को दी। सूचना पर पहुंचे प्लांट कर्मचारी सीएचसी अछल्दा मे भर्ती कराया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला एमबीबीएस छात्रा का शव

## परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का लगाया आरोप, अपने दोस्त के साथ टहलने निकली थी छात्रा

कार्यालय संवाददाता,औरैया



मृतका के घर में एकत्रित रिश्तेदार। अमृत विचार



कृतिका।

**अमृत विचार।** अजीतमल क्षेत्र के टीचर्स कालोनी में रहने वाले एक शिक्षक दंपति की इकलौती पुत्री की गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर मेडीकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी। उसका शव गर्ल हॉस्टल के पीछे रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। परिजनों को सूचना दी।

अजीतमल क्षेत्र के मोहल्ला टीचर्स कालोनी निवासी राहुल चौहान कस्बे के जनता इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे। वहीं उनकी पत्नी सुलेखा सिंह प्राथमिक विद्यालय नंदलाल का पुरवा में हेड मास्टर पद पर कार्यरत है। उनकी इकलौती पुत्री कृतिका चौहान मुजफ्फरनगर से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थीं। वह कॉलेज के पास में ही गर्ल्स हॉस्टल में रह रही थीं। गुरुवार की रात अपने दोस्त के साथ हॉस्टल से बाहर गई थी लेकिन काफी देर तक जब नही लौटी तो आसपास तलाश शुरू की गई। देर रात उसका शव गर्ल्स हॉस्टल के पीछे रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी गई तो सूचना मिलते ही परिजन मुजफ्फर नगर के लिए रात्रि में ही रवाना हो गए।फौरी तौर पर रेलवे पुलिस ने परिजनों को बताया कि वह रेलवे ट्रैक के पास टहल रही थी। तभी यह हादसा हो गया। वर्ष 2019 में उसने सेंट फ्रांसिस स्कूल औरैया से दसवीं में 98 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया था। वहीं हॉस्टल के सीसीटीवी चेक किए गए जिसमे कृतिका अपने साथ पढ़ने वाले कुणाल सैनी के साथ बाहर घूमने के लिए निकली थी। इसके बाद वह हॉस्टल नहीं पहुंची।

वहीं कृतिका के परिजन थाने पहुंच गए है।पिता राहुल चौहान ने मंसूरपुर जिला मुजफ्फर नगर थाने में बेटी के दोस्त के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी बेटी कृतिका मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। मेरी बेटी को गुरुवार शाम उसके साथ पढ़ने वाला कुणाल सैनी बहला फुसलाकर कॉलेज से बाहर ले गया। शाम 8 बजे के आस-पास उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। शाम होने के बाद मेरी बेटी कॉलेज कैंपस से कैसे निकली, इसमें मुझे वार्डन, कॉलेज प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की सीधी लापरवाही नजर आ रही है। मुझे समय पर इसकी सूचना भी नहीं दी गई। रात 11 बजे जब मैं लगातार बेटी को फोन लगा रहा था तो मंसूरपुर थाना पुलिस ने मुझे घटना की जानकारी दी।

सूत्रों की माने तो कृतिका के दोस्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही। हत्या है या आत्महत्या। यह कहना अभी मुश्किल है। परिजनों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### संदिग्ध हालात में फांसी पर लटका मिला वृद्ध का शव

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एलआईसी गेट के सामने घर के पीछे पड़े प्लाट में एक वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एलआईसी गेट के सामने घर के पीछे पड़े प्लाट में राजेंद्र द्विवेदी 65 वर्ष ने गुरुवार की रात में फांसी लगा ली। रात में इनके भाई जागे तो देखा भाई ने उनका शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया गया है कि उनका विवाह नहीं हुआ था।मृतक ने अपने हिस्से की जमीन अपने भाई के नाम पहले ही कर दी थी। मृतक अपने भाई के साथ रहता था और दैनिक मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था।

## सार-संक्षेप



सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

### नहर में पानी न होने से किसान व जीव-जंतु परेशान

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल के बीहड़ क्षेत्र में किसानों के सिंचाई सुविधा मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से निकाली गयी नहर में पानी न आने के कारण सूखी पड़ी हुयी है। जिसके चलते जायद की बोई जाने वाली फसलों को किसान पानी देने के लिए निजी नलकूप पर आश्रित रहकर महंगा पानी लेने को मजबूर हैं। वहीं नहर के आसपास बीहड़ी का इलाका आता है। जिससे क्षेत्र में रहने वाले जंगली व पालतू पशु,पक्षी पानी पीने के लिए इधर उधर परेशान होकर नाली व तालाबों का गन्दा पानी पीकर गुजर बसर कर रहे हैं। यहां तक कि तालाबों में भी पानी सूखने लगा है। निचली गंग नहर प्रखन्ड से भोगनीपुर केनाल नहर से क्षेत्र की हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है।जिसमें क्षेत्रीय गांव अमावता ,पचदेवरा,गोपालपुर, बडेरा,भीखेपुर,जैनपुर,सराय टंडवा,गोकुलपुर,समेत कई सैकड़ो गांवों के किसान नहर के पानी से सिंचाई पर आश्रित रहते हैं ,जो कि भीषण गर्मी के मौसम में महीनों से सूखी पड़ी है।जिसके चलते किसान पशु पक्षी व आमजनमानस पानी आने की बाट जोह रहे ,लेकिन पानी न होने से नहर के किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों ने नहर में पानी छोड़े जाने की मांग सक्षम अधिकारियों से की, जिससे की पानी पर निर्भर जीवन को चैन सकून मिल सके। नहर में पानी न होने के चलते जहां तापमान बढ़ा रहा है वही आये दिन फसलों व घरों आदि मे आग जसी जैसी घटनाएं होती है।



यज्ञोपवीत संस्कार करवाते बालक। अमृत विचार

### एक दर्जन से अधिक बालकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

**फफूंद, औरैया।** नगर के मोहल्ला तिवारियान में स्थित यज्ञेश्वर शिव धाम पर श्री शिव महापुराण कथा एवं षष्टम विशाल शिव शक्ति महायज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को चित्रकूट धाम से पधारे दण्डी स्वामी महेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज की देखरेख में यज्ञशाला पर यज्ञाचार्य द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। नगर में चल रही श्री शिव शक्ति महायज्ञ स्थल पर सुबह से भव्य सजावट कराई गई और पंडाल लगाकर यज्ञोपवीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। ।यज्ञ शाला पर हवन कुंड बनवाए गए जिसमें यज्ञाचार्य बलदेव प्रसाद त्रिपाठी,देवेंद्र दन्त त्रिपाठी, मुकेश कुमार शास्त्री,रमाकान्त शास्त्री,अभिषेक शास्त्री, ने वैदिक मत्रोच्चारण, व हवन द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कराया। यज्ञशाला पर हवन के दौरान पूर्ण आहुति दी गई। इसके वाद युवाओं का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के युवा मोहित तिवारी,कृष्ण त्रिपाठी,करन अग्निहोत्री,सुर्याश मिश्रा,शौर्य शुक्ला,आयुष दुबे, राहुल दुवे, राज अवस्थी,अमित शुक्ला,अवनीश अवस्थी,अंकित अवस्थी,प्रगति मिश्रा,शिव नारायण मिश्रा,रजोल तिवारी,आशुतोष दुवे,अर्पण शुक्ला, का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। माताओं ने पुत्रों को मिठाई खिलाकर रस्म अदायगी की। यज्ञशाला पर कार्यक्रम आयोजक लक्ष्मी देवी अवस्थी ने सभी यज्ञोपवीत कार्यक्रम में समलित परिजनों का आभार व्यक्त किया।



अपने माता–पिता के साथ अनन्य पोरवाल। अमृत विचार

### अनन्य की सफलता पर लगा बधाइयों का तांता

**औरैया।** बीते बुधवार को घोषित हुये जेईई मेन्स परीक्षा में नगर के मेधावी छात्र अनन्य पोरवाल ने 99 . 4 फीसदी अंक पाकर यह साबित कर दिया कि गांव और छोटे कस्बों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अनन्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक पिता नरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं माता रुबी पोरवाल को देते हुये कहा कि माता पिता के प्रोत्साहन से आज उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। अनन्य के पिता भाग्यनगर ब्लाक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनापुर में प्रधानाचार्य हैं जबकि माता रुबी पोरवाल गृहणी हैं। अनन्य की कामयाबी पर परिवारीजनों ने पड़ोसियों को मिठाई बांट खुशी मनायी । स्थानीय संजय नगर निवासी अनन्य ने 10वीं तथा 12वीं सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से किया है। 10वीं में 96 .4 तथा 12 वीं में 92 .6 फीसदी अंक पाये हैं। इसके बाद एक साल कोटा में रहकर तैयारी की थी। अनन्य ने बताया कि 26 मई को जेईई एडवांस की परीक्षा के लिये वह दिनरात तैयारी कर रहा है ।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जिले में

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- अजीतमल में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित
- भाजपा और प्रशासन ने पूरी की तैयारियां



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिला प्रभारी आनंद सिंह व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश।

**अमृत विचार।** जिले की औरैया विधानसभा क्षेत्र के अजीतमल स्थित जनता महाविघालय ग्राउंड में इटावा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रो. डॉ. रामशंकर कठेरिया के पक्ष में चुनावी जनसभा को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। यहां वह भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और आम जनता से चुनाव में मतदान के लिए जोश भरेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारियों व प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

शनिवार को जनता इंटर कालेज अजीतमल में बने हेलीपैड पर विशेष हेलीकाप्टर से तीन बजे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतरेंगे और तीन बजकर 10 मिनट पर वह कार द्वारा जनता महाविद्यालय ग्राउंड में पहुंचेंगे । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बजकर पचपन मिनट तक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। और 4 बजकर पांच मिनट पर वह लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इटावा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रचार प्रसार चल रहा है। उनके कार्यक्रम को लेकर पंडाल, मंच, हेलीपैड व मैदान स्थल सब तैयार है। इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रो डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में जनसभा होगी। डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। हेलीपैड, मंच पंडाल व मैदान का निरीक्षण किया। जनसभा स्थल के आसपास पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। वहीं भाजपाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में लोगों को पहुंचने के लिए गांवों में जाकर पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे है। वहीं जनसभा में इटावा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिबियापुर, औरैया,भरथना, सिकंदरा, इटावा क्षेत्र से भारी भीड़ जुटेगी।

# बीस घंटे तक ठप रही विद्युत आपूर्ति, लोग हुए परेशान

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- लगभग 150 मकानों में छाया रहा अंधेरा

**अमृत विचार।** कस्बा के पुराने अछल्दा मे विद्युत पोल पर पेड़ की टहनी टूट कर गिर जाने की वजह से गुरुवार शाम 7 बजे से विद्युत सप्लाई ठप हो गयी। मौके पर पहुंचे जेई व कर्मचारियों ने काफी प्रयास किया लेकिन रात होने की वजह व पेड़ की टहनी पर बड़ा मधुमक्खी का छत्ता होने की वजह से विद्युत सप्लाई चालू नहीं हो सकी।

कस्बा के पुराने अछल्दा में विद्युत सप्लाई जाने के लिए नहर कोठी के पीछे लगे लोहे के पोल में गुरुवार शाम पेड़ की टहनी टूट कर गिर गयी। पोल पर टहनी गिरने से पोल पर लगा एंगल व इंसुलेटर टूट गया। सूचना पर पहुंचे जेई प्रभुदयाल व कर्मचारियों ने सही करने का प्रयास किया लेकिन टहनी पर एक बड़ा मधुमक्खी का छत्ता व रात होने की वजह से सप्लाई चालू नहीं हो सकी जिससे लगभग 150 मकानों में अंधेरा छाया रहा। शुक्रवार सुबह जेई प्रभुदयाल अपने कर्मचारियों के साथ सप्लाई शुरू करने में लग गए। कड़ी मशक्कत के बाद धुएं की सहायता से छत्ते को अलग कर टहनी को काटकर अलग किया और पोल पर नए इंसुलेटर व एंगल लगाकर शाम 5 बजे सप्लाई चालू की गई। जेई प्रभुदयाल ने बताया कि पोल पर टहनी गिरने से विद्युत व्यवस्था बाधित रही।



संगोष्ठी में मौजूद प्रधान एवं डॉक्टर। अमृत विचार

# विश्व मलेरिया दिवस पर हुई संगोष्ठी

**फफूंद, औरैया।** गुरुवार को विकास खण्ड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में विश्व मलेरिया दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें बताया गया कि मलेरिया से बचाव के लिए अपने आसपास मच्छरों का न पनपने दें एवं मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करें यह बात आज विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र कोठीपुर में हुई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास जल भराव नहीं होने देना चाहिए तथा कूलर का पानी नियमित बदलते रहें ताकि मच्छर न पनपने पाए एवं बुखार आने पर सर्दी लगने पर मलेरिया की जांच करवाएं। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया की जांच एवं दवा बिल्कुल निःशुल्क मिलती है। वहीं संगोष्ठी में मौजूद लोगों की मलेरिया की जांच की गई।

# बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता

कार्यालय संवाददाता,औरैया




लोगों को शपथ दिलातीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपद के पिछले निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के क्रम में चिह्नित बूथ संख्या 278 ग्राम खलरा विकासखंड अछल्दा के उच्च प्राथमिक विद्यालय खलरा कंपोजिट में आयोजित चुनावी पाठशाला एवं मतदाता जागरुकता चौपाल में कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है और इसको अवश्य करना चाहिए।

मतदान करने के लिए सभी का अधिकार बराबर है इसमें कोई छोटा- बड़ा, ऊंचा- नीचा नहीं होता है मतदान का अधिकार वह अधिकार है जिसमें सभी बराबर होते हैं। इसलिए बिना किसी लोभ-लालच या किसी के बहकावे अथवा किसी के दबाव में आकर मतदान न करें। मतदान अपनी स्वेच्छा से अपने मनपसंद प्रत्याशी को ही करते हुए अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने वहां पर उपस्थित विशाल जन समूह को मतदाता शपथ भी दिलाई और यह भी पूछा कि मतदान दिवस पर आप अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे या नहीं जिस पर एक आवाज में सबने यह कहा कि आगामी 13 मई को होने वाले मतदान दिवस पर हम सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान श्री देहाती इंटर कॉलेज नेविलगंज तथा श्री दयाराम मौर्य इंटर कॉलेज वंशी गुनौली की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक करते हुए आम जन को मत के महत्व तथा उसके अधिकार को प्रदर्शित किया और स्लोगन लिखित पट्टिकायें जैसे सुनो सभी को चुनो सही को, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता आदि स्लोगन लिखी पट्टिकाओ को भी प्रदर्शित किया ।

इस अवसर पर एसडीएम बिधूना हरिश्चंद्र, एसडीएम अजीतमल राम अवतार, डीआईओएस एस पी यादव, बीएसए अनिल कुमार, सीओ अशोक कुमार, सहायक नोडल अधिकारी(स्वीप) कमलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं,ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

**आक्रोश** फफूंद स्टेशन का नाम बदलने की सिफारिश पर भड़के सपाई, लोकसभा चुनाव में नोटा का विकल्प चुनने की तैयारी

# सपा विधायक के खिलाफ कस्बे के सपाइयों में रोष

संवाददाता फफूंद,औरैया



विधायक के गलत रवैए से आक्रोशित सपाइयों ने की बैठक।

**अमृत विचार।** दिबियापुर के सपा विधायक का फफूंद के लिए उपेक्षात्मक रवैया अख्तियार करने और एक कार्यक्रम में फफूंद स्टेशन का नाम बदलने की भी सिफारिश करने से कस्बे का सपाई भड़क उठा हैं जिससे लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को खासा नुकसान उठाने की आशंका बढ़ गई है, जिसको लेकर कस्बे के सपाइयों ने लोकसभा चुनाव में सपा का बहिष्कार करके नोटा का विकल्प चुनने की बैठक की। जिसमे निर्णय लिया गया की सपा विधायक की कस्बे के प्रति क्या सोच है इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

सपा के दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव के फफूंद कस्बे के प्रति उपेक्षात्मक रवैया अपनाने से पुराने सपाई आक्रोशित हो उठे और विधायक के प्रति अपना आक्रोश जाहिर करते हुए जुबैरी मोहल्ले में एक बैठक की जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर भी मौजूद रहे। बैठक में मौजूद पुराने सपाई मोहम्मद मंगेश खां मैनेजर साहब ने कहा की कस्बे की जनता ने हर चुनाव में सपा विधायक को अपार समर्थन दिया है और हर बार यहां से जीता कर भेजा है इसके बाद भी सपा के विधायक कस्बे के विकास के लिए अभी तक कुछ नहीं कर रहे हैं। कहा की हाल में दिबियापुर में हुई टोरंट कंपनी की मीटिंग में उन्होंने फफूंद स्टेशन का नाम बदलने की भी सिफारिश कर डाली जिससे कस्बे के सपा कार्यकर्ताओं को गहरी ठेस पहुंची। अख्तर खान ने कहा कि सपा विधायक फफूंद आते हैं लेकिन निष्ठावान सपाइयों से मिलना भी गंवारा नहीं समझते कुछ सपा के कथित नेता जिनका कोई वजूद नहीं है वो उन्हें बरगलाते हैं जबकि अभी तक किसी मोहल्ले में लोकसभा के सपा प्रत्याशी की ओर से कोई वोट नही मांगे गए और प्रत्याशी से झूठ बोल रहे हैं कि सबसे संपर्क कर लिया गया है। युवा सपाई सलीम खां मेव और अफजल अंसारी,ने कहा कि जीतने के बाद सपा विधायक ने किसी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया सिर्फ दो तीन कथित सपाइयों के पास तक आते हैं और लोगों से बिना कोई संपर्क किए वहीं से वापस चले जाते हैं । सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल सत्तार ने कहा की सपा विधायक के गलत रवैए और दलाल प्रवृत्ति के अन्य पार्टी के लोगों को बढ़ावा देने से फफूंद का निष्ठावान सपा कार्यकर्ता को गहरा कष्ट है जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सारे सपाई नोटा में मतदान करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रधान मोहम्मद वसीम भी सपा विधायक के उपेक्षात्मक रवैए से काफी खिन्न दिखे उन्होंने कहा कि सपा के लिए कस्बे और क्षेत्र के लोगों ने हमेशा बिना लालच के मेहनत की इस विधानसभा में भी रात दिन एक करके सपा विधायक को जिताया है लोकसभा प्रत्याशी उनकी हकीकत खुद भ्रमण करके जान सकते हैं इसी विरोध को लेकर अबकी बार नोटा में वोट देने का विचार किया जा रहा है।

युवा सपा कार्यकर्ता और कवि मोहम्मद समी,गुलाम मुर्तजा,कलाम खां,मोहम्मद खालिद,जियाउल्ला खां,आरिफ ठेकेदार और पुराने सपाई छोटे मिस्त्री ने कहा कि सपा के दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव और लोकसभा प्रत्याशी की भूल है की वो चंद लोग जिनका कोई वजूद नही है कस्बे से लोकसभा के लिए सपा को वोट दिला देंगे। कहा कि विधायक और लोकसभा प्रत्याशी का अगर यही रवैया रहा तो वह वोट नही डालेंगे और घर घर जाकर लोगों को सपा विधायक की कस्बे के प्रति कैसी सोच है बताते हुए जागरूक करेंगे इसके लिए चालीस युवाओं की टीम तैयार कर ली गई है,जो सोमवार से अपना अभियान चलाएगी युवाओं ने यह भी कहा की चुनाव से पहले सपा के कई संगठनों में काम कर रहे युवा इस्तीफा देने की भी तैयारी कर रहे है।

# मेडिकल कॉलेज की सड़क बननी शुरू

संवाददाता ककोर, औरैया



निर्माणाधीन सड़क। अमृत विचार

- बिजली विभाग ने पोल शिफ्ट करने में शुरू की तेजी

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट समाधान पुरवा से मेडिकल कालेज बरमूपुर की सड़क जल्द ही चमाचम होने की उम्मीद है, जिससे बाबा ब्रह्मदेव जमौली से कंचौसी तथा प्लास्टिक सिटी जाने के लिए हिचकोले नहीं खाने होंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क पर दो किमी दूर तक गड्ढे भर दिए हैं। मेडिकल कॉलेज के पास सड़क समतल हो गई है। केवल डामरीकरण बाकी रह गया है। यहां से गुजरने वाले लगभग दस हजार लोगों को आवागवन में सुविधा होगी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह सड़क टू लेन सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बिजली के खंबे शिफ्ट करने के लिए बिजली विभाग को 45 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं सड़क बनने से मेडिकल कालेज पहुंचने का रास्ता अत्यंत सुगम हो जायेगा। गांव बरमुपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में इसी साल जुलाई माह से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। पीडब्ल्यूडी विभाग कार्य को जल्द पूरा करने की तैयारी कर रहा है।

बताते चलें कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य दो भाग में किया जा रहा है। पहला भाग ग्राम पंचायत सेहुद के मजरा बरमूपुर गांव में तथा दूसरा भाग चिचौली गांव में स्तिथि सौ शैय्या अस्पताल के पास बनाया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज बरमूपुर में एकेडमिक ब्लॉक हॉस्टल आदि बनाया जा रहा है।

### मार्ग के बनने से हजारों लोगों को मिलेगी राहत

समाधान पुरवा से लेकर मेडिकल कॉलेज होकर प्लास्टिक सिटी, कंचौसी, झींझक जाने का मार्ग सुगम हो जायेगा। जिससे दस हजार से अधिक लोगों को इसका भरपूर फायदा होगा। पिछले तीन सालों से यह सड़क मार्ग जर्जर हालत में होने से ग्राम पंचायत प्रधान सुदेश राजपूत कई बार शासन से निर्माण कार्य कराने की मांग कर चुके थे। इस सड़क निर्माण से अजमतपुर बहादुरपुर, बरमूपुर, सेहुद, समाधन, कटारी पुरवा, चमरौआ, जमौली,अजब पुरवा आदि दर्जनों गांव में यातायात सुगम हो जायेगी। पिछले दो वर्ष से गड्ढे युक्त हिचकोले देती सड़क चमाचम चौड़ी और गड्ढा मुक्त हो जायेगी। खंभे शिफ्ट होने पर सड़क निर्माण की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता एसके तिवारी ने बताया इस सड़क का निर्माण कार्य लगभग करोड़ रुपये से किया जाएगा। जबकि सड़क किनारे बिजली के पोल को शिफ्ट करने के लिए विभाग को 45 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

## एक नजर

### उड़ीसा से यूपी लाए जा रहे 90 लाख के गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शुक्रवार को उड़ीसा से यूपी के लिए लाए जा रहे करीब 90 लाख कीमत का गांजा पकड़ा है। एसटीएफ ने तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। माल की तौल कराने पर तीन कुंटल 62 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के मुताबिक समस्त माल यूपी में सप्लाई होनी थी। सूचना पर एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने प्रयागराज टीम को सक्रिय किया। फूलपुर के पास टीम पहुंचने पर आयसर ट्रक रोका गया, सूचना सही मिली। इस दौरान तीन आरोपियों गोपीगंज निवासी जगदीश जायसवाल, सराय इनायत निवासी गुलाम हसन और ललित सिंह को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अवैध मादक पदार्थों का यह कारोबार उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से लंबे समय से हो रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करके कई अन्य सूचनाएं भी प्राप्त की गई हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में आई गिरावट

## हादसों और मौत के आंकड़ों में वर्ष की पहली तिमाही राहत देने वाली

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अरसे बाद राहत देने वाली खबर सामने आई है। पिछले करीब एक दशक से साल-दर-साल लगातार बढ़ रहे हादसे और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में वर्ष-2024 की प्रथम तिमाही में ब्रेक लगा है। न केवल हादसे और मौतों की संख्या में कमी दर्ज की गई, बल्कि आंकड़ों का यह ग्राफ माइनस में पहुंच गया है। बीते वर्ष यानी साल 2023 में पहली जनवरी से 31 दिसंबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.7 फीसद की बढ़ोतरी हुई थी और मृतकों की संख्या में 4.7 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया था। लेकिन इस साल आए प्रथम तीन माह (जनवरी, फरवरी, मार्च-2024) में दुर्घटनाओं और जनहानि के घटे आंकड़ों ने राहत का अहसास कराया है। आंकड़ों के घटने का यह क्रम स्थायी बना रहे तो सफर और सुरक्षित रहेगा।

**जनवरी से मार्च तक के आंकड़े**

पिछले वर्ष (2023)
सड़क हादसों की संख्या – 10,782
मृतकों की संख्या – 5,971

इस वर्ष (2024)
सड़क हादसों की संख्या – 10,472
मृतकों की संख्या – 5,698

**बीते दो वर्ष का ग्राफ**

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत |
|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 |

नोट– साल 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।



निश्चित तौर पर प्रथम तीन माह के आंकड़े राहत देने वाले हैं। कोशिश होगी कि पहली तिमाही की तरह इनमें लगातार कमी बनी रहे और जनहानि का ग्राफ सिमटता रहे। इस साल भी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह द्वारा जारी की गई गाइडलाइन पर ठोस पहल करने को कहा गया है। टॉप-20 जिलों में हर हाल में सुरक्षित सड़क तय करने को कहा गया है। साथ ही करीब 40 फीसद हादसों के स्थानों यानी टी-वाई जंक्शन पर कदम उठाने और सख्त निगरानी को कहा गया है।
**– पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा**

### फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर बीटीसी शिक्षक की नौकरी कर रहे एक व्यक्ति को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि प्रमाणपत्र के आधार पर आधार कार्ड और पैन कार्ड में पिता का परिवर्तित नाम पाया गया। कार्रवाई एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश शाही के नेतृत्व में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राजीव शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी मामखोर, गगहा गोरखपुर, के खिलाफ सूचना प्राप्त हुई थी। इस दौरान देवरिया के बीएसए से राजीव शुक्ला से जुड़े अभिलेख मांगे गए। पता चला कि किसी अन्य के आधार कार्ड और पैन कार्ड के आधार पर नाम आदि को परिवर्तित कराकर अभिलेखों के रूप में शामिल कराया गया है। जबकि असल स्थिति दूसरी पाई गई। ऐसी स्थित में राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद संघमित्रा मौर्या को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ बिना तलाक कथित दूसरी शादी का है आरोप**

**अमृत विचार :** कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्या को तलब किए जाने का आदेश पारित कर निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या की याचिका भी खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्या की याचिका को खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने पारित किया। पत्रावली के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा वादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली, हालांकि बाद में जब उसे संघमित्रा के तलाक न होने की बात का पता चला तो शादी की बात उजागर न होने पाए इसलिए उस पर जानलेवा हमला कराया गया।

उक्त परिवाद को चुनौती देते हुए संघमित्रा की ओर से दलील दी गई कि परिवादी द्वारा लगाए गए आरोपों में काफी विरोधाभास है, जिन पर ध्यान देते हुए निचली अदालत ने याची को तलब किया है। कहा गया कि निचली अदालत ने अपने न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग नहीं किया है। हालांकि न्यायालय ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित तलबी आदेश में कोई कमी नहीं है।

# 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से डाला वोट

## 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांगों के घर जाकर टीम ने कराया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दूसरे चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 9,746 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान दल ने मतदान कराया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए मतदान दल के साथ एक माइक्रोआब्जर्वर व वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी। प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने के लिए स्वयं या उनके अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा कुल 54,537 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 12,658 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया।

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। सभी जगहों पर पर्याप्त मात्रा में अर्धसैनिक व प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया।

**स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के दौरान कुल 24 बैलेट यूनिट, 213 कन्ट्रोल यूनिट व 469 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम तक कुल 48 बैलेट यूनिट, 48 कंट्रोल यूनिट व 208 वीवीपैट बदले गये।

**इनका भाग्य ईवीएम में कैद**

इस चरण के चुनाव में मथुरा से भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री हेमा मालिनी व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता अरुण गोविल समेत 91 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। कुल प्रत्याशियों में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे।

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 5वें चरण के लिए 3 मई तक होंगे नामांकन**

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व भाजपा सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख निर्धारित है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन (अजा) में भाजपा से केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन किया, जबकि हमीरपुर में भाजपा से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी (अजा) में भाजपा से राजरानी रावत व फैजाबाद में भाजपा से लल्लू सिंह ने नामांकन किया। पांचवें चरण की अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए भाजपा से ओम प्रकाश श्रीवास्तव व कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों व सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट पर सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये व अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

**95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम तीन वाहन व प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी।

### लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायतों में बाहर से भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के जिलों की 51 ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के बजाय बाहर से भुगतान किया गया। पकड़े जाने पर उपनिदेशक ने सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान ग्राम सचिवालय के कंप्यूटर और गेटवे पोर्टल से करना अनिवार्य है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल गिरीश चंद्र रजक ने 1 से 31 मार्च तक गेटवे पोर्टल से भुगतान की समीक्षा की तो लखनऊ मंडल की 51 ग्राम पंचायत में बाहर से भुगतान करना पाया। इनमें हरदोई की दो, लखीमपुर खीरी की 27, लखनऊ की एक, रायबरेली की एक, सीतापुर की 14, उन्नाव की छह ग्राम पंचायत हैं। शासन के निर्देशों का उल्लंघन पर संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक व प्रधान पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# चुनावी राजनीति में 'मंगलसूत्र' की खींचतान

## मंगलसूत्र के मुद्दे को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच आरोप-प्रत्यारोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रियंका के बाद डिंपल ने मंगलसूत्र पर दी दुहाई तो एनडीए समर्थित महिलाओं ने इस पर मांगा हिसाब**





**अमृत विचार :** मोदी की गारंटी से लेकर हिंदू-मुसलमान, अयोध्या, घुसपैठिया, जाति जनगणना जैसे गूंज रहे मुद्दों के बीच अचानक चुनाव में 'मंगलसूत्र' हावी हो गया लगता है। कांग्रेस के घोषणा-पत्र से निकले मंगलसूत्र (मुद्दे) को झपटने की मानो एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच खींचतान मची हो। विषय महिलाओं से जुड़ा है नतीजतन, इंडी खेमा जहां मंगलसूत्र की दुहाई दे रहा वहीं, एनडीए समर्थित खेमे की महिलाएं उन्हें इसके लिए जवाबदेह ठहरा रही हैं। कुल मिलाकर देश की करोड़ों महिलाओं का मंगलसूत्र मौजूदा लोकसभा चुनाव के संघर्ष में नया मुद्दा बनकर उभरा है।

दरअसल, सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में दर्ज विरासत टैक्स पर सवाल खड़े करते हुए आमजन को समझाया कि ये आपका मंगलसूत्र तक बचने नहीं देंगे। फिर क्या था, इस बार मंगलसूत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लपका। प्रियंका ने कहा, मेरी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हो गया। सच्चाई यह है कि ये (भाजपा) लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। बस इसके बाद तो मुद्दे की छीनाझपटी की तरह दोनों खेमों के नेताओं का मंगलसूत्र पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया। ऐसा लगता है कि इसके आगे सारे मुद्दे भी कहीं गौण हो गए।

अमेठी से चुनाव लड़ रहीं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने भी वहां की एक जनसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्त्रियों के गहनों को लेकर आमजन को कांग्रेस की मंशा बतायी। वहीं, मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए सवाल किया कि उन जवानों की पत्नी के मंगलसूत्र किसने छीने?

अब इस तीखी राजनीतिक बयानबाजी के बाद सपा नेत्री डिंपल यादव उन महिलाओं के निशाने पर आ गई हैं, जिनके पतियों की हत्या उस दौरान हुई, जब सपा की सरकार थी। डिंपल के सवाल पर पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय, प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल और वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने पलटवार किया और अपने-अपने मंगलसूत्र का हिसाब डिंपल यादव से मांगा।

अतीक अहमद गैंग का शिकार बने प्रयागराज के अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि मेरी जैसी कई बहनों का मंगलसूत्र सपा पोषित माफियाओं ने छीना है। उस वक्त डिंपल कहां थी, जब मेरे पति और दो पुलिसकर्मियों को गोलियों से छलनी किया जा रहा था। कहा कि हमारे बहादुर जवानों ने पुलवामा हमले का बदला सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए पूरी बहादुरी से ले लिया है।

वहीं, पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने भी मीडिया से साझा एक प्रतिक्रिया में कहा कि मेरे पति की हत्या के वक्त सात लोगों की हत्या हुई थी। उस वक्त लाल कृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह जैसे नेता धरने पर बैठे थे, मगर सपा का कोई नेता हमारे आंसुओं को पोंछने नहीं आया।

इसी कड़ी में वाराणसी के पूर्व डिप्टी मेयर स्व. अनिल सिंह की पत्नी सीता सिंह ने भी डिम्पल यादव के बयान पर कहा कि वह पुलवामा मामले में न बोलें तो अच्छा होगा। क्योंकि पुलवामा को लेकर मोदी सरकार बेहतर ढंग से हिसाब किताब कर रही है। स्पष्ट है कि, राष्ट्रीय बहस के बन चुके इस विषय को प्रदेश की खास महिलाओं ने भी पकड़ लिया है।

## वर्ग पहेली-52

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5. 1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)–पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7. 1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

**ऊपर से नीचे**


1. शराब, दारू, मद्य।

2. 1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।




**वर्ग पहेली -51 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झु | टुं | ग | ■ | 2 ख | रों | 3 ट |
| र | ■ | ■ | 4 अं | ■ | ■ | क |
| मु | ■ | ■ | ध | ■ | ■ | टो |
| ट | ■ | 5 दु | का | न | दा | र |
| ■ | 6 लाँ | ग | र | ■ | ■ | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 ले | ला | ■ | 8 भा | र | शि | व |

## सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | 6 | | | 6 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

**सुडोकू -130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**वृष** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन** – आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

**सिंह** – आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

**तुला** – आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।


**धनु** – आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कुंभ** – आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**मीन** – आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पूर्व। **ऋतु**–ग्रीष्म।
चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुर्म – सुबह : 08.39
सिंबा – शाम : 06.11

SONY PIX
स्पाइडर-मैन 2 – सुबह : 09.55
रैमपेज – शाम : 05.00

&pictures
तारा रम पम – सुबह : 09.36
बेल बॉटम – रात : 09.08

ZEE CINEMA
ये साली आशिकी – सुबह : 08.40
ऊंचाई – रात : 09.30

colors CINEPLEX
रंगून – सुबह : 09.23
ओएमजी 2 – रात : 09.31

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर पर रात : 09.08 बजे

## जोक्स ऑफ द डे


दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।
पहला – हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं
दूसरा – अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर– मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र– जी सर
टीचर– भारत की राजधानी बताओ?
छात्र– फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।


### 2009 में दलों का मत प्रतिशत




### 2014 में दलों का वोट शेयर




### 2019 में दलों का वोट शेयर




### फतेहपुर सीकरी 2019 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | राजकुमार चाहर | 6,67,147 |
| कांग्रेस | राज बब्बर | 1,72,082 |
| बसपा | श्रीभगवान शर्मा | 1,68,043 |

**10** प्रत्याशी इस बार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं

## फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट

# यहां जीत का मंत्र वोट बैंक बुलंद

- पिछली बार करीब पांच लाख वोटों से जीतने वाले भाजपा सांसद के सामने इस बार सजातीय मतों और समर्थकों को साधने की कठिन चुनौती
- बसपा ने ब्राह्मण और कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारकर मुकाबला बनाया रोचक, भाजपा विधायक के पुत्र ने बागी के रूप में ठोंकी रखी है ताल



दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** फतेहपुर सीकरी का नाम आते ही बुलंद दरवाजा याद आता है। 2008 में हुए परिसीमन के बाद आगरा से निकल कर बना फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र प्रमुख पर्यटक स्थल है। यहां स्थित बुलंद दरवाजा, जामा मस्जिद, सलीम चिश्ती का मकबरा और जोधा बाई के महल को देखने हर रोज देश -दुनिया से तमाम सैलानी आते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर की जीत भी बुलंद दरवाजे जैसी ही बड़ी थी। वह 4.95 लाख वोटों से जीते थे। इससे पहले 2009 में यहां हुए पहले चुनाव में जाटव और मुस्लिम मतों के साथ ब्राह्मण मतदाताओं का समीकरण बनकर बसपा की सीमा उपाध्याय सांसद बनी थीं। उनके मुकाबले में उतरे सिने स्टार रहे कांग्रेस प्रत्याशी को हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि राजबब्बर बहुत कम वोटों से हारे थे। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अपने सासंद राजकुमार चाहर पर ही फिर से भरोसा जताया है। बसपा ने एक बार फिर 2009 वाला दांव चला है। पार्टी ने जीत का आजमाया फार्मूला दोहराते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा को मैदान में उतारा है। ऐसे में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता बाहुल्य मानी जाने वाली इस सीट पर कांग्रेस ने क्षत्रिय प्रत्याशी के रूप में रामनाथ सिकरवार को उतारकर यहां लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा से जाट, बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी के बीच जातीय समीकरणों के हिसाब से गोलबंदी और सेंधमारी की कोशिशें तेज हो गई हैं।

फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर अभी तक दो बार ही लोकसभा चुनाव वर्ष 2009 और 2014 में हुए हैं। इनमें पहली बार बहुजन समाज पार्टी और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी थी। लेकिन पिछली बार रिकार्ड मतों से जीतने वाले भाजपा सांसद और किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार चाहर के सामने इस बार सबसे बड़ी चुनौती अपने जाट समुदाय को ही एकजुट रखने की आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनके खिलाफ जाट समुदाय के ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर सिंह ने पहले मोर्चा खोला फिर भाजपा विद्रोही के रूप में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन करा दिया। पहले माना जा रहा था कि आखिरी वक्त तक रामेश्वर का नामांकन वापस करा लिया जाएगा लेकिन जब इसमें सफलता नहीं मिल पाई तो भाजपा के बड़े नेताओं का दबाव पड़ा। बताते हैं चौधरी बाबूलाल को नेतृत्व ने दिल्ली तलब किया था। अब कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत के बाद विधायक और उनके पुत्र को मना लिया गया है। अब इस बगावत और मान-मन्नौवल में बात कितनी बनी है, इसका पता तो अगले दो-तीन दिन में चलेगा, लेकिन इतना जरूर है कि इस घटनाक्रम से भाजपा प्रत्याशी के चुनावी अभियान में ऐसा डेंट लग गया है, जिससे फतेहपुर सीकरी का चुनावी संग्राम रोचक हो गया है।

### मतदाताओं का अनुमानित जातीय आंकड़ा

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 2.90 लाख |
| जाट | 2.40 लाख |
| क्षत्रिय | 2.95 लाख |
| जाटव | 2.0 लाख |
| लोधी | 1.40 लाख |
| मुस्लिम | 85 हजार |
| वैश्य | 90 हजार |
| निषाद | 1.20 लाख |
| कुशवाहा | 1.15 लाख |

### जीत के जातीय समीकरण में सेंधमारी बचाने के लिए चाहर बहा रहे पसीना

पहले बारतीय जनता पार्टी के लिए आसान मानी जा रही फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट तेजी से बदले हालात में कड़ी टक्कर में फंसने की तरफ मुड़ गई है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि अगर बाजपा के पाले से जाट समुदाय के थोड़े भी वोट कटते हैं, तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि राजकुमार चाहर के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि जाट मतदाता बंटेंगे, इसे लेकर तमाम लोगों को संदेह है, क्योंकि बिरादरी के लोग सांसद की कार्य शैली से नाराज भले हों पर मोदी और योगी के नाम पर और इस बार रालोद का साथ होने से भाजपा को ही वोट देने की बात कहते नजर आते हैं। लेकिन बातचीत में कहते हैं कि भाजपा को जाटों के बाद ब्राह्मणों और क्षत्रियों के साथ वैश्यों का वोट बहुतायत में मिलता है। इस बार बसपा से ब्राह्मण और कांग्रेस से क्षत्रिय प्रत्याशी होने से मौजूदा सांसद चाहर को पसीना बहाना पड़ रहा है।

## अदावत भले नई नजर आए पर बात पुरानी है...

भाजपा के मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर और भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल की अदावत करीब 10 साल पुरानी है। जानकारों का कहना है कि इसकी नींव 2014 के लोकसभा चुनाव में पड़ी थी। चौधरी बाबूलाल भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका आरोप है कि उस समय राजकुमार चाहर ने उनके विरोध में कागारौल में पंचायत की थी। लेकिन इसके बाद भी वे सांसद बने थे। बाद में यह अदावत तब और सुलग उठी जब 2019 में चौधरी बाबूलाल की जगह पार्टी ने राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बना दिया। बाबूलाल इसीलिए कहते रहे हैं कि उनका विरोध प्रत्याशी से है। राजकुमार चाहर के अलावा किसी भी समाज के प्रत्याशी के लिए वे तन, मन और धन से समर्थन करेंगे। उनका विरोध पार्टी से नहीं, सिर्फ प्रत्याशी राजकुमार चाहर से है। पार्टी यहां किसी दूसरे को उतारेगी तो वे और उनका बेटा विरोध नहीं करेंगे।



- इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार 2022 में विधानसभा का चुनाव खेरागढ़ से लड़ चुके हैं। सिकरवार की छवि और छाप लोगों में ठीक है। क्षत्रिय समाज में उनकी लोकप्रियता बेहतर है। उधर, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा फतेहपुर सीकरी के उदैंरा गांव के रहने वाले हैं। वह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था। विपक्ष के दोनों प्रत्याशी जातिगत आंकड़ों में भाजपा प्रत्याशी की बिरादरी जाट समुदाय से संख्या में भारी नजर आते हैं। ऐसे में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने क्षेत्र में ताकत झोंक रखी है।



- 2019 की ही तरह 2014 के चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। चौधरी बाबूलाल चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। उन्होंने बसपा की सांसद सीमा उपाध्याय को करीब पौने दो लाख मतों से शिकस्त दी थी। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रहे अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहे थे। सपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहा था।

### ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य का तमगा पर जाट मतदाता लिखते जीत की पटकथा

- इस सीट को ब्राह्मण और क्षत्रिय बाहुल्य माना जाता है। यहां करीब तीन लाख ब्राह्मण और इतने ही क्षत्रिय मतदाता होने का अनुमान है। जाट मतदाता ढाई लाख के आसपास बताए जाते हैं। इसके बाद दलित समाज में जाटब बिरादरी का दो लाख तक वोट है, जिसका बड़ा हिस्सा परंपरागत रूप से बसपा के साथ रहता है। लोधी मतदाता 1.40 लाख तो मुस्लिम मतदाता 85 हजार माना जाता है। जाट समुदाय का वोट लोग यहां निर्णायक मानते हैं।

# जालौन-गरौठा : यहां 1984 से बंद पड़ा कांग्रेस का खाता

अदी शेख पुखरायां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है, लेकिन कभी यह सीट कांग्रेस की मानी जाती थी। इस सीट पर कांग्रेस की उपस्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक हुए 16 लोकसभा चुनावों में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है। लेकिन 1984 के बाद कभी इस सीट पर कांग्रेस का खाता नहीं खुल सका है। इस बार जालौन-गरौठा सीट से भाजपा ने मोदी सरकार में मंत्री और पांच बार के सांसद भानू प्रताप वर्मा को ही उतारा है। बसपा ने सुरेश चंद्र को मैदान में उतारा है। वह बसपा बुंदेलखंड के प्रभारी रह चुके हैं। सपा से नारायण दास अहिरवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आजादी के बाद यहां सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। जिसमें कांग्रेस के लोटनराम पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। हैट्रिक लगाते हुए चैधरी रामसेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा और पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को इस सीट पर हार मिली। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर लड़े रामचरण यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और दोनों बार यहां से कांग्रेस के नाथूराम व लच्छीराम ने चुनाव जीता।1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की।फिर इस सीट पर दोबारा कभी कांग्रेस ने वापसी नहीं की। हालांकि 1991 के चुनाव में जनता दल से भाजपा ने यह सीट छीन ली और बीजेपी के गया प्रसाद कोरी सांसद बने।1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा ही जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक पूरी नहीं करने दी लेकिन साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की। वर्ष 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते, लेकिन 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सिंह सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2,87,202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भानू प्रताप वर्मा ने एक बार फिर इस सीट पर विजय हासिल की।

# कांग्रेसियों की चुप्पी को मुफीद मान रही भाजपा

## फर्रुखाबाद सीट

- बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय और सपा से डॉ. नवल किशोर मैदान में
- भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे हैं मुकेश राजपूत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद या उनके परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी सपा के हिस्से में यह सीट आई है। पार्टी ने यहां से डॉ. नवल किशोर को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने छात्र नेता क्रांति पांडेय पर विश्वास जताया है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत जहां हैट्रिक लगाने के लिए कसरत कर रहे हैं तो सपा- बसपा उनकी जीत रोकने के लिए चक्रव्यूह भेदने में जुटी हुई हैं। यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की चुप्पी को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है।

भाजपा ने पहली बार इस सीट पर 1996 में कब्जा किया था। राम मंदिर लहर में साक्षी महाराज जीते थे। 1998 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में यह सीट भाजपा नहीं जीत पायी। मोदी लहर में 2014 में भाजपा के खाते में यह सीट गई तो 2019 में भी मुकेश राजपूत लगातार दूसरी बार जीते। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा का पलड़ा इस सीट पर भारी है। पार्टी ने चार विधानसभा जीतीं हैं तो उसकी सहयोगी अपना दल के हिस्से में एक सीट आई थी। अब भाजपा पिछले चुनावों का न सिर्फ जीत की हैट्रिक बनाना चाहती है बल्कि उसकी कोशिश है कि जीत का अंतर भी बड़ा हो।

## हमने चुना सांसद



मतदान का फैसला तो चार जून को आएगा, लेकिन बुलंदशहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद बाहर निकली महिलाओं और युवाओं ने कुछ इस अंदाज में उत्साह का प्रदर्शन किया मानो उन्होंने मतदान का अधिकार जीत लिया।



रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पत्नी चारु के साथ मथुरा में किया मतदान।



मथुरा में साधु- संतों ने भी मतदान किया। अमृत विचार

## इटावा लोकसभा क्षेत्र

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा इटावा लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार कर चुकी है जीत दर्ज

# मुलायम के घर में दिलचस्प हुई भाजपा की हैट्रिक रोकने की लड़ाई

**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का गृह जिला होने के चलते इटावा के नतीजों को सैफई परिवार की साख से जोड़ा जाता है। इस बार भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को ही मैदान में उतारा है। सपा ने जितेंद्र दोहरे को सीट वापस लाने और भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी दी है। बसपा ने हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह को टिकट देकर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।

वर्ष 1999 से 2009 तक सपा ने यहां लगातार तीन बार जीत दर्ज की। हालांकि 2014 में भाजपा ने सपा के जीत का सिलसिला तोड़ा और 2019 में भी जीत का सिलसिला कायम रखा। बसपा यहां केवल 1991 में तब जीती थी, जब उसके संस्थापक कांशीराम उम्मीदवार थे। इस चुनाव में मुलायम ने भी उनका साथ दिया था।



### भाजपा लगा रही पूरा जोर

भाजपा इटावा सीट पर कमल खिलाने के लिएपूरा जोर लगा रही है। सैफई में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा के बाद इटावा में 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में पहले ही सभा कर चुके हैं। इटावा में अनुमानित जातिगत आंकड़ों की बात करें तो दलित वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है। इसके अलावा यादव, लोधी और शाक्य वोटर भी चुनाव में अहम भूमिका निभाते हैं। यहां दलित वोटर करीब 4 .50 लाख, ब्राह्मण वोटर 2 लाख 50 हजार, यादव मतदाता 2 लाख 25 हजार, लोधी 1 लाख 20 हजार, शाक्य 1 लाख 25 हजार, पाल बघेल 1 लाख 10 हजार, अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या करीब 1 लाख 25 हजार है।

**भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने निर्दलीय उतरकर चर्चाओं को दिया जन्म :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के खिलाफ उनकी पत्नी मृदुला कठेरिया ने नामांकन करा दिया है। मृदुला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा है। उनका कहना है कि इस बार नामांकन वापस लेने के लिए पर्चा नहीं भरा है। पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। मृदुला कठेरिया ने कहा कि जनतंत्र, प्रजातंत्र और लोकतंत्र में सभी लोग स्वतंत्र हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मृदुला ने निर्दलीय नामांकन किया था, लेकिन उस समय उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया था। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया आगरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर हैं। वह आगरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें इटावा से चुनावी मैदान में उतारा और रामशंकर तीसरी बार सांसद बने थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को करीब 65 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

दलित उपजाति धानुक समुदाय से आने वाले राम शंकर कठेरिया को 2014 में भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया था। वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।

**18 लाख से ज्यादा मतदाताओं में 25 हजार पहली बार देंगे वोट:** इटावा लोकसभा में कुल 18 लाख 23 हजार 732 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 81 हजार 602 पुरुष मतदाता और 8 लाख 42 हजार 97 महिला मतदाता हैं। नए मतदाता जो पहली बार वोट डालेंगे, उनकी संख्या 25 हजार 367 है। 14 हजार 763 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के 14 हजार 808 वरिष्ठ मतदाता हैं।

## इलेक्शन बायस्कोप



मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया। अमृत विचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

## रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

- 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

**अमृत विचार।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

### राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

### 1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58.30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।



## इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

# इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन


मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।


नीरज त्रिपाठी


उज्ज्वल रमण सिंह



### अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

### नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

### यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर, पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।


### विधानसभा का ब्योरा

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी, कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

### उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रीता बहुगुणा जोशी | 4,94,454 |
| राजेंद्र सिंह पटेल | 3,10,179 |
| योगेश शुक्ला | 31,953 |
| गिरिधर गोपाल त्रिपाठी | 10,403 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामाचरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957, 62 | लालबहादुर शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | हरि कृष्ण शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | हेमवती नंदन बहुगुणा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जनेश्वर मिश्र | जनता पार्टी |
| 1984 | अमिताभ बच्चन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1988 (उप चुनाव) | विश्वनाथ प्रताप सिंह | निर्दलीय |
| 1989 | जनेश्वर मिश्र | जनता दल |
| 1991 | सरोज दुबे | जनता दल |
| 1996, 98, 99 | मुरली मनोज जोशी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004, 09 | रेवती रमण सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | श्यामाचरण गुप्त | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | रीता बहुगुणा जोशी | भारतीय जनता पार्टी |


**2014 नोटा** 3,624 | **2019 नोटा** 7,625

### 2009 चुनाव के आंकड़े


| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | कुँवर रेवती रमण सिंह | 2,09,431 |
| बसपा | अशोक कुमार वाजपेयी | 1,74,511 |
| भाजपा | योगेश शुक्ला | 60,983 |
| कांग्रेस | श्याम कृष्ण पांडे | 33,027 |

**2024**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 16,93,443 |
| पुरुष | 9,27,964 |
| महिला | 7,65,288 |
| अन्य | 191 |




### अपनी ढपली अपना राग


आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों।
– योगी आदित्यनाथ


भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए।
-असदुद्दीन ओवैसी


कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।
-ब्रजेश पाठक


कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए।
-रामगोपाल यादव


उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए।
-पल्लवी पटेल

# कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

## एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

### भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

### समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा



2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

**वर्ष 2009** के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म

### केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

## धीमा मतदान कराया ताकि मुस्लिम मतदाता वोट न डाल सकें: राजेंद्र चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी ईवीएम खराबी की पहले की तरह कई जगहों से खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि, गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके।

सपा नेता के मुताबिक, लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी। अमरोहा में पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भगाती रही। राजेन्द्र चौधरी ने कहा, सपा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल सभी शिकायतों से अवगत कराकर उनसे तत्काल आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

## चुनावी चक्कर

- इन वोटर्स के लिए राष्ट्रीय मसले नहीं क्षेत्रीय समस्याएं बड़ी :

लोकसभा चुनाव में जहां राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, वायदों को लेकर मतदाताओं को ललचा रहे हैं वहीं, तमाम मतदाता ऐसे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय मसलों से नहीं अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से मतलब है। ऐसे मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के चक्कर में नहीं फंस रहे। ताजा उदाहरण मथुरा का है। जहां गांव बंडपुरा के मतदाताओं ने शाम देर तक मतदान बहिष्कार किया। दरअसल, यहां ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं के विरोध में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। यहां तक कि, ग्रामीणों को मनाने चुनाव आयोग के अधिकारीगण तक पहुंच गए। लेकिन वे भी काफी देर पंचायत करने के बाद भी ग्रामीणों को समझा नहीं सके। ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में आजादी के बाद से आज तक सांसद, विधायक निधि या किसी विभाग ने कोई विकास नहीं कराया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने इसके उदाहरण में माइनर की सफाई, जर्जर पटरी, गांव की सड़क, नाली, जर्जर विद्युत तार, पेयजल की समस्या जैसे उदाहरण दिए। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे कोई भी चुनाव हो नेता आते हैं और बड़े-बड़े वायदे करते हैं, चुनाव जीतते ही उनका अपने वायदों से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जब ऐसे मुकर जाते हैं तो हम भी मतदाता है हम भी अपने अधिकार को जानते है, हमारी कोई नहीं सुनेगा तो हम भी किसी की नहीं सुनेंगे।

## पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

# कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा मिटी दिलों की दूरी



**पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

### असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दरांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

### त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

### असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35 .40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36 .05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35 .44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

### किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

**36.05 %**
2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

**35.44 %**
वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

**7.8 %**
वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को


किरन रिजिजू।


गौरव गोगोई।


अगाथा संगमा।

**25**
पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

**19**
एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

### कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

### मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

### मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

### सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिकिक्म में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी



- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।

## हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार


राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।


वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दरांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।


युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरू में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

## दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

**पटना।** पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

## लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व



यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

**बिलासपुर संसदीय सीट** | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

# बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।



### आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

### आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 1000 फ्लैग– 1110 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 900
**रामपुर :** शिवालिक–990 फ्लैग– 1105 डीएमओ–885 बोल्ड–1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450–55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,550 |
| सोना रवा | 73,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,300 |
| चांदी (999) | 83,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 82,550 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72000 |
| सिल्वर (पक्की) | 814 (अनुमानित) |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350–2500, आर. आर.21 2550–2600, गेहूं फारम 2600–2700, जौ 2000 –2100, ज्वार 2000 –4000, बाजरा 2100–2150, दमकाई 2200 –2400, चना 5800 –5900, अरहर 9000 –10000, मसूर 5500 –5600, मटर 3700 –4000, उड़दहरा 11000 –11800, उड़दकाला 6000 –8000, मूंग 8500 –8800, अरहर फूल 15700–15800, अरहर स्पेशल 13800–14000, चना दाल 7300–7450, मटर दाल 4950–5050, मसूर मलका 7100–7150, मसूर दाल 7300–7350, उड़द दाल 9500– 13000, उड़द धोवा 10700– 13250, मूंग दाल 9500 –10500, मूंग धोवा 10000–11500, अरवा 2000 – 2300, बासमती न01. 8500 – 10000, सेला 2500 – 3000, बासमती न02. 6500 – 7500, आटा 1380–1430, मैदा 1350–1400, सूजी 1410–1430, शाहपसंद 1325–1350, लाही 4900– 5000, अलसी 4500 –4600


# पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

## बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में



641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही।

### अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

# अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने



- विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

# भारत की जीडीपी 6.6% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर



- डेलॉयट इंडिया ने कहा- निर्यात में तेजी व पूंजी प्रवाह होंगे मुख्य कारक

दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की संभावना है। मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

# लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

### आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है। इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा भी शामिल थे।

### गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में डीएलएफ फेज –3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने वहां पहुंचकर पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर एक टीम पहुंची और बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 102 वर्ष के बुजुर्ग ने युवाओं के लिए नौकरियों की आस में डाला वोट

**जम्मू।** जम्मू सीट के लिए शुक्रवार को 102 साल के बुजुर्ग ने रियासी केन्द्र में मतदान किया और उम्मीद जताई कि नयी सरकार युवाओं के लिए नौकरियां लाएगी, जिससे केन्द्र शासित प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू संसदीय क्षेत्र में मतदान शुरू हुआ, जिसमें 17.81 लाख से अधिक मतदाता 22 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। हाजी करमदीन (102) ने रियासी में मतदान के बाद कहा कि यह युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। वे खाली बैठे हैं क्योंकि नौकरी नहीं है। वयोवृद्ध करमदीन को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए थे और पीठासीन अधिकारी ने उनका स्वागत किया।

### खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस के अनुसार उन्होंने एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के सामने उसने खुद को एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई। जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

## 26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

**मालदा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है।



मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।

### मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

**अररिया-मुंगेर।** प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

# आतिशबाजी से लगी आग में छह लोगों की गई जान

**दरभंगा, एजेंसी**

- बिहार के दरभंगा जिले में हुआ हादसा मरने वाले एक ही परिवार के लोग
- घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों के उपचार के दिए निर्देश

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है।

कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई।

दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शवों को दरभंगा मेडिकल कालेज ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी, बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था, बारातियों ने वहां आतिशबाजी की, जिससे पंडाल में आग लग गई। आग लगने से वहां रखे रसोई सिलेंडर में विस्फोट हो गया, आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

# महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे 'दलित विरोधी' कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना पर 'संविधान की हत्या' करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसके बाद महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी।

एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया। पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री संवैधानिक कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते इसलिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकती। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव स्थगित किया गया।

# संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

- तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

# अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

# बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

# स्याही लगी उंगली दिखाओ मुफ्त में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी



बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।

# द. भारत में जल संकट, 17% जलाशय स्तर घटा

नई दिल्ली, एजेंसी




गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और क्षेत्र में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली।

दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

### भारत में जल संकट का गंभीर खतरा

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50% से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है।

### 75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टीवेशन: एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

## एक नजर

### पुलिस की वर्दी पहन बुरी फंसीं मरियम, नाराज शख्स कोर्ट पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई हैं। दरअसल, गुरुवार को लाहौर में पासिंग आउट परेड में भाग लेने के दौरान मरियम ने पुलिस की वर्दी पहनी थी, जिसके खिलाफ सत्र अदालत में याचिका दायर कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि मरियम नवाज का एक पुलिस अधिकारी की वर्दी पहनना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि किसी को भी आधिकारिक राज्य संस्थान की पोशाक पहनने की अनुमति नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सीएम मरियम की पुलिस से शिकायत करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट: पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है।

### श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

### वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

**हनोई।** वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

# विकास का बुनियादी वाहक डिजिटल परिवर्तन

## यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद रूचिरा कंबोज व अमिताभ कांत।

### सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

### भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

### भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक: डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों के लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

# अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता भूलकर संबंध मजबूत करने में जुटे

बीजिंग, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने जिनपिंग से की मुलाकात

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मतभेदों के बावजूद तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने चीन के सुरक्षा मंत्री वैंग शियाओहोंग से भी मुलाकात की थी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "राष्ट्रपति शी ने कहा कि उन्होंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और जीत के सहयोग का प्रस्ताव दिया। दोनों को अपने इतिहास से सबक लेकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए। मंत्रालय ने आगे कहा, यह दोनों देशों के लोगों की इच्छा है कि अमेरिका और चीन बातचीत को मजबूत करें, दूरियों को कम करने की कोशिश करें और सहयोग को आगे बढ़ाए। चीन एक समृद्ध और संपन्न अमेरिका को देखकर खुश है।

### सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## तेलंगाना में परीक्षा परिणाम से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने 48 घंटों में की आत्महत्या

**हैदराबाद, एजेंसी।** परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो लड़कियों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तानबाजार पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत अपनी जान दे दी। शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

### पतंग उत्सव



**पेरिस:** फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

# गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, 21 अप्रैल को हुई थी पुलिस की कार्रवाई

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। कार्रवाई के दौरान एक अधिकारी को चोट लगी है जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कयिा गया है। वहीं, दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही उपचार किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि आगे जांच की जा रही है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि मृतक सचिन पर आरोप था महिला को कुचल दिया था, वह उसकी रूममेट थी। उन्होंने कहा कि पुलिस को आगे के तथ्य जानने के लिए अभी बॉडीकैम फुटेज देखना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि सचिन को बाइपोलर डिसऑर्डर था। वो 10 साल से इस बीमारी से पीड़ित था। सचिन में सिजोफ्रेनिया के लक्षण भी थे, जबकि पूर्व पत्नी गोल्डस्टीन ने सचिन को एक महान पिता बताया।

## भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित देश है अमेरिका: एरिक

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं।

गार्सेटी ने यह जवाब उस सवाल के जवाब में दिया, जिसमें पूछा गया था कि जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके जवाब में गार्सेटी ने कहा कि हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

**फैसला** दिल्ली हाईकोर्ट ने बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार पर पति की तलाक की अपील पर की टिप्पणी

# वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता

नई दिल्ली, एजेंसी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। उच्च न्यायालय ने अपनी अलग रह रही पत्नी से क्रूरता के आधार पर तलाक के अनुरोध संबंधी पति की अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाये गये अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती। व्यक्ति ने कहा है कि वह अपनी पत्नी से सितंबर 2004 में मिला था और अगले साल उसने शादी कर ली। इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि जब वह शराब के नशे में था तब महिला ने उसके साथ यौन संबंध बनाने के बाद उस पर शादी करने का दबाव डाला और बाद में उसे बताया कि वह गर्भवती है।

इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पत्नी आत्महत्या करने की धमकी देती थी और उसके कई पुरुषों के साथ अवैध संबंध थे। महिला ने हालांकि दावा किया कि उसका शारीरिक उत्पीड़न किया गया क्योंकि वह बच्चे पैदा करने में सक्षम नहीं थी और उसकी सहमति के बिना उसकी कई जांच कराई गई। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चों को जन्म न दे पाने के कारण उसे ताने दिए जाते थे और उस व्यक्ति के परिवार का उद्देश्य केवल उससे पैसे ऐंठना था।

### पीड़िता बोली-बेटी के जन्म के बाद टूटा दुखों का पहाड़




महिला ने कहा कि 2008 में उसके बेटे के जन्म के समय उसका पति असंवेदनशील था और जब 2010 में बेटी का जन्म हुआ तो उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि उस व्यक्ति और उसके परिवार को लड़की स्वीकार्य नहीं थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपनी नौकरी छोड़ने के बाद वह व्यक्ति परिवार की जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा और पत्नी को न केवल वित्तीय बोझ झेलना पड़ा, बल्कि बच्चों की देखभाल और घरेलू जिम्मेदारियों के लिए भी संघर्ष करना पड़ा।

## दिल्ली में स्पाइडरमैन की पोशाक पहने महिला समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्लीर।** दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने के लिए पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई और चालक के खिलाफ बगैर हेलमेट, बगैर लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।



वाशिंगटन में युद्ध के विरोध में जॉर्ज वाशिंगटन विवि परिसर में तांबू तानकार बैठे छात्र।

## अमेरिका: फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विश्वविद्यालय की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। साप्ताहिक कॉलेज पत्रिका 'प्रिंसटन एलुमनी' ने बताया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

## भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।